मीठा है। चिकना है। पित्त को। वायु को खोता है। अथ हल्दी नाम॥ हरिद्रा १ रंजनी गौरी २ रजनी ३ वर्णोनी ४ पिराडी पीता ५ वरा वती ६ निशा ७ वरी विलासिनी ८ ॥ गुण ॥ कड़वी है तेज है रूखी है। गर्मी है। कफ को पित्त को रक्त को अच्छा करै त्वचा के दोष को दूर करै है। प्रमेह को। सूजन को। पाराडु रोग को। कोढ़ को दूर करै है॥ अथ दारु हल्दी नाम॥ दार्वी १ दारु हरिद्रा २ पीति दारु ३ पचंपचा ४ कूटकंटकी ५ पीत द्रुव ६ स्वर्गी वर्गा ७ कटंकटी ८ ॥ गुण ॥ इस के गुण भी हल्दी की तुल्य हैं और विशेष करके आंख और कान और मुंह के रोगों को दूर करती है॥ अथ पवांड़ नाम॥ प्रपुन्नाड १ एकगज २ चक्रमर्दन ३ कंडूघ्न ४ मर्दक ५ मेष ६ कुसुम ७ कुष्टकृतन ८ ॥ गुण ॥ हलका है मीठा है रूखा है पित्त को १ बादु को २ कफ को ३ दम को ४ कुष्ट को ५ दाद को ६ कृमि को दूर करै है ७ और दिल को कुव्वत करै है ८ ठंढा है और फल उसका गर्म है कुष्ट को ९ खुजली को १० दाद को ११ विष को दूर करै है कुव्वत पैदा करै है इतने इसमें गुण हैं॥ अथ बाकुची नाम॥ बाकुची १ चन्दुका २ सोम वल्ली ३ पूति फला ४ वरा ५ सोम राजी ६ कृष्ण फला ७ वल्गुजा ८ काल मेषिका ९ ॥ गुण ॥ मीठा है तेज है। पचने के समय कड़वी है। रसायनी है। काबिज़ है। ठंढी है। भोजन में रुचि उपजावै है १ सर है दिल को कुव्वत करै है ३ लोह को ४ पित्त को ५ जीते है ६ रूखी है ७ कफ को दमे को ८ प्रमेह को

९ ज्वर को १० कृमि को ११ दूर करै है और उसका: फल पित्त को पैदा करै है ॥ अथ भृङ्गरा नाम ॥ भृङ्गराज १ भृङ्गरज २ मार्कव ३ केशरंजन ४ अङ्गारक ५ ॥ भृङ्गा ६ सूर्यवल्लभ ७ ॥ गुण ॥ कड़वा है। तेज है। रूखा है। गर्म है। कफ और वायु को दूर करै है २ रुचि उपजावै है भोजन को ४ कुष्ठ को ५ आंख के शिर के रोगों को दूर करता है ॥ अथ पित्तपापड़ा नाम ॥ पर्पट १ कवचं २ रेणा पित्तहा ३ यवकुराटक ४ वरतिक्त: ५ पर्पटकं ६ प्रपं ७ वर्चम ८ कराटक ९ ॥ गुण ॥ पित्त को १ लोहू को २ सिरके फिरने को ३ प्यास को ४ कफ को ५ ज्वर को ६ दाह को ७ इन सब रोगों को दूर करै है ॥ और ठंढा है। काबिज़ है। तेज है। वायु को पैदा करै है। और हलका है। पित्त पापड़े में इतने गुण हैं। और इतनी तासीर हैं ॥ अथ पतिस नाम ॥ अति विषा १ शुक्ल कन्दा २ विषा ३ प्रति विषा ४ अपरा ५ श्याम कन्द ६ शिता शृङ्गी ७ भंगुरी ८ उप विषा ९ शाङ्की १० ॥ गुण ॥ गर्म है पाचनी है। तेज है कफ को १ पित्त को २ अती सार को जीते है ॥ काकमाची नाम ॥ काकमाची १ ध्वांक्ष मांची २ कामीची ३ जघन फला ४ रसायनी ५ वरा ६ सर्व्वतिक्ता ७ किङ्किनी ८ कटु ॥ गुण ॥ तीनों दोषों को १ सूजन २ कुष्ठ को ३ बवासीर को ४ ज्वर को ५ प्रमेह को ६ दूर करै है चिकनी है। गर्म है। मीठी है। वीर्य को पैदा करै है। दिल को कुव्वत करै। रसायनी है ॥ अथ काकजंघा नाम ॥ काकजंघा १ नदी:

काला २ काकतिक्ता ३ सुलोमशा ४ परावती ५ काकपदी ६ मदध्या ७ कामिनी ८ ॥ गुण ॥ ठंढी है । रक्त । पित्त । और कफ को २ और ज्वर को दूर करती है इतने गुण हैं ॥ सण पुष्पी नाम ॥ सण पुष्पी १ माल्य पुष्पी २ धावली ३ सन घंटिका ४ वृहत्पुष्पी ५ स्वल्प घण्टा ६ घंटा शब्दा ७ पुष्पिका ८ ॥ गुण ॥ कड़वी है पित्त को । कफ को दूर करती है । इतने इसमें गुण हैं ॥ त्रायमाणा नाम ॥ त्रायमाणा १ सुहृच्छ्राणा २ त्रायन्ती ३ गिरि सानुजा ४ बल भद्रा ५ वृहत्त्राणा ६ वापिंक ७ कृष्ण मालक ॥ ८ ॥ गुण ॥ सर है और पित्त को । ज्वर को । कफ को लोहू को । और शूल को दूर करै है ॥ अथ जाल नाम ॥ महाजालनिका १ चर्म्मरंगा २ पीत कोलका ३ आवर्त्तिका ४ विन्दु किना ५ । भांडारी ६ रक्त पुष्पिका ७ ॥ गुण ॥ तेज है जुल्लाब लावै है कफ को ३ पित्त को ४ दाह ५ उदर रोग को ६ पेट के अफरे को ७ सूजन को ८ कुष्ठ को ९ कृमि को १० ज्वर को दूर कर देता है ११ ॥ अथ सोधद्रुम नाम ॥ राध्रुति रीट १ कानान २ तिल्वक ३ सतना द्रुम ४ ॥ गुण ॥ जुल्लाब है मीठा है । नेत्रों को गुण करै है २ कफ को ३ पित्त को ४ रक्त पित्त को ५ लोहू को सूजन को ७ अतीसार को ८ दूर करै है । कसैला है । और फूल उसका मीठा है । काबिज़ है तेज है कफ के पित्त को दूर करै है ॥ अथ विधारा नाम ॥ वृद्धदारु १ महा श्यामा २ जाङ्गली ३ दीर्घ मूलक ४ अन्त कोटर पुष्पा ५ अवेगी ६ छांग लांगी ७ ॥ गुण ॥ कसैली है । गर्म है । तेज है । रसायन है कुव्वत करै है । वा

य को १ आम वात को २ लोहू को दूर करै है। और सूजन को प्रमेह को और कफ़ को इनने रोगों को जीते॥ अथ देव दाली नाम॥ देव दाली १ वृत कोसा २ देव ताड़ ३ गरा गरीं ४ जीमूत ५ नारकी ६ वेणी ७ आलनी ८ आखुविषा पहा ९ ॥ गुण॥ तेज को कफ को १ बवासीर को २ सूजन ३ पाणडु रोग ४ छर्दि ५ हिचकी ६ कृमि को ७ ज्वर को ८ दूर करै है और छर्दि को लावे है॥ हंस पादी नाम॥ हंस पादी १ हंस पदी २ रक्त पदी ३ त्रिपादिका ४ प्रल्हादनी ५ कीट सारी ६ कीट नारी ७ मधु स्रवा ८ ॥ गुण॥ भारी है.१ ठंढी है २ लोहू को ३ विष को ४ फोड़ों को ५ विसर्प को ६ दाह को ७ अती सार को ८ लूत को दूर करती है और जखम को भर लावे है॥ सोम वल्ली नाम॥ सोम वल्ली १ यज्ञ माता २ सोम क्षीरी ३ द्विज प्रिया ४ ॥ गुण॥ तीनों दोषों को दूर करै है। कड़वी है तेज है और रसायनी है॥ नाकुली नाम॥ नाकुली १ सुवहा २ सर्प नेत्रा ३ चारित पत्रिका ४ ॥ गुण॥ कसैली है। तेज है। कड़वी है। गर्म है। विष को। लूत को दूर करै है॥ वट पत्री नाम॥ वट पत्री १ मोहनी २ दीपनी ३ रेचनी ४ ॥ गुण॥ कसैली है। गर्म है। स्त्रियों की भग के रोगों को दूर करै है और उसका फल बन्धेज को हरै। वायु को पैदा करै है। कफ़ को पित्त को दूर करै है॥ अथ लजालू नाम॥ लजालू १ स्दका २ पिदनी ३ दिसी ४ गन्ध कारिणी ५ नमस्कारी ६ ससापत्री ७ समंगी ८ रक्त पादिका ९॥ गुण॥ ठंढी

है। नेत्र है। कैसली है। कफ को १ पित्त को २ रक्त पित्त को
३ अती सार को दूर करती है और भग के सम्पूर्ण
रोगों को दूर करती है इति गुण॥ अथ मूसली नाम
।मूसली १ खलनी २ ताल पत्री ३ कांचनि पुष्पिका
४ महा वृक्षा ५ दृष्ट कन्दा ६ खलेनूरी ७ ताल मूलका
८॥ गुण॥ मीठी है। गर्म है। भारी है। तेज है। रसा:
यनी है। पुष्टाई करती है मोटा करती है। गुदा के रो
गों को वायु को दूर करती है॥ अथ कौंच बीज नाम
कपि कच्छु १ स्वयं गुप्ता २ कण्डूला ३ गुरु विगहा ४
चण्डा गुप्ता ५ लाङ्गूली ६ मर्कटी ७ जहार्षभी ८॥
गुण॥ बहुत पुष्ट है १ मीठी है २ कुव्वत करै है ३ भा:
री है ४ वीर्य को पैदा करती है। बल को पैदा करै है॥
और बादी करता बहुत है॥ जीवा पोता नाम॥:
पुत्र जीवा १ गर्भ कर २ पुष्टि ३ पुत्रास्थे साधन ४।
गुण॥ भारी है पुष्ट है गर्भ को देने वाली है। २ कफ
को ३ वायु को ४ पैदा करै है॥ कंकोड़ी बांझ कंकोड़ी
नाम॥ वन्ध्या कर्कोटकी १ देवी २ कुमारी ३ विष
नाशनी ४ मनोज्ञा ५ नाग दमनी ६ वन्ध्या ७ योगे
श्वरी ८॥ गुण॥ हलकी है कफ को फोड़े को सांप
के विष को ३ विसर्प को ४ जहर को दूर करती है। ने
त्र है॥ विष्णुक्रान्ता नाम॥ विष्णु क्रान्ता १ नी
ल पुष्पी २ जया ३ पराजिता ४॥ गुण॥ कड़वी है
बुद्धि को बढ़ावे है १ कृमि को २ फोड़े को ३ कफ:
को दूर करै है ४॥ शंखाहूली नाम॥ शंखाहूली १
शंख पुष्पी २ शंख नाम्नी ३ किरीटी ४ कंचु मालि

ली ५ करहु पुष्पी ६ स्थली हिना ७ मेध्यावि विलासनी ८॥ गुण॥ बुद्धि को बढ़ावे है १ रसायनी है २ कसैली है ३ गर्म है ४ और स्वरौंन को बढ़ावे है ५ और प्रमेह को दूर करती है ६॥ अथ दूधी नाम॥ दुग्धिका १ मधु पर्णी २ क्षीरणी ३ स्वाहु पुष्पिका ४॥ गुण॥ गर्म है। भारी है। रूखी है वायु को पैदा करै है कब्ज करती है। मीठी है। गर्भ करने वाली है। सुष्ट है २ कफ को ३ कुष्ट को ४ कृमि को ५ इतनी बीमारियों को दूधी खोती है इतने गुण हैं॥ ऊंधा होली नाम॥ अर्क पुष्पी १ क्रूर कर्मा २ जल कामी ३ अलिरविका ४॥ गुण॥ कृमि को १ कफ को २ प्रमेह को ३ पित के विकार को जीते है॥ भिलावा नाम॥ भल्लात १ कनल २ भल्ली ३ वीर वृक्ष ४ अग्नि वक्त्र ५ अरंटक ६ अरुष्क ७ तपन ८ अग्निमुखी ९ धनु १०॥ गुण॥ कसैला है १ गर्म है २ मोटा है ३ हलका है ४ वीर्य को पैदा करै है ५ वायु को ६ कफ को ७ उदर रोग को ८ अफरे को ९ कुष्ट को १० बवासीर को ११ संगहणी को १२ गोले को १३ ज्वर को १४ मंदाग्नि को १५ कृमि को १६ फोड़े को १७ इतने रोगों को दूर करै है॥ चिरपोटा नाम॥ चिर पोटा १ दीर्घ पत्रा २ कुन्तली ३ तिक्तका ४ ये चार नाम है॥ गुण॥ ठंढी है। रूखी है। भेदनी है दमें को और खांसी को खोवे है॥ अथ गोमा नाम॥ क्षरणी पुष्पी १ श्वसवक्र २ पालिन्दी ३ कुंभयोनिका ४ छत्री ५ अति छत्रका ६ द्रो कौडिनी:

७ ब्रह्म सारक ८ ॥ गुण ॥ भारी है। रूखी है। मीठी है। गरम है। भेदनी है। वायु पित्त को पैदा करै है कमल वायु को स् जल को ८ कफ को १० कृमि को ११ पह रुका दश रोगों को दूर करती है ॥ ब्राह्मी ब्रह्म मराडकी नाम ॥ ब्राह्मी १ सरस्वती २ सोमा ३ सत्याह्वा ४ ब्रह्मचारिणी ५ मराडूक पर्णी ६ मंडूकी ७ त्वाष्ट्री दिव्या ८ अधिक पात बङ्क ९ मालिका १० लावराया ११ सोम वल्ली १२ ॥ गुण ॥ ठंढी है। सर्द है। मीठी है। हलकी है। बुद्धि को बढ़ावे है। रसायनी है स्मृति को: बढ़ावे है कुष्ट को ३ पाराडु रोग को ४ प्रमेह को ५ ज्वर को ६ इतनों को दूर करै है प और इतनेही गुण मंडूक पर्णी मे है मराडूकी ब्रह्मी समान है ॥ सौंचली ब्रह्म सौंचली नाम ॥ सुवर्चली १ अर्क कान्ता २ सूर्ये भक्ता ३ सुलौंडहा ४ सूर्यावर्त्त ५ रवि प्रीता ६ ब्रह्म सुवर्चला ॥७॥ गुण ॥ भारी है। ठंढी है मूत्र बहुत लावे है कफ को १ बायु को २ कुष्ट को ३ प्रमेह को ४ पथरी को ५ सोजाक को ६ ज्वर को ७ इतने रोगों। को खोवे है ॥ मत्स्याक्षी नाम ॥ मत्स्याक्षी १ बाह्लिका २ मत्स्य गन्धी ३ मत्स्यादनी ४ ॥ गुण ॥ काबिज़ है। ठंढी है २ कुष्ट को ३ पित्त को ४ कफ को ५ लोहू को ६ हरै है ॥ जल पिप्पलका नाम ॥ तोय पिप्पली १ अम्बु वल्ली २ तृरक ३ बड़ी ४ ॥ गुण ॥ दिल को कुव्वत दे है आंखों को गुण करै है वायु को बढ़ावे है हलका है ४ काबिज़ है ५ ठंढा है रूखा है लोहू को ६ दाह को ७ फोड़े को हरै है ८ काबिज़ है ॥ गोभीना

म्र ॥ गोभी १ गोजिह्वा २ गोजिका ३ दर्विका ४ खरपर्णी ॥ ५ ॥ गुण ॥ वायु को पैदा करे है ठंढी है काबिज़ है कफ़ पित्त को दूर करे है दिल को कुव्वत देवै प्रमेह को १ वायु को २ लोहू को ३ और ज्वर को दूर करती है ॥ और हलकी है इति गोभीनाम गुणाः ॥ ४ ॥ नाग दौन नाम ॥ नागाह्वा १ नाग दमनी २ गन्धा ३ भुजङ्ग पर्णी ४ ॥ गुण ॥ रंग को अच्छा करे है । लूती को और सांप के जहर को दूर करे है ॥ चिरमिटी के नाम ॥ गुञ्जा १ शिखंडिका २ ताम्रा ३ रक्तिका ४ काकन्तिका ५ खनाल्या ६ चिनकी ७ चूड़ा ८ दुमुखा ९ काकपीलुका ॥ १० ॥ गुण ॥ बालों को बढ़ावे है १ कुव्वत करे है २ भोजन की रुचि उपजावे है ३ पित्त को ४ कफ़ को ५ नेत्र रोग को ६ खुजली को ७ फोड़ों को ८ कृमि को ९ बालों के झड़ जाने को १० कुष्ट को ११ इतने रोगों को खोवे है । पुष्ट है । सुपेद चिरमटी के गुण भी इसी के तुल्य हैं इति गुणाः ॥ वरबेल नाम ॥ वल्लनरं १ दीर्घपत्र २ धीरद्रुम ३ धज्नदारक ४ ॥ गुण ॥ पथरी को १ कफ़ को २ सोफ़ को ३ वायु के दर्द को ४ दूर करे है कब्ज करे है ॥ वृन्दा का नाम ॥ वृन्दाक १ वृक्षरुहा २ गोशर ३ कामवृक्षक ४ वृक्षादनी ५ कामतरु ६ कामिनी ७ प्रदरोहिणी ८ ॥ गुण ॥ रूखी है कफ़ को १ वायु को २ लोहू को ३ फोड़े को ४ विष को दूर करता है ॥ पियाडार नाम ॥ पियाडार १ करहाट २ तीक्ष्णकोल ३ कुरंगक ४ ॥ गुण ॥ मीठी है १ ठंढी है २ सूजन को ३ पित्त को ४ और कफ़ को इतने रोगों को हरे है ॥ नकछिकनी नाम ॥ छिक्काका १ क्षवक २ तूद ३ नासा संभेदन ४ पटु ॥ गुण ॥ पित्त को

पैदा करै है १ कुष्ट को २ कृमि को ३ बायु को ४ कफ को ५। हरती है ॥ रोहेड़ नाम ॥ रोहीत १ दाड़मी पुष्पी २ रोहित ३ कूट शाल्मली ४ प्लीहार ५ रोहिणी ६ रोही ७ क्रमु ८ पारिजातक ९ ॥ गुण ॥ सर है। गोले को १ कलेजे की तिल्ली की सूजन को उदर के रोगों को दूर करता है २ ॥ मोचरस नाम ॥ मोचक १ मोचरस २ शाल्मली ३ वेष्ट केसा ४ वनियो ५ संवपिच्छ ६ मोच स्रावी ७ निर्य्यासक ८ ॥ गुण ॥ ठंढा है काबिज़ है भारी है। अतीसार को १ मरोड़ को २ आंव को ३ पित्त को ४ और लोहू को ५ और दाह को ६ इतने रोगों को दूर करता है ॥ बबरी नाम ॥ अज गन्धा १ बस्ति गन्धा २ कवरी ३ पूति चर्च्चिका ४ ॥ गुण ॥ हलकी है। खाने की रुचि उपजावै है। दिल को कुव्वत करै है। लोहू को ५ और कफ को ६ और बायु को ७ दूर करती है ॥ पिया बासा नाम ॥ सैरयक १ सहचर २ सैरेय ३ किंकरात ४ कन्टासी ५ सहचर ६ डिराड़ी सैयक ७ मृदु कंटक ८ नीलाम्लान ९ गलंवाणा १० उदन पाका ११ रक्तपुष्प १२ कुरबक १३ पीतं १४ कुरंटक १५ ॥ गुण ॥ कुष्ट को १ बायु को २ लोहू को ३ कफ को ४ खुजली को ५ विष को दूर करै है। तेज है गर्म है मीठा है बालों को बढ़ावै है चिकना है ॥ हरमल नाम ॥ श्वेत स्यन्दा १ श्वेत पुष्पी २ कटभी ३ गिरिकर्णिका ४ भिला ५ पराजिता ६ श्वेता ७ विषघ्नी ८ मेह नाशिनी ९ नील स्यन्दा १० व्यक्त गन्धा ११ नीलपुष्पी १२ गवादिनी १३ ॥ गुण ॥ श्वेत स्यन्दा दोनों ठंढी है और ग्रहों की दुष्टता को दूर करै है। गले को अच्छा करै है कुष्ट को १ शूल को २ त्रिदोष को ३ सूजन को ४ पेड़ को ५ विष को ६ दूर करै है ॥ नाल मरवार नाम ॥ इसे

र १ अक्षुरक २ धाराढ ३ कोकिलाक्ष ४ क्षुर ५ तैलकंट ६ तिक्षुरसु ७ वालिका ८ इक्षुगन्धिक ९ ॥ गुण ॥ ठंढा है पुष्ट है भारी है। वायु के रोग को १ लोहू को २ दूर करता है इतने गुण हैं ॥ कपास नाम ॥ कर्पास १ भकूद २ स्थूलं ३ कादल ४ बादर ५ पिचु ६ ॥ गुण ॥ हलका है गर्म है। वायु को दूर करै है। उसके बीज दूध को पैदा करै हैं। पुष्ट हय चिकनी है कफ को पैदा करै है और भारी है इतने गुण हैं ॥ आराम शीतला नाम ॥ आराम शीतला १ देवगन्धा २ कर्पूर ३ मदेक ३ ॥ गुण ॥ ठंढी है। कड़वी है। पित्त को और कफ को और लोहू को दूर करै है ॥ करौंदा नाम ॥ कुकुरन्द १ ताम्रचूड़ २ सूक्ष्मपत्र ३ मृदुक्षद ४ ॥ गुण ॥ कड़वी है तेज है। ज्वर को १ लोहू को २ और कफ को दूर करता है ॥ अथवामी नाम ॥ वामी १ शंखधर २ वारी ३ ब्राह्मी ४ हिमसाचिका ५ ॥ गुण ॥ सूजन को १ कुष्ट को २ पित्त को ३ कफ को इन सब रोगों को हरै है। बलामोटी नाम ॥ बलामोटी १ जया २ सूक्ष्म पत्री ३ पराजिता ४ ॥ गुण ॥ वायु को १ कफ को २ सोजाक को ३ दूर करै है और विजय को देहै ॥ शरपुंखा नाम ॥ शरपंखा १ कालशाक २ प्लीहारि ३ कलिका ४ ॥ गुण ॥ कलेजा १ तिल्ली २ नासूर ३ जहर ४ खांसी ५ दम्मा ६ ज्वर ७ इतनों को दूर करै है। तेज है। कसैली है। हलकी है। इतने गुण हैं ॥ ८ मोरशिखा नाम ॥ मयूरशिखा १ साहस्री २ मधुकसपा ३ ॥ गुण ॥ हलकी है पित्त को कफ को अतीसार को नाय तिल्ली गोले को बवासीर को कलेजे को सूजन को उदर रोग को ८ कृम को ९ इतने रोगों को

दूर करती है ॥ अथ लक्ष्मणा नाम ॥ लक्ष्मणा १ पुत्रदा २ रक्तबिन्दु ३ पुत्रा ४ भागिनी ५ ॥ गुण ॥ गर्भ की देने वाली है १ ठंढी है २ पुष्ट है ३ त्रिदोष को दूर करै है ४ इतने गुण हैं ॥ हड़ सिंहारी नाम ॥ अस्थि संहार १ कंबजु २ वल्लरी ३ कांडं ४ घरिटका ५ वज्रांगी ६ ग्रन्थिमान् ७ अस्थि शृंखला ८ ॥ गुण ॥ ठंढी है पुष्ट है २ वायु को दूर करै है । हाड़ों को बढ़ावै है ४ इस प्रकार के इसमें गुण हैं ॥ मांस रोहिणी नाम ॥ मांस रोहिणी १ अतिरुहा २ वृत्ता ३ चर्मक ४ सावसा ५ ॥ गुण ॥ पुष्ट है १ सर है २ और तीनों दोषों को यह औषधि दूर करती है ॥ दोनों आक के नाम ॥ अर्क १ सूर्याह्वय २ क्षीरी सदा ३ पुष्प ४ विकीरणा ५ मन्दार ६ वस्त को लर्क ७ रजाह ८ दीर्घ पुष्पक ९ ॥ गुण ॥ दोनों आक वायु को दूर करते हैं १ ताप तिल्ली २ गोला ३ बवासीर ४ कलेजे की सूजन ५ कफ़ ६ उदर रोग ७ कृमि ८ इतने रोग आकंस जाते हैं ॥ कनेर नाम ॥ करवीर १ श्वेत पुष्प २ अश्वहा ३ छत कुम्भक ४ रक्त पुष्प ५ परचराड ६ करवीरक ७ ॥ गुण ॥ कनेर दोनों आंख की सूजन को और कुष्ठ को २ फोड़े को ३ कृमि को ४ खुजली को ५ दूर करै है । गर्म है । जहर खाये हुये को पचास वास असर करै है इतने गुण हैं ॥ धतूरा नाम ॥ धतूरा १ कितव २ धूर्त ३ देवता मदन ४ शठं उन्मत्तं ५ । मातुल ६ तूरीं ७ तरल ८ कनकाह्वयः ॥ गुण ॥ १ नशा करै है । रंग को अच्छा करै है २ अग्नि को बढ़ावै है ३ छर्दि को लावै है ४ ज्वर को ५ कुष्ठ को ६ फोड़े को

७ खुजली को ८ कृमिको ९ विष को हरै है गर्म है। भारी है॥ कलि हारी नाम॥ कलि हारी १ विन्हमुखी २ लागर्भ पातनी ३ विशाल्या ४ हलना वीरा ५ प्रमदी ६ शुक्रपुष्पका ७ विद्यु धुक्ता ८ अति जिह्वा ९ पुष्पसंचरी १० वन्हि शिखा ११ अग्निका १२ नल पुरष्पिका १३॥ गुण॥ सर है १ कुष्ठ सोजन २ ववासीर ३ शूल ४ फोड़े ५ कृमि ६ इतने को हरै है तेज है गर्म है हलकी है पित्त को पैदा करै है। गर्भ को गिरावै है॥ घीक वार नाम॥ कुमारी १ मण्डल्ला २ माता ३ गृहकन्या ४ अतिपिच्छला ५ रसायनी ६ कण्टकनी ७ शवरी ८ वनोत्था॥ गुण॥ भेदनी है ठंढी है कलेज की तिल्ली को सोजन का १ कफ को २ अग्नि के फफोलों को ३ लोहू को ४ और त्वचा के रोगों को दूर करै है इतने रोगों को हरै है॥ भंगा नाम॥ भंगा १ गंज २ मातुलानी ३ मोहनी ४ विजया ५ जया ६॥ गुण॥ तेज है काबिज़ है हलकी है। तीक्ष्ण है। गर्म है कफ को दूर करै है १ अग्नि को दीपन करै है २ पित्त को पैदा करै है ३ मोह को मद को और वानी को बढ़ावै है ५ भंगा मे यह गुण और तासीर है॥ कांचनी नाम॥ कांचनी १ गोरा फलिनी २ काकायु काक वल्लिरी ३॥ गुण॥ दूध को बढ़ावै है। सिर के रोगों को १ और तीनों दोषों को दूर करै है॥ दूब नाम॥ दूर्वा १ शिष्प २ शीत करी ३ गोलोमी ४ शात पर्विका ५ श्वेता ६ श्वेत दण्डो ७ भार्गवी ८ दुर्मनी ९ रुही॥ गुण॥ ठंढी है १ विषर्प को २ लोहू को ३ पित्त को ४ कफ को ५ दाह को ६ इतने रोगों को खोती है॥ गंड

दूब नाम ॥ गराडदूबी १ मत्सगन्धा २ मत्स्याक्षी ३ सकुलादनी ४ ॥ गुण ॥ लोहू द्राविणी है काबिज़ है। हलकी है। दाह को १ प्यास को २ लोहू को ३ पित्त को ४ और क्षई को ५ इन को खोवै है। मूंज नाम ॥ मूंज १ छुर २ स्थूलदर्भ ३ बाणाह्व ४ ब्रह्ममेखल ५ ॥ गुण ॥ ठंढी है विसर्प को १ लोहू को २ मूत्राशय को ३ नेत्र रोग को दूर करै है ॥ नड़ नाम ॥ नल १ रन्ध्री २ पुष्पमत्त ३ धमन ४ नतक ५ पिटं ६ ॥ गुण ॥ मूत्र जो दर्द से आता हो उसको १ दाह को २ लोहू को ३ पित्त को ४ कफ को ५ विसर्पको दूर करै है। इतने गुण करै है ॥ बांस नाम ॥ वंश १ वेणु २ कीचक ३ कर्मार ४ त्वची ५ सारक ६ ॥ गुण ॥ सर है १ ठंढा है २ पित्त को ३ कफ को ४ दाह को ५ लोहू को ६ सूजन करै है और उसकी करीर भारी है भेदी है कफ को पैदा करै है। वायु पित्त को दूर करै है और बांस की जड़ भेदक है बहुत गर्म है। कफ को दूर करै है। वायु पित्त को पैदा करै है ॥ खुरासानी अजवायन नाम ॥ जवानी १ जावनी २ नोब्रा ३ रुरुष्का ४ मदकारिणी ५ ॥ गुण ॥ पाचनी है १ रूखी है २ काबिज़ ३ है भारी है ४ ॥ अथ पोस्त नाम ॥ तिलभेद १ खातिलं २ शुभ्रपुष्पलं ३ स्कल्कलं ४ ॥ गुण ॥ पुष्ट है १ बल करै है २ कफ को पैदा करै है ३ वायु को जीते है ४ उस के फल का बकला रूखा है। और सारवन है। ये गुण हैं ॥ अफ़ीम नाम ॥ आफूक १ नदसो अद्भुत २ अहिफ़ेन ३ मफ़ेनिक ॥ ४ ॥ गुण ॥ सुखावने वाली है। काबिज़ है कफ़ को दूर करै है। वायु को और पित्त को पैदा कर

तो है ॥ अफ़ीम में इतने गुण हैं ॥ छिलि हिराडानाम ॥ छिल हिंट १ महा मूल २ पाताल ३ गरुडा द्रय ४ ॥ गुण ॥ बहुत पुष्ट है १ और कफ को पैदा करै है वायु को दूर करती है इतने गुण हैं ॥

इति श्री मदन पाल विरचिते मदन बिनोद निघण्टे अभयादि वर्गः प्रथमः ॥१॥

अथ सुंठी नाम ॥ शुण्ठी १ विश्वौषधी २ विश्व ३ कटभद्र ४ कटूत्कट ५ महौषध ६ शृंगवेर ७ नागर ८ विश्व भेषज ९ ॥ गुण ॥ भोजन में रुचि उपजावै है १ आम वात को २ कफ को ३ वायु को ४ कबज को ५ पुष्ट है ६ छर्द को ७ दम को ८ खांसी को ९ शूल को १० हृदय रोग को ११ पीलपे को १२ सूजन को १३ बवासीर को १४ अफरे को १५ उदर रोग को १६ बायु को १७ इतने रोगों को दूर करै है । पाचनी है कड़वी है । हलकी है चिकनी है गर्म है पचने के समय कड़वा स्वाद है ॥ अथ अदरक नाम ॥ आर्द्रक १ शृंगबि २ तत्कन्द ३ औषद ४ ॥ गुण ॥ सोंठही की तुल्य इस के भी गुण हैं भेदन है १ दीपन है २ भारी है ३ ॥ मिरच नाम ॥ मरिच १ बल्लिज २ तीक्ष्ण ३ मलिन ४ श्याम भूषणं ५ ॥ गुण ॥ कड़वी है १ तेज है २ दीपन है ३ कफ को ४ बात को ५ दूर करै है गर्म है ६ पित्त को पैदा करै है । रूखी है । दम को १ खांसी को २ कृमि को ३ और कच्ची मिरच पचने के समय मीठी है बहुत गर्म नहीं है । कड़वी है । भारी है थोड़ कुछ एक तेज है । कफ को प्रमेह को दूर करती है

पित्त को पैदा करती है ॥ पीपल नाम ॥ पिप्पली १ चपला २ पाला ३ मागधी ४ मगधा ५ कणा ६ कृषोपकुल्या ७ वैदेही ८ शौंडी ९ तीक्ष्णतंडुला १० ॥ गुण ॥ दीपन है पचने के समय मीठी है ठंढी है कड़वी है चिकनी है हलकी है पित्त को पैदा करै है। दस्तलावे है। कफ को १ वायु को २ दमे को ३ खांसी को ४ उदर रोग को ५ ज्वर को ६ कुष्ठ को ७ प्रमेह को ८ गोले को ९ बवासीर को १० ताप तिल्ली को ११ शूल को १२। आंव को १३ इतने रोगों को खोवे है। और हरी पीपल कफ को पैदा करै है ठंढी है। मीठी है और भारी है ॥ ऊषण चतुरूषण नाम ॥ सोंठ १ मिरच २ पीपल ३ ये तीनों मिल के ऊषण कहावे हैं और कटुक और कटुत्रय भी कहाते हैं और चौथा पीपला मूल भी पड़े तो चतुरूषण कहावे है ॥ गुण ॥ ऊषण दीपन है दमे को १ खांसी को २ त्वचा के रोगों को ३ प्रमेह को ४। कफ को ५ और गठिया को ६ चर्बी के बढ़ने को और ७ पीलिया को ८ और पीनस को ९ इतने रोगों को दूर करै है ॥ अथ पीपला मूल नाम ॥ कणामूल १ कटुग्रन्थी २ पिप्पली मूल ३ ऊषण ४ षट्ग्रन्थि ५ ग्रंथिक ६ मूल माथकं ७ चटिका शिर ८ ॥ गुण ॥ दीपन है कड़वी है २ गर्म है ३ पाचन है ४ रूखी है ५ पित्त को पैदा करै है। भेदी है ६ कफ को ७ वायु को ८ उदर रोग को हरै है ॥ चाब नाम ॥ चव्य १ चव्यन २ चविका ३ ॥ काम वाल्लिका ४ ॥ गुण ॥ इसके गुण भी पीपला मूल के तुल्य हैं परन्तु विशेष करके गुदा के रोगों को दूर क

रती है इतने गुण हैं ॥ गज पीपल नाम ॥ तत्फल १ श्रेयसी २ हस्ति मागधी ३ गज पिप्पली ४ गज कृष्णा ५ ॥ गुण ॥ कड़वी है गर्म है वायु को १ कफ को २ अतीसार को ३ दमे को ४ खांसी को गले के रोगों को ५ कृमि को ६ ॥ इतने रोगों को खोवै अग्नि को बढ़ावै है ॥ चीता नाम ॥ चित्रक १ हुतभुग २ व्याल ३ दारुण ४ दहनो हव्य ५ अग्नि पाठी ६ हविपाली ७ वह्नि नामा ८ ॥ गुण ॥ पचने के समय कड़वा है। हलका है। रूखा है। गरम है। काबिज़ है। पाचन अग्नि को पैदा करै है। संग्रहणी को १ कुष्ठ को २ सूजन को ३ बवासीर को ४ कृमि को ५ खांसी को ६ कफ को ७ वायु को ८ इतने रोगों को हरै और इस का साग कफ को हरै है और पित्त को जीते है इतने गुण हैं ॥ पंच कोल षड्षण नाम ॥ पीपल १ पीपलामूल २ चाव ३ सोंठ ४ चीता ५ इन पांचों को मिलाके पंचकोल कहाता है ॥ गुण ॥ कफ को १ अफारे २ गोले को ३ अरुचि को ४ इन सबको दूर करै है और जो इन में छठी मिरच भी पड़े तो षड्षण कहावै है ॥ सौंफ बड़ी सौंफ नाम ॥ शत पुष्पा १ मिशा २ घोषा ३ शता ४। छिच्छका ५ विमिस ६ अवाक्पुष्पी ७ अतिचित्रा ८ सैतिका ॥ मागधा १० पत्रा ११ ॥ गुण ॥ हलकी है तेज है पित्त को पैदा करै है दीपनी है गर्म है। कड़वी है। ३ ज्वर को १ वायु को २ कफ को ३ फोड़े को ४ शूल को ५ सिर के रोगों को दूर करै है ॥ और सुपेद सौंफ के गुण भी इसी के तुल्य हैं और विशेष करिके भग के रोगों को दूर करती है। सुपेद सौंफ से ये अधिक कता है ॥ सोया:

नाम.॥ मिश्रेया १ मिशि २ शालीना ३ शाली शाता ४ शिवा ५॥ गुण॥ दीपनी है गर्म है। दिल को कुव्वत करे है विष्टा के बन्द होने को १ कृमि को २ कुष्ट को ३ दूर करे है। रूखा है उसका फल खाँसी को १ छर्द को २ कफ को ३ वायु को ४ जीते है॥ मेथी वन मेथी नाम॥ मथिका १ बारति २ शिलु ३ राहित्य ४ वन मेथिका ५ गुण॥ दीपनी है दिल को कुव्वत दे है २ विष्टा के कृमि को दूर करती है ३ शूल को ४ वीर्य को ५ गोले को ६ वायु को शूल को दूर करती है॥ कफ को दूर करने में बड़ा असर रखती है॥ अजमोदा नाम॥ अजमोदा १ अत्युग्र गन्धा २ मोदा हस्ति मयूरक ३ खराह्वा ४ कारवी ५ वल्ली हस्ति मोदी ६ कर्कट ७॥ गुण॥ कड़ुवा है तेज है दीपन है कफ को वायु को दूर करे है गर्म है विदाहनी है॥ दिल को कुव्वत करे है। पुष्ट है मल को बांधे है। हलकी है नेत्र के रोगों को। कृमि को छर्द को। मूत्राशय के रोगों को दूर करे है अजमोदा में इतने गुण हैं॥ सफ़ेद जीरा स्याह जीरा कलौंजी नाम॥ जीरक १ दीर्घक २ शूल्क ३ अजा जीकण जरक ४ जरण ५ कृष्ण ६ वर्षाकाली ७ सुगन्धिका ८ कालिका ९ वाष्पिका १० कुञ्ची ११ कारवी १२ उप कुञ्चिका १३ पृथ्वीका १४ सुस्त्वा १५ पृथ्वी स्थूला १६ जाजा १७ उप कालिका १८॥ गुण॥ तीनों जीरे रूखे हैं। कड़ुवे हैं। गर्म हैं। दीपन हैं। हलके हैं काबिज़ हैं। पित्त को पैदा करे हैं। बुद्धि को बढ़ावे है। बच्चेदानी को शुद्ध करे हैं। नेत्रों को गुण करे हैं। वायु को अफरे को गोले को छर्द को मुख से पानी बहने को

होहै॥ अजवायन नाम॥ जवानी१दीपकं२दीप्य३। दीपनीया४जवानिका५जवासाह्व६उग्रगन्धा७॥ जवाह्व८ भूक दवाक९॥ गुण॥ पाचनी है। भोजन में रुचि उपजावे है। तेज है गर्म है। कड़वी है। हलकी है। वायु को१कफ को२उदर रोग को३ अफरे को४गोले को५शूल को६कृमि को७जीते है८॥ किरमानी नाम॥ जवानिया१जवानी२ क्षो हरजन्तुनाशनं३॥ गुण॥ इसके भी गुण अजवायन की तुल्य हैं। विशेष कर कृमि को हरै। बबरी नाम॥ अजगन्धा१पूतिकीट२बर्बरी३पूतिबर्बर४कारवी५खरपुष्पा६तुंगी७ पूतिमयूरिका८॥ गुण॥ कड़वी है। तेज है। रूखी है। दिल को कुव्वत करे है। अग्नि को दीप्त करे है। दृष्टि को मन्द करे है। वीर्य को वायु को कफ को दूर करती है। इतने इसमें गुण हैं॥ बच नाम॥ बच१उग्रगन्धा२गोलोमा३षड्ग्रन्था४जटिला५तपती६लोमशा७हेमवती८॥ गुण॥ गर्म है। तेज है। कड़वी है। छर्दि लावे है। कंठ की आवाज़ साफ करे है अग्नि को दीप्त करे है और मृगी को कफ को उन्माद को भूत को छाया को शूल को जीते है॥ आहुवेर नाम॥ हवुषा१विवुषा२। विस्रा विगन्धा३विश्वगन्धिका४श्वेतफला५ध्वांक्षीनाशिनी६मत्स्यगन्धिका७॥ गुण॥ दीपनी है तेज है कड़वी है गर्म है। कसैली है। भारी है। पित्त को उदर रोग को। वायु को। बवासीर को। संग्रहणी को। गोला को शूल को हरे है॥ विडंग नाम॥ विडंग१जन्तुहनन२कृमिघ्नं सुद३तन्दुला४भूतन्दुला५घोषा६कराल७मृगगामिनी८॥ गुण॥ कड़वी है। तेज है। गर्म है। रू-

ली है। अग्नि को पैदा करे है। हलकी है शूल को। अफार को उदर रोग को। कृमि को। वायु बन्द होने को हरे है ॥ धनिया नाम ॥ धानक १ धान्यक २ धान्यं ३ धनियाँ ४ वितुन्न ५ कुस्तु ६ वृह ७ दन्तुधानी ८ धानेय ९। कालिका १० ॥ गुण ॥ कसैली है । चिकनी है। पुष्ट नहीं है। मूत्र को बहुत लावे है। दिल को कुव्वत करे है भोजनन मे रुचि उपजावे है विष्टा को बन्द करे है। पाचन है। दमे को। खांसी को। लहू को। प्यास को। ववासीर। को। कृमि को दूर करे है। हरे धनिये के गुण भी इसी के तुल्य हैं विशेष पित्त को हरे ॥ हिंगुपत्री नाम ॥ हिंगुपत्री १ पृथुस्तन्वी २ पृथ्वीका ३ चारुपत्रिका ४ वाष्पिका ५ कारवी ६ पत्री विल्वका ७ जन्तुका ८ रामठी ९ नाडी १० हिंगुफला ११ ॥ गुण ॥ हिंगुपत्री दोनो दिल के और मूत्राशय के रोग के कवज को ववासीर को। कफ को गोले को वायु को हरे है ॥ हिंगु नाम ॥ हिंगु १ वाल्हीक २ अत्युग्र ३ रामठ ४ भूतनाशन ५ अगूढगन्ध ६ जन्तुक ७ शूलनाशन ८ ॥ गुण ॥ गर्म है। पाचन है भोजन पे रुचि उपजावे है तेज है। कफ को १ वायु को २ शूल को ३ गोले को ४ उदर के रोग को ५ और अफरे को ६ और कृमि को ७ इतने रोगों को दूर करे है पित्त को बढ़ावे है ॥ वंसलोचन नाम ॥ वंशजा १ वेणुवा २ क्षीरी ३ त्वगक्षीरी ४ वंशरोचन ५ तुगाक्षीरी ६ तुगावंशी ७ वंशक्षीरी ८ शुभ्रांसिता ९ ॥ गुण ॥ बल को बढ़ावे है। पुष्ट है। ठंढी है। मीठी है प्यास को दाह को खोता है। ज्वर को। दमे को।

खाँसी को। पित्त को लोहू को खोता है और कमल वायु को वायु को दूर करता है ॥ सैंधव नाम ॥ सैंधव १ सिन्धुज २ शुद्ध ३ मणि मन्थ ४ पटुत्तम ॥ गुण ॥ मीठा है दिल को कुव्वत करे है। दीपन है ठंढा है। हलका है आंखों को गुण करे है। पाचनी है चिकनी है और पुष्ट करता है। तीनों दोषों को दूर करता है ॥ सौचर नाम ॥ सौंचर १ वलं २ सुगन्धा ३ रुचिक ४ रुचिगन्धिक ५ ॥ गुण ॥ अग्नि को बढ़ावे है कड़वा है गर्म है निर्मल है हलका है डकार शुद्ध लावे है कबज़ को अफरे को शूल को जीते है ॥ विड़ नामानि ॥ विड़ १ कृत्तिम २ याकं ३ धूर्तन्दी ४ विड़मासुर ॥ ५ ॥ गुण ॥ हलका है १ गर्म है २ काविज़ है ३ शूल को ४ हृद्रोग को ५ अरुचि को ६ अफरे को ७ कफ को ८ दूर करती है वारीक स्थानों में जो वायु रुक रही होय तिस को निकासे है सामुद्र लवण नाम ॥ सामुद्र १ वारिज २ भूत मसी ३ वशिर ४ ॥ गुण ॥ दीपन है। मीठा है। बहुत गर्म नहीं है भेदन है कड़वा है कफ को पैदा करे है। वायु को दूर करे है। नर्म है रूखा नहीं है पित्तकी बीमारी को कुछ एक पैदा करता है ॥ उद्भिद लूण नाम ॥ उद्भिद १ भूमिज २ भौम ३ पार्थिव ४ पृथ्वी भव ५ ॥ गुण ॥ लोहू को पैदा करे है हलका है वायु के रोग को हरे है ॥ खारी नाम ॥ क्षीर १ पांशुभव २ खौष ३ ऊषरपा ४ शव ५ वसु ६ ॥ गुण ॥ भारी है। कड़वा है। चिकना है कफ को पैदा करे है। वायु को हरे है ॥ कच लूण नाम ॥ काच १ त्रिकूट २ पाकाह्व ३ लवण ४ काच सम्भव ५ ॥ गुण ॥

दीपन है। बहुत गर्म है। लोहू को और पित्त को बढ़ावे हैं ॥ जवा खार सानी नाम ॥ जवा खार १ सूका पाक २ यव सूक ३ यवा ग्रज ४ सर्जिक ५ स्वर्जिका ६ पाक्या ७ सुवर्च्चिका ८ सुवर्चि ९ ॥ गुण ॥ यवा खार अग्नि को पैदा करे है वायु को कफ को दमे को ३ गले के रोगों को ४ आंव को ५ ववा सीर को ६ संग्रहणी को ७ गोले को ८। कलेजे की सूजन को ९ ताप तिल्ली को जीते है। साजी में इस से थोड़े गुण हैं विशेष कर के गोले शूल को हरे है ॥ सुहागा नाम ॥ टंकण १ मालती जात २ द्रवी ३ लोह विशुद्द ४ ॥ गुण ॥ अग्नि को पैदा करे है। रूखा है कफ को दूर करे है वायु पित्त को करे ॥ शुद्ध छार नाम ॥ सुधा १ अमृता ह्वय २ सोध भूषण ३ कटु शर्करा ४। सुधा सीर ५ अग्नि सकाश ६ पाकी ७ छेदी ८ विदारणा ॥ ९ ॥ सर्व क्षार नाम ॥ पलास १ तिल नागर २ दंष्ट्रका ३ कदली भवा ४ अपा मार्ग ५ अर्क सेहुंड ६ मोष्यकादि समुद्भवा ७ ॥ गुण ॥ सार क्षार अग्नि की समान है पाचन है तेज है हलकी है गलावने वाली है। लोह। पित्त को पैदा करे है। काबिज़ है तीक्ष्ण है वीर्य को ओजको दृष्टकी नाश करे है। अफरा पीनस कलेज तिल्ली की सूजन। मुह में पानी बहने को आंव को गोले को ववा सीर को संग्रहणी को दूर करे है इति श्रीः आनन्द पाल विरचिते निघण्ट शुंठ्यादि वर्गो द्वितीयः ॥ २ ॥ × ४ × ॥ अथ कपूर नाम ॥ कपूर १ स्फटिक २ चन्द्र सिता ३ आहिम वालुका ४ हिमो पमं शीतरज ५ भूलीक ६ हिमा ह्वय ७ ॥ कपूर के गुण ॥ शीतल है। पुष्ट है। नेत्रों को गुण करे है। लेषन है। हलका

है कफ के मुंह के बुरे स्वाद को दाद को चरबी की सूजन को दूर करता है और जहर को भी हरता है इतने गुण हैं॥ कस्तूरी के नाम॥ कस्तूरिका १ मृग मद २ वेध मुख्या ३ मृगाण्डज ४ मृग नाभि स्था ५। और दूसरी लता कस्तूरि कामदं॥ गुण॥ वीर्य को पैदा करे है गरम है। जहर को। छर्दि को। दुर्गन्ध को। वायु को दूर करे है। और लौंग कस्तूरिका के भी गुण यही है॥ नेत्रों को गुण करे हैं॥ जबादि नाम॥ मार्जारी १ पूतिका २ पूती वच ३ गन्ध वल्लका ४॥ गुण॥ छर्दि को: खोवे है। आंखो को हित है कफ को वायु को जीते है; चन्दन नाम॥ चन्दन १ तिल पर्णी २ महार्ह ३ स्वेत: चन्दन॥ भद्रश्रिय ५ मलयज ६ गोशीर्ष सारक॥ ७॥ गुण॥ ठंढा है। रूखा है। तेज है खुशी को उपजावे: है। हलका है दिल को कुव्वत करे है। रंग को अच्छा करे है। जहर को कफ को। प्यास को पित्त को लोहू: को दाह को हरे है॥ रक्त चन्दन नाम॥ रक्त चन्दन १ उद्दिष्ट लोहित २ क्षुद्र चन्दन ३ ताम्र सार ४ रक्त सार ५ ज्योति: सोम रंजन ६॥ गुण॥ ठंढा है भारी है। मीठा है छर्दि को प्यास को लोहू को पित्त को जीते है। तेज है नेत्रों को गुण करे है। पुष्ट है। ज्वर को: फोड़े को और जहर को दूर करे है॥ मलय चन्दन नाम॥ कालीयक। पीत सार। पीता नारायण प्रिय॥ गुण॥ इसके भी गुण रक्त चन्दन के ही तुल्य हैं कम ज्यादा नहीं है॥ कृष्ण अगर नाम॥ कृष्ण अगरु। अगरु। राजार्ह। विश्वरूपक। जांगल। शीतम

शित्त। कृमिजग्धा। अनाजक॥ गुण॥ गर्म है कान और नासिका और आँखों के रोग को हरे। पित्त पैदा करे। हलका है॥ केसर नाम॥ कुङ्कुम। चारुबाल्हीक वर्ण। अग्नि शिखावर। काश्मीर। पीतमश्रडु। सङ्कोच। पिशितोद्भल। गुण॥ कड़ुवी है। सिरके रोगों को फोड़े को कृमि को दूर करे है। गरम है और खांसी लावे है रंग को अच्छा करे है व्यङ्ग के तीनों दोषों को हरे है॥ सिल्हाक नाम॥ सिल्हीक। कपिल। तुरुष्क। धूम्र। पिण्डित कपि॥ गुण॥ कुष्ट को खुजली को दूर करे है चिकना है। गर्म है वीर्य को और क्रांति को बढ़ावे है॥ एलुवा नाम॥ एलु वालक। एलु वालु वालुक हरी वालुक॥ गुण॥ ठंढा है खुजली को। कुष्ट को कफ को कृमि को दूर करे है। प्यास को। छर्दि। को। विष को। पित्त को। लोहू को। हृद्रोग को मूत्र को गुदा के रोगों को दूर करे है हलका है॥ जायफल नाम॥ जाती फल। जाती स्त्रज। शालूक। मालती सुत॥ गुण॥ हलका है दिल को कुव्वत करे है दीपन है पाचन है। गर्म है। कफ को। वायु को छर्दि को। कृमि को। पीनस को। खांसी को दूर करे है॥ जावित्री नाम॥ः जाति पत्री। जाति कोल। मालती पत्रिका॥ गुण॥ः हलकी है। गरम है। कफ को। कृमि को विष को दूर करती है॥ लौंग नाम॥ लवंग। शिखरदिव्य। लव चन्दनपुष्पक। श्रीपुष्प। देव कुसुम। भृंगार। वारिसम्भव॥ गुण॥ हलकी है। नेत्रों को गुण करे है दिल को कुव्वत करे है दीपन है पाचन है। शूल को। अफरे को। दमे को। खांसी को। छर्दि को। विष को

दूर करे है ॥ कङ्कोल नाम ॥ कङ्कोल । कटुक कोल । मारीच । मधवोषित ॥ गुण ॥ गरम है हृदय रोग को । कफ को वायु को मन्दाग्नि को दूर करे है ॥ छोटी इलायची नाम ॥ एला । त्रुटि । चन्द्रवाला । बहुलानिकुटी । द्विजा । कपोत वर्णा । सूक्ष्मैला । कोरराडी । द्राविड़ी । मरवी ॥ गुण ॥ छोटी इलायची कफ को । दमे को खांसी को ववासीर को । सोजाक को खोवे है ॥ ३ वड़ी इलायची नाम ॥ स्थूलेला । त्रिपुटा । कंन्या । भद्रैला । त्रिदिवोद्भवा ॥ गुण ॥ वड़ी इलायची भोजन की रुचि उपजावे है । तेज है हलकी है गर्म है कफ को पित्त को जीते है मुहसे पानी बहने को जहर को मूत्राशय को दूर करे है मुंह के रोगों को शिर के रोगों को । और छर्दि को और खांसी को दूर करती है ॥ तज दालचीनी नाम ॥ त्वच । वराङ्ग । सकल । त्वचोच्च । तरुक । वरं लाट । वर्णाघन ॥ गुडत्वक । स्वर्णभूपिक ॥ गुण ॥ हलकी है । गर्म है । कड़वी है । विसद है । मीठी है । पित्त को पैदा करे है दिल को और मूत्राशय के रोगों को वायु को ववासीर को पीनस को और कृमि को दूर करे है ॥ तमाल पत्र नाम ॥ पत्र वल्क । तापस । तमाल । रोमस ॥ गुण ॥ गरम है हलका है कफ को वायु को इतने रोगों को दूर करता है ॥ नागकेसरि नाम ॥ नागकेसरक । नाग चंपिय । नागकेसर ॥ गुण ॥ रूखी है गर्म है हलकी है आंव को पकावे है दुर्गन्ध को कुष्ट को विसर्प को । कफ को पित्त को विष को दूर करता है ॥ त्रिजातक चतुर्जातक ना

म ॥ इलाची को आदि लेके तीन वस्तु त्रिजातक।
और त्रिसुगन्ध कहावे हैं और चौथी नाग केसर।
मिले तो चतुर्जातक कहावे हैं ॥ गुण ॥ नाम ॥ ताली
स। तालीस पत्र। धात्री। वर्णी कृशोदर। अपर। गंथि
का। पत्राह्व। तुलसी दल ॥ गुण ॥ हलका है। तेज
है गर्म है दम को खांसी को कफ को वायु को दूर क
रे है। खाने की रुचि उप जावे है। गोले को आंव को
मन्दाग्नि को हर्षी को दूर करे है ॥ चिड़ नाम ॥
सरल। मदनं। चिडं। नमेरू। पीत वृक्षक। ॥ गुण ॥ ग
ले के और कान के और आंख के रोगों को दूर करे है ॥
गर्म है। हलकी है। कड़वी है ॥ श्रीवास नाम ॥ श्रीवास।
वष्टक। दासी। श्रीनिवास। कलिद्रुमंध्र ॥ गुण ॥ कफ
को। मूर्छा को नेत्र रोग को वायु के रोगों को हरे हैं ॥ नेत्र
वाला नाम ॥ वारही वेर। वालक। पिगन्ध मूलक ॥ गु
ण ॥ ठंढा है रूखा है हलका है दीपन है। पाचन है रक्त
पित्त को। ज्वर को। कफ को। दाह को। फोड़ों को और:
प्यास को दूर करता है ॥ छुड़ नाम ॥ जटामासी। भूत
केशी। क्रव्यादा। जलद शिखा ॥ कृष्ण पूतना। पेशी
। गंध। मांसी। पिशाचिका ॥ गुण ॥ ठंढा है तीनों दो
षों को दूर करे है। लोहू को। दाह को। विसर्प को कुष्ट:
को दूर करे है ॥ खस खस नाम ॥ उसीरं। अभय से-
व्यंवीर वीरण मूलकं ॥ गुण ॥ पाचन है। ठंढी है व
म्भज करे है। कफ को। पित्त को दूर करे है। प्यास को
लोहू को। विष को विसर्प को। दाह को सूजाक को:
फोड़े को हरे ॥ रेणुकाका नाम ॥ रेणुका। कपिला।

कौंती। पाण्डु पत्नी। अहरेणुका ॥ गुण ॥ पित्त को पैदा करे है। बुद्धि को अग्नि को पैदा करे है। गर्भ को गिरावे है ॥ प्रियंगु नाम ॥ प्रियंगु। फलिनी। श्यामा। १ कान्ताह्वा। नन्दिनी। लता। गुण। ठंढा है वायु को पैदा करे है। दाह को पित्त को ज्वर को लोहू को जीते है। पारियेलव नाम ॥ पारियेल। पूटधन्य। शुक्राह्व परिपलव ॥ गुण ॥ ठंढा है कुष्ट को ववासीर को कफ को पित्त को जीतता है॥ छलीरा नाम ॥ शैलेय। स्थविर। वृद्ध शिला पुष्प। शिलोद्भव ॥ गुण ॥ ठंढा है दिल को कुव्वत करता है पित्त को कफ को हरे है। हलका है ॥ उसीर भद नाम ॥ लामज्जक। जलाधार। १ दीर्घ मूल जलाशय। इष्टका। पतिक। शीघ्र। अमृणाली सुनालक॥ गुण ॥ ठंढा है सोजाक को दाह को। तीनों दोषों को दूर करता है और लोहू को दूर करता है कुन्दरु गन्द नाम ॥ कुन्दरु। मन्चक। कुदष परेभीषण। वली॥ गुण ॥ स्वेद को वायु को कफ को ज्वर को दूर करे है ॥ गुग्गुल नाम ॥ गुग्गुल। साल्न निर्यास। मोहिपाक्ष पलंक षजदायु। कौशिक। दुर्गेदव। धूप शिव पुरे ॥ गुण ॥ तेज है गर्म है। मीठी है सरे है टूट को जोड़े है पुष्ट है सूक्ष्म है रसायनी है दीपनी है चेप दार है बल को करे है कफ को वायु को फोड़े को दूर करे है चरबी को प्रमेह को लोहू को वायु को ववासीर को जीभचलाने को आंव को फुनसी को गांठ की सूजन को गलगण्ड को कृमि को दूर करता है नया बल करे है पुष्ट है पुराना गुग्गुल बहु

त लेखन है ॥ राल नाम ॥ राल । सर्ज्जरस । यक्षधूप । अग्नि वल्लभ । सराक । सालनिर्यास । लीस्मललन बर ॥ गुण ॥ ठंढी है भारी है तेज है कसैली है काबिज़ गहों को लोहू को पसीने को विसर्प को जर को फोड़े को खुजली को इतने रोगों को खोवे ॥ थुनेर नाम ॥ स्थौणेयक । बर्हिचूड़ । शुक बर्ह । शुक छद ॥ गुण ॥ ठंढा है पुष्ट है बुद्धि को बढ़ावे है ॥ तीनों दोषों को लोहू को दूर करे है ॥ चोक नाम ॥ चोरक । कितव चोंट । दुपत्र । शाँकित रिपु ॥ गुण ॥ मीठा है हलका है । ठंढा है दुष्ट वायु कफ को लोहू को जीते है ॥ मुरा नाम ॥ मुरा । गन्धवती । दैत्य गन्धाह्ला । सुरभिः कटुः ॥ गुण ॥ ठंढी है हलकी है कुष्ट । को खाज को पित्त को वायु को लोहू को जीते है ॥ ४ कचूर नाम ॥ कर्चूर । द्राविड़ । गन्धमूलक । दुर्लभ शठी ॥ गुण ॥ दीपन है भोजन की रुचि उपजावे है कुष्ट को बवासीर को फोडे को खांसी को जीते है गरम है हलका है दमे को । गोले को । वायु को कफ को । इतने रोगों को जीते है ॥ कचूर भेद नाम ॥ शटी । पलाशी । षट ग्रन्थ्या । सव्रता । गन्धमूलिनी ॥ गुण ॥ ठंढी है । ज्वर को । आंव को । लोहू को । खांसी को । ४ जीते है । हलकी है काबिज़ है ॥ स्पृक्का नाम ॥ स्पृक्का । स्पृक । ब्राह्मणी । देवी निर्माल्य । कठिल्ला । वधू ॥ गुण ॥ मीठी है ठंढी है पुष्ट है कुष्ट को तीनों । दोषों को दूर करती है ॥ ठिबना नाम ॥ माल्यपर्णी । नील पुष्प । शुक्लपुष्पा विवर्णक ॥ गुण ॥ हल ।

की है तेज है। भोजन में रुचि उपजावे है। गरम है कफ वायु को जीते है॥ नलिका नाम॥ नालिका। नासिका। शून्या। निर्वेध्या। धमनि। नटी॥ गुण॥ पित्त को लोहू को जीते है। ठंढा है आंखों को गुण करै है कुम को और सोज़ाक को जीते है॥ पद्माक नाम॥ पद्माक। मलया। चारु। पीत रक्त। सुप्रभा। गुण॥ दाह को। फफोले को। कुष्ठ को। कफ को। लोहू को। पित्त को दूर करै है गर्भ को स्थापन करै है। ठण्ढी है प्यास को विसर्प को जीते है॥ पुण्डरीक नाम॥ प्रपौण्डरीक। पौंडर्य। शतपुष्प। सुपुष्पक॥ गुण॥ वीर्य को पैदा करै है। ठंढा है। नेत्रों को गुण करै है। कफ को। पित्त को जीते है॥ तगर नाम॥ तगर बर्हिण। जिह्म। चक्राढ्य। नहुष। नत। अपर। पिंडतगर। दीपन। कटु महोगर॥ गुण॥ मीठा है चिकना है तेज है गर्म है हलका है। मूत्र को जीते है। विष को मृगी को मूर्छा को सिर के रोगों को तीनों दोषों को दूर करता है॥ गोरोचन नाम॥ गोरोचना। रुचिगोरो। रोचन पिंगला। मंगल्या। गौतमी। मध्या। गोपित। सम्भवा॥ गुण॥ गोरोचन ठंढा है। बल को जीते है। दोनों नख नाम॥ नखाढ्य। नखर शिस्नां। हनु नाग। हनुस्वर। शुक्ति शंख। व्याघ्र नख और दूसरी व्याघ्र तल॥ गुण॥ दोनों नख गर्म है और कफ को वायु को लोहू को ज्वर को कुष्ठ को जीते है। हलकी है गर्म है। वीर्य को पैदा करै है। बल को करै है। दिल को कुव्वत करै है। मीठी है विष को

दूर करै है इतने गुण हैं ॥ पतंग नाम ॥ पतंग। पट्टराग रक्त। काष्ठ कुचन्दन। सुर गन्धज। कन्यादूषतर। पट्ट रंजन। गुण ॥ मीठी है ठंढी है पित्त को कफ को फोड़े को लोहू को जीते है। लाक्षा नाम ॥ लाक्षा। निर्भत्सन। रक्ता द्रुम। व्याधि। पलंकषा। कृमिजा। जन्तु दीप्ताहा। जावक। लक्तक ॥ गुण ॥ रंग अच्छा करै है ठंढा है बल को बढ़ावै है। चिकनी है कफ को। पित्त को। लोहू को जीते है। फोड़ा जखम विसर्प कृमि को कुष्ट को मेह को दूर करै है और आलताके गुण भी इसी तुल्य हैं विशेष करिके व्यङ्ग को खोती है ॥ पापड़ी नाम ॥ पापटी। रञ्जनी कृष्णा। जननी। जनी ॥ गुण ॥ रङ्ग को अच्छा करती है ठंढी है कफ पित्त को लोहू को कुष्ट को जीते है ॥ पद्मनी केरवि नाम ॥ पद्मनी गुण ॥ विष को दाह को पित्त को पैदा करै है दीपनी है कुष्ट को सोजाक को दूर करती है लोहू को और पसली के रोग को कफ को वायु को जीते है ॥ मरुवा नाम ॥ मरुल। मरुवा। तीक्ष्ण। खर पत्र। फणिज्जक ॥ गुण ॥ अग्नि को पैदा करै है। दिल को कुव्वत करै है ॥ पद्मनी को बरसी नाम ॥ पद्मचारिणी। अतिचरा। पद्माह्वा। चारटी ॥ गुण ॥ ठंढी है। हलकी है। कसको सोजाक को जीते है स्तनों को कठोर करै है ॥ स्वेत कमल नाम ॥ कमल। स्वेत अम्भोज। सारस। सारसीरुह। सहस्र पत्र। श्री गेह। शत पत्र। कुशेशय। पंकेरुह। तामरस। राजीव पुष्कर। कुहा अब्ज। अम्भोद्भव ॥

पद्म पुण्डरीक। पङ्कज नल। सरोज। नलिन। अरविन्द। महोत्पल॥ नीलोत्पल नाम॥ नीलोत्पल। कुवलय। भद्रइन्दीवर॥ रक्तोत्पल नाम॥ रक्तोत्पल। कोकनद। हल्लक। रक्त सन्धिक॥ गुण॥ ठंढा है कसैला है दीपन है पित्त को दूर करै है। कमल ठंढा है। रक्त को अच्छा करै है मीठा है कफ को पित्त को जीते है प्यास को दाह को लोहू को फफोलों को विष को विषर्प को दूर करता है रक्तोत्पल आदि के गुण इस से कुछ कम हैं॥ कल्हार नाम॥ कल्हार। हल्लपाथोज। सौम्य। सौगन्धिक॥ गुण॥ काबिज़ है विष्टंभी है रूखा है भारी है ठंढा है इतने गुण हैं॥ पद्मकेसर नाम॥ किञ्जल्क। केसर। अप्रपात। कांचनाह्वय॥ गुण॥ ठंढा है। काबिज़ है लोहू बवासीर कफ को और पित्त को जीते है॥ पद्म बीज नाम॥ पद्म बीज। त्वमालोढ्य। वमाह्व। पद्मकर्कटी॥ गुण॥ ठंढा है मीठा है गर्भ को स्थापन करै है भारी है कफ को वायु को पैदा करै बल करै है काबिज़ है। पित्त को और लोहू को और दाह को जीते है॥ बिस नाम॥ मृणाल। बिस अंभोजानाल नलिनी रुह। पद्मादि मूल। शालूक। शालीन। करहाटक॥ गुण॥ ठंढी है पुष्ट है कबज करै है भारी है रूखी है शालूक के भी इतने ही गुण हैं॥ जाती स्वर्णजाती नाम॥ जाती प्रियं। वहाराज्ञी। मालती। सुमना। पीत जाती। अपरा। पीत पुष्पिका॥ गुण॥ हलकी है गरम है सिर के नेत्रों के रोगों को दांतों के दर्द को दूर करती है और लोहू को जीते है॥ मालती

नाम ॥ मल्लिका । मेदनी । मुक्ता । बन्धनी । मदयन्तिका ॥ गुण ॥ गर्म है हलकी है पुष्ट है वायु को पित्त को लोहू के रोगों को जीते है ॥ जुही नाम ॥ दाधिका हरणी । बाला । पुष्प गन्धा । शिखण्डनी ॥४ सवर्णा यूथी । अपरा । पीता । मणिका । स्वर्ण पुष्पिका ॥ गुण ॥ ठंढी है हाड़ों के सिर के नेत्रों के रोग को जीते है । कफ वायु को पैदा करै है ॥ अथ कूता नाम ॥३ कुब्जक । भद्र तरुणी । वृहत्पुष्पा महा सहा । शतपत्री । तरणी । करणीका । चारु केसरी । रक्ता । पत्र रक्तपुष्पा । लाक्षाख्या । अति मञ्जुला ॥ गुण ॥ ठंढी है दिल को कूवत करै है काबिज़ है वीर्य को पैदा करता है तीनों दोषों को लोहू को जीते है रंग को अच्छा करै है और कुब्जक के भी इसके समान गुण हैं ॥३ इति कूजा सेवती गुलाब नामानि ॥ ये ऊपर तीनों के नाम गुण हैं ॥ केतकी स्वर्ण केतकी नाम ॥ केतकी । सूचिका । पुष्प जम्बुक । ककेस छद । दूसरी सुवर्ण केतकी ॥ सपुष्पा । सुगन्धिनी ॥ गुण ॥ कडुवी है मीठी है हलकी है तेज है । कफ की बीमारी को दूर कर देती है ॥ वासन्ती नाम ॥ बासन्ती सरला । कुन्दा प्रहसन्ती । बसन्तजा ॥ गुण ॥ ठंढी है हलकी है तेज है तीनों दोषों को दूर करती है कान के नेत्र के मुख के रोगों को दूर करती है और बाषकी के भी यही गुण हैं ॥ माधवी नाम ॥ माधवी मण्डपा । कामी पुष्पेश । अभीष्ट गन्धक ॥ गुण ॥ मीठी है ठंढी है हलकी है तीनों दोषों दूर करनेवाली

है ।। चम्पक नाम ।। चम्पक । काञ्चन । रम्या । चांपेय । सुरभी चल ठंढी है सोजाक को कफ को पित्त को लोहू को छर्दि को दूर करे है ।। पुन्नाग नाम ।। पुन्नाग पाटलो । पुष्प । केसर । षट्पदालय ।। गुण ।। मीठा है ठंढा है लोहू को पित्त के रोगों को दूर करता है मौलसिरी नाम ।। वकुल । केसर । मद्यगन्धा । स विशारद ।। गुण ।। ठंढी है कफ को पित्त को दांतों के रोगों को दूर करे है इसका फल बादी है । क़ाबिज है कफ को पित्त को हरे है ठंढा है ।। बगहुल नाम ।। कुब्ज । वक । स्थूलपुष्प । वसुक । शिरनर । शेषर । गुण ।। ठंढा है विष को कफ को सिर के रोग को पित्त को जीते है ।। कुन्द नाम ।। कुन्द । शुक्ल । सदा पुष्प । भृगुबन्धु । मनोहर ।। गुण ।। ठंढा है हलका है कफ को सिर के रोग को छर्दि को खांसी को जीते है ।। मुचकुन्द नाम ।। मुचकुन्द । छत्रवृक्ष । चिबुक । प्रतिविष्क ।। गुण ।। सिर के दर्द को । पित्त को । लोहू को और विष को दूर करता है ।। बेल नाम ।। भूमण्डली । विचकिल । द्विपद । अष्टपदी ।। गुण ।। ठंढी है हलकी है कफ को पित्त को विष को दूर करती है इतने फ़ायदे हैं ।। तिलक नाम ।। तिलक । क्षुरक । श्रीमान । विचित्र । मुखमण्डन ।। गुण ।। कफ को कुष्ट को दूर करै है तासीर गरम है । और रसायन है ।। मतिपाडि नाम ।। गणेरुका । कर्णिकार । कर्णिकारिका । मतिपाड़ ।। गुण ।। शोधनी है कफ को लोहू को फोड़े को कुष्ट को जीते है ।। दुपहरिया नाम ।। बन्धुजीव । पारसुष्प । वंधु

।बन्धूक ।रक्तक ।। गुण ।। कफ को पैदा करे है काबिज़ है वायु को पित्त को दूर करे है हलका है ।।जपापुष्पनाम ।। जपापुष्प ।जवा रक्त ।त्रिसन्ध्या ।अरुण सिता ।।गुण ।। काबिज़ है बालों को अच्छा है त्रिसन्ध्या कफ पित्त को जीते है ।। सिन्दूरी नाम ।। सिन्दूरी ।रक्त ।वोजरक्त पुष्प ।सुकोमला ।। गुण ।। विष को पित्त को लोहू को तृषा को छर्दि को दूर करे है और ठंढी है ।।तुलसी नाम ।।तुलसी ।सुरसी ।गौरी ।मूत्रघ्नी ।वहुमञ्जरी ।हरिप्रिया ।।गुण ।।कड़वी है तेज है दिल को कूवत करे है । गर्म है दाह को पित्त को पैदा करे है दीपनी है कुष्ट को सोज़ाक को दूर करे है लोहू को पसली के दर्द को कफ को वायु को जीते है ।।मरुवा नाम ।। मरुल ।मरुवाची गा ।खरपत्र ।फणिज्झक ।।गुण ।।अग्नि को पैदा करे है दिल को कुव्वत करे है ।तेज है । गरम है पित्त को पैदा करे है हलका है । बिच्छू को आदि लेके विषों को हरे है ।। कफ को छर्दि को कुष्ट को कृमि को लोहू से जो सूजन हो उस को हरे है ।। दौना नाम ।। दमन ।मदन ।दान्त ।दम पुत्रक ।।गुण ।। विष को कुष्ट को ।लोहू को मुँहसे पानी वहने को खुजली को त्रिदोष को जीते है ।।ववेरी त्रिमष नाम ।। ववेरी ।अर्जिक ।कुठ वैकुंठ ।कुठरक ।कपित्थार्जिक ।वट पत्र ।कलञ्जर ।कृष्णार्जुक काल मार कराल ।। कृष्ण मल्लिकः गुण ।।रूखी है ठण्ढी है कड़वी है विदाही है पित्त को पैदा करे है कफ को वायु को लोहू को दाह को कृमि को विष को दूर करे है ।। इतिश्री मदन पाल विरचिते निघंटे कर्पूरादि वः

गः तृतीयः ॥३॥ अथ सुवर्णनामानि ॥ सुवर्ण । कनक हेम। हाटक। ब्रह्म कांचन। चामीकर। शातकुम्भ। तपनीय। रुक्मज। जांबूनद। हिरण्य। सुरत्न। जातरूपक। श्रीनिकेत। भूषणार्ह। पीतक। सूर्य॥ गुण॥ ठंढा है पुष्ट है बल करे है भारी है रसायन है कान्तिको बढ़ावे है विष को उपजा को त्रिदोष को ज्वर को शोक को जीते है। कसैला है तेज है मीठा है भारी है लेपन। है सुवर्ण में इतने गुण हैं॥ रूपा नाम॥ रूप्यकारजत। कुप्य। तार श्वेत। वसुलम॥ गुण॥ ठंढा है सर है वायु को पित्त को हरे है रसायन है लेखन है कसैला है खट्टा है पचने के समय मीठा है जवानी को कायम रक्खे है चिकना है धातों को गुण करता है इतने गुण श्रावःटे रूपे में हैं॥ तांबा नाम॥ ताम्र। लिछमुख शुल्व। नेपाल। रविनामक। उदुंबर। सूर्यप्रिय। रक्तधातुज॥ गुण॥ सर है हलका है मीठा है ठंढा है पित्त को कफ को दूर करे है पांडुरोग को कुष्ट को बवासीर को दमे को ष खांसी को जीते है॥ कांसी के नाम॥ कांस्य लोह। निजाघोष। पंचलोह। प्रकाशक॥ गुण॥ भारी है गरम है नेत्रों को हित है। कफ को पित्त को खोवे है॥ पीतल नाम॥ पित्तलोह। सिंहलक। कपिल। सिक्यनारक। वृत्त लोह। त्रिलोह। राजरीति। महेश्वरी॥ गुण॥ ठंढा है रूखा है कड़वा है कफ पित्त को हरे है॥ कली नाम॥ रंगक। नागक। वंग। त्रपु। करटी। घन॥ गुण॥ हलका है सर है रूखा है गरम है प्रमेह को कफ को कृमि को दूर करे है पांडुरोग को और दमे को इन सब रो

गों को दूर करता है ॥ सीसा नाम ॥ सीस । धातुम । न्न । नाग उरग । परि पिष्टक ॥ गुण ॥ रांग के से गुण हैं विशेष करके प्रमेह को दूर करता है ॥ लोह के नाम ॥ लोह । शस्त्रमय । व्यंग । पारावत । नयन जो उसके बासन में जल रख के तेल की बूंद डाले तो हिङ्गु की वास होय अथवा नींब के कल्क में पकाया होय दूध पकावे जमीन में कान्तलोह होय ये लक्षण लोह के हैं मैल की कीट कहावे है और लोह की रज को । मन्डूर कहते हैं ॥ गुण ॥ सर है भारी है मीठा है कसैला है रूखा है कुव्वत करे है वायु को पैदा करे है सूजन को कुष्ट को बवासीर प्रमेह को पाण्डु रोग को कृमि को दूर करे है और उसकी कीटके भी गुण लोह । के समान हैं विशेष करके पाण्डु रोग को जीते है ॥ पारा नाम ॥ पारद । चपल । हेमनिधि । सूतर सौंघ्रेन्न । रोमरा । स्वामी । हरबीज । रसप्रभु । रसश्रेष्ठफन । रसधातु । रसेन्द्रक्रमि । सारलो सहारस ॥ गुण क्रमि को कुष्ट को दूर करता है आंखों को हित है रसायन है इतने गुण हैं ॥ अभ्रक नाम ॥ अभ्रक । शुभ्र माकाश । पटला वर पीतक ॥ गुण ॥ भारी है ठण्डा है कुव्वत करे कुष्ट को प्रमेह को त्रिदोष को हरे है गन्धक नाम ॥ गन्धि सौगन्धि । कोलली । गन्धा धूम्रा । पीत गन्धक । लेलीतक । बलिरसा । वेगन्ध गन्धिक बलि ॥ गुण ॥ पचने के समय कड़वी है ॥ गरम है पित्त को पैदा करे है । सर है कुष्ट को क्षय ।

को ताप तिल्ली कफ को वायु को दूर करै है रसायन है ॥ सोहनमाषी नाम ॥ माक्षिक । धातुमाक्षिक । ताप्य तापीय ॥ गुण ॥ कसैली है पुष्ट है । सूघे है । हलकी है । रसायन है । नेत्रों को हित है । कुष्ट को । सूजन को । बवासीर को । प्रमेह को । मूत्राशय के रोग को । पांडु रोग को । श्वास वायु कटुके को सूजनको कृमिको हरै है ॥ मैनसिल नाम ॥ मैनशिल । शिला गोली । नेपाली । कुनटी । कुलाद्रि । औषधी । नागमाता । मनो गुप्ता । मनोह्वा ॥ गुण ॥ भारी है रंग को अच्छा करै है । गरम है । लखनी है कडुवी है तेज है । चिकनी है विष को दमें को खांसी को भूत को कफ को । लोहू को हरै है ॥ हरिताल नाम ॥ हरिताल । मदनताल । गोदंत । नटभूषण ॥ गुण ॥ चिकनी है कसैली है गर्म है विष को दूर करती है खुजली को कुष्ट को मुख के रोग को लोहू को कफ को दूर करती है और पित्त को बाल और ज्वर को दूर करती है ॥ गेरू नाम ॥ गैरिक । रक्त पाषाण । गिरि सृष्ट । गवेरुक । स्वर्ण वर्णी । परखौरी । मराइन । स्वर्णा । गैरिक ॥ गुण ॥ दाह को । पित्त को लोहू को कफ को हुचकी को विष को दूर करै है आंख को गुण करै है और दूसरा भी वैसा ही है विशेष करिके वायु को जीते है ॥ नीला थोथा नाम ॥ तपैंदिका । तुत्था । अमृता । सग । मयूरग्रीव । सिखि । कण्ठ । तुत्थक ॥ गुण ॥ लेखन है भेदी है खुजली को कुष्ट को विष को दूर करै है कृमि को हरै है दूसरा भी इसी के तुल्य है परन्तु विशेष

कारि के आंखों को गुण करता है ॥ कासीसद्वयनाम ॥ साधीतु कासी । सखेचर । तप्त लोमस । दूसरी उभ कासीस है । तुवर । वस्त्र रागध्वक् ॥ गुण ॥ दो ४ नों कासीस खट्टी है गर्म है तेज है बालों को अच्छी । है दृष्टि को हित है खुजली को विष को सोज़ाक को कफ को वायु को दूर करती हैं ॥ हिंगलू नाम ॥ हिंगुल । दरद । म्लेच्छ । सिकल । पूर्ण पारद । मणिरंग । कमीबर । धन ॥ गुण ॥ पित्त को कफ को दूर करै है । आंखों को गुण करै है विष को और कुष्ट को दूर करता है ॥ सिन्दूर नाम ॥ सिन्दूर । नागज । रक्त । सीमन्त । शृङ्गार भूषण । वसन्तउत्थ । नागगर्भ । रक्तरज ॥ गुण ॥ गर्म है विसर्प कुष्ट को खुजली को विष । को दूर करता है और टूटे को जोड़े है और फोड़े को पाक साफ़ करता है और भर लावै है ॥ श्वेत श्याम सुरमा नाम ॥ सौवीर । अञ्जन । कृष्ण । काल । नील । सुवीरज । स्रोतो । स्रञ्जन । स्रोतोंज । नदीज । जामुन वर ॥ गुण ॥ मीठा है कांबिज़ है नेत्रों को गुण करै है कफ को पित्त को दूर करै है ठंढा है ॥४ रसौत नाम ॥ रसाञ्जन । रसोद्भूत । पीत । तिसज । तार्क्ष्य । रसाग्र । कृति मध्य । दार्वी । रसोद्भव ॥ गुण ॥ कड़वी है कफ को मुख के नेत्र के रोगों को जीते है गरम है रसायनी है तेज है और छेदन है फोड़े । को सूजन को दूर करता है ॥ पुष्पांजन नाम ॥ पुष्पाञ्जन ॥ पुष्प केतु । राजित । कुसुमाञ्जन ॥ गुण ॥ क्षार है गर्म है काच को पटल को दूर करै है नील फूल होय तो नील कूं सुमेरति पुष्प पौष्पिक ॥ श्रि

ला जीत नाम ॥ शिलाजतु । अश्मक । निर्यास । शैल । गिर साह्वय । शिलाह्व । गिरिज । गैरेयू । गिरेज्ञ ॥ गुण ॥ गरम है कड़वी है । जोग वाही है रसायन है मूत्र घात को प्रमेह को बवासीर को कुष्ट को उदर रोग को पाण्डु रोग को दम को खांसी को छर्दि को उन्माद को लोहू को सूजन को कफ़ को कृमि को दूर करे है और अग्नि पर इस का काढ़ा पकाया होय और उस को सुकाय के सत निकाला होय तो वह मन्दाग्नि को शरीर की क्षीणता को सातों धातों की क्षीणता को पाण्डु रोग को कमल वायु को कफ़ को पित्त को वायु को इन सब रोगों को दूर करता है भोजन की रुचि उपजावे है दमे को ज्वर को दूर करे है ॥ बोल नाम ॥ बोल । गन्ध रस पोर । निर्लोह । बर्बर । बल । सुगन्धि नालिका । पांडा रस गन्ध गु॰ लोहू को दूर करे है ठण्ढी है बुद्धि को बढ़ावे है दीपन है पाचन है कड़वी है मीठी है तेज है मह को पसीने को त्रिदोष को ज्वर को मृगी को कुष्ट को दूर करे है और स्त्री की बच्चे दानी को शुद्ध करे है ॥ फिटकड़ी नाम ॥ स्फटिकाच्छा । अम्लता कार्ष्टी । काक्षी । सौराष्ट्र । संसवा । आढकी । तुवरी । दूसरी भांति मृत्तिका । सुर मृत्तिक ॥ गुण ॥ कसैली है गरम है कफ़ को पित्त को विष को फोड़े को और श्वित्र को विसर्प को दूर करे है तुबरी के इस के तुल्य गुण हैं ॥ समुद्र फेन नाम ॥ समुद्र फेन । डिंडर । फेनो बारी । कफोब्धिज ॥ गुण ॥ आंखों को गुण करे है लेखन है ठंढा है सर है ॥ मूंगा नाम ॥ प्रवा

ल।मूंगा।बिद्रुम।सिन्धुलनाम।रक्तबोंक॥गुण॥ कान्तिको बढावे है पुष्ट है कुव्वत करे है बिसर्प को कफ को वायु को जीते है॥ मोतीनाम॥मौक्तिक।मुक्ता।फलं मुक्ता। फलं शुक्तिज॥ पद्मलालरागनाम ॥ माणिक्य। पद्म राग। वज्ररत्न। वसुर न्क: कः॥ सूर्यकान्तिमणिनाम॥ सूर्य कान्ति।सूर्य मणि।सूर्याख्य।दहनोपल॥ चन्द्रकान्ति मणि नाम॥चन्द्रकान्ति।चन्द्रमणि।स्फटिक।स्फटिकोपल॥ गोमेद मणि नाम॥ हीरक। भिदुर। वज्र सूची। वक्रदारक॥नील वैडूर्य नाम॥नील रत्न।नीलमणि।वैडूर्य।बालवायजं॥ पन्नानाम॥ गारुत्मत।मर्कत। दृषत् गर्भ। हरिन्मणि।इतने नाम हैं॥ मोती सीपनाम॥ मुक्ता स्फोट।अब्धि मण्डकी।शुक्ति।मौक्ति।कमंदर॥ मूंगा आदिके गुण॥ आंखों को गुण करे है लेखन है ठंढे हे कसैले हैं मीठे हैं सर हैं मङ्गल के देने वाले हैं इनके धारण करनेसे दरिद्र और दुष्ट ग्रह विपदूर होय हैं॥ शंखनाम॥ शंख। कम्बुज।जलचर। वारिज।दीर्घ स्वन॥ गुण॥ आंखों को गुण करे है ठंढा है हलका है पित्त को कफ़ को लोहू को जीते है॥ कौड़ी नाम॥लघु शंख नक।शम्बूक।वारिशुक्ति।कपर्दी क्षुल्लक।चराचर।वराटिका॥गुण॥ ठंढी है आंखों के राग फूले को दूर करे है॥ खरा गौरी नाम॥ खरोम कोल्ल।स्वर्गीडि।तरंगिका। और उसही का भेद गौड़ प णा।और तार पाक कहावे है॥ गुण॥ दाद को लोहूको

दूर करती है ठंढी है और गोंड़ भी उसही कीः तुल्य है ॥ काढ़ी बालू नाम ॥ पंक । कर्दमक । बालुका । सिकत्य ॥ गुण ॥ दाह को पित्त को शोष को दूर करे है ठंढी है और बालूका लेखनीः है फोड़े को छाती के ज़ख्म को अच्छा करती है ॥ चुम्बक पाषाण नाम ॥ चुम्बक । कान्त पाषाण । यस्कान्त । लोह कर्षण ॥ गुण ॥ लेखन है ठण्ढा है चरबी के और विष के रोगों को दूर करता है ॥ काच नाम ॥ काच । कृत मरकत । ४ पिङ्गला काच भाजन ॥ गुण ॥ विदारण है रक्त को अच्छा करता है आँखों को गुण करे है लेखन है ४ ॥ इति श्री मदन पाल विरचित निघण्ट भाषायां धातु वर्गः चतुर्थः ॥ ४ ॥ वट वृक्ष नाम ॥ वट । रक्तफलाढी । बहुपाद । वनस्पति । यक्षवास । पद्दी । रोही । ४ न्यधस्कन्ध । पध्रुव ॥ गुण ॥ ठंढा है हलका है काबिज़ है कफ पित्त को फोड़े को दूर करता है ॥ पीपल४ नाम ॥ पिप्पल । श्यामल । अश्वत्थ । क्षीर वृक्ष ॥ गजासन । हरिवास । चलदल मंगल्य । बोधिद्रुपादप ॥ गुण ॥ ठंढा है पित्त को कफ को फोड़े को लोहू को इन बीमारियों को खोता है ॥ पारस पीपल नाम ॥ पारिसं । फलीस । कपि भूत । कपी तन ॥ ॥ गुण ॥ चिकना है कफ की बीमारी को कृमि को पैदा करता है ॥ गूलर नाम ॥ उदुम्बर । क्षीर वृक्ष । जन्तु वृक्ष । सदा फल । हेम दुग्ध । कृमि फल । यज्ञांक । शीत वल्कल ॥ गुण ॥ ठंढा है रंग को अच्छा करे है भारी है पित्त कफ लोहू को जीतता है ॥ कटुं

म्बरि नाम ॥ ककोदु वारिका । फल्गु । मलयू श्वित्र भेषज ॥ गुण ॥ गूलर ही के तुल्य इस के गुण हैं ॥ विशेष करिके श्वित्र को दूर करे है ॥ पिलखण नाम । प्लक्ष । प्लव । चारु वृक्ष । सपार्श्व । गर्भ भाण्डक ॥ वटी । कमण्डलु । पूग । पिप्पली । चारु दर्शन ॥ गुण ॥ ठंढा है कफ पित्त सूजन विसर्प आदि रोगों को खोता है ॥ पञ्च क्षीरवृक्ष नाम ॥ पञ्च क्षीरा । न्यग्रोध । उदुम्बर । अश्वत्थ । पारिश । प्लक्षपादप ॥ ये न्यग्रोधसे आदि लेके पंच क्षीर पाँचों वृक्ष कहावे हैं । तिनको छाल को पंच वल्कल कहते हैं ॥ गुण ॥ इन पाँचों की त्वचा ठंढी है काबिज़ है फोड़े को विसर्प को जीते है ये क्षीर वृक्ष सारे ठंढे हैं ओरन को ठंढा करे हैं भग के रोगों को अच्छा करे हैं सूजन पित्त कफ लोहू को दूर करे हैं दूध बढ़ावे हैं टूटे हाड़ को जोड़े हैं इनके पात ठंढे हैं काबिज़ है कफ वायु लोहू को दूर करे हैं हलके हैं इनके बिंब भी हैं काबिज़ हैं । लोहू को पित्त को कफ को दूर करे हैं ॥ नन्दी वृक्ष नाम ॥ नन्दी वृक्ष । अश्वत्थभेद । प्ररोही । गत पादप ॥ गुण ॥ इस के गुण भी पीपल के तुल्य हैं हलका है गरम है जहर को दूर करता है ॥ कदम्ब वृक्ष नाम ॥ कदम्ब । गन्धवत्पुष्प । प्रावृष । महाउन्नति । और दूसरी पुलिक दम्बिनी । पराज कदम्बक । ॥ गुण ॥ ठंढा है कफ को लोहू के विकार को खोवे है ॥ कोकम वृक्ष नाम ॥ ककुभ ॥ अर्जुन नाम ॥ नन्दी वृक्ष । शट द्रुम ॥ गुण ॥ ठंढा है टूटे हाड़

को जोड़े है जखम को लोहू को दूर करे है ॥ सिरीष वृक्ष नाम ॥ सिरीष । प्लवंग वृक्ष । कपीतन । शुक वृक्ष । मृदु पुष्प । श्याम वर्ण । भाराडीर । शंख४नी फल ॥ गुण ॥ ठंढा है रक्त को अच्छा करे है विष को विसर्प को सूजन को जीते है ॥ आर्त गल वृक्ष नाम ॥ सर्गद्ः आर्तगल । वद्धकंठ । प्रधपेरा । गुण ॥ तुम्बर है ठंढा है फोड़ों को साफ और भराव करे है ॥ वेतस वृक्षनाम ॥ वेतस । वञ्जुल । नम्र । वानीर । दीर्घ पत्रक । नादेयु । मेघ पुष्प । तोयसम । निकुञ्जक ॥ गुण ॥ वेतस ठंढा है दाह सूजन ववासीर सोजाक लोहू को पित्त को और दमें को कफ को और वायु को दूर करता है ॥ जल वेतस नाम जलोका । सम्वृत । अंभोज । निचुल । जल वेतस । गुण ॥ जल वेतस ठंढा है काबिज़ है वायु को पित्त को करता है ॥ इज्जल नाम ॥ इज्जल । हिज्जल । गुच्छ फल । गछ पोलिका ॥ गुण ॥ इज्जल के भी गुण इसी की तुल्य हैं ॥ लिसोड़ा नाम ॥ क्लेश्मांभक । कुबुदार । पिच्छल । भूत पादप । शेलू । शैलू । शेलुकी । शेलक । द्विजकुत्सित ॥ गुण ॥ फफोले को विष को फोड़े को विसर्प को कुष्ठ को दूर करे है बालों को अच्छा करे है इस का फल गर्म है पुष्ट है वायु को पित्त को दय को लोहू को जीते है ॥ पीलू वृक्ष नाम ॥ पीलू । शीत । सहस्र । स्रनीदरा । करंभप्रिप । सहसांगी । गुड़ फल । तत्फल । पांडु पीलुज ॥ गुण ॥ गर्म है दीपन है भेदी है लोहू को पित्त को पैदा करे है हलका है गोले को ताप तिल्ली को वायु को पथरी को कफ को दूर करे है रसायन है ॥४

साग वनु नाम ॥ शाक । सरछूंद । भूमी रुह । दीर्घ छूद ॥ गुण ॥ कफ को वायु को लोहू को दूर करे है गर्भ सन्धान को देने वाला है ठंढा है ॥ शालनाम ॥ शाल । सर्जरस । सर्ज । श्रीमान । अश्रीच पत्रक ॥ गुण ॥ कब्ज़ करे है फोड़े को कफ को दमें को विष को हरे है ठंढा है ॥ तमाल नाम ॥ तमाल । तापिच्छ । सित द्रुम ॥ कालस्कन्ध ॥ गुण ॥ तमाल में भी ऐसे ही गुण हैं सूजन को दाह को विस्फोटक को दूर करे है ॥ खैरनाम ॥ खदिर । रक्तसार । गायत्री । बालपत्रक ॥ और दूसरा खैर सेत सार कार्मुक । कुष्ठ कणटक ॥ गुण ॥ ठंढा है दांतों को गुण करे है कृमि को प्रमेह को ज्वर को फोड़ों को चित्र को सूजन को आंव को पित्त को लोहू को पंडु रोग को कुष्ट को कफ को जीते है उसका नियास मीठा है बल वीर्य को पैदा करे है उसका सप विशद है और लोहू को जीते है इतने गुण हैं ॥ खैरजड़ नाम ॥ अरिमेद । विटखदिर । गोधास्कन्धा इरिमेदक ॥ कसैली है गर्म है मुख के दांत के रोग को दूर करती है लोहू को खुजली को विष को कफ को कृमि को दुष्ट ग्रह को फोड़ों को दूर करे है ॥ बबूल नाम ॥ बबूल । किङ्किरात । पीतक । पीत पुष्पक ॥ गुण ॥ कफ को दूर करता है ॥ विजयसार नाम ॥ बीजक । शाजक । शौरि प्रिय । कास्पोलक प्रिय ॥ गुण ॥ विसर्प को चित्र को प्रमेह को कृमि को दूर करे है कफ को लोहू को पित्त को और अरुचि को दूर करती है ॥ नि।निसु नाम ॥ निमन । स्यन्दन । नेमी । सर्वसार

।अस्मगर्भ ॥ गुण ॥ कफ को पित्त को लोहू को चरबी को कुष्ट को प्रमेह को जीते है।भोजपत्रनाम ॥भूर्जो भुज। बहुपुट। मृदुलकुलेरव्य पत्रक ॥ गुण ॥ प्रमेह को भूत को कफ को कानों के रोग को पित्त को लोहू को जीते है ॥ केसूनाम ॥ पलाश। किंशुक।कर्म्मी यज्ञाङ्ग ॥ब्रह्म पादप। क्षार श्रेष्ठ। रक्तपुष्प। त्रिवृत। शमिद्वत्तम ॥ गुण ॥ दीपनी है पुष्ट है गोले को टूटे को जोड़े है संग्रहणी को बवासीर को कृमि को दूर करे है इस के फूल कफ को पित्त को लोहू को सोज़ाक को दूर करे हैं काबिज़ हैं ठंढे हैं फल हलका है गर्म्म है प्रमेह को बवासीर को कृमिको वायु को कफ को दूर करता है ॥ धव वृक्ष नाम ॥ः धवधिक्तक। गौर। शकटाख्य। धुरधुर ॥ गुण ॥ ठंढा है प्रमेह को बवासीर को पाण्डु रोग को पित्त को कफ को दूर करे है ॥ धामणिनाम ॥धन्वान। गोत्रविटपा। धर्म्मेणा। गोत्रपुष्पक ॥ गुण ॥ कफ को पित्त को लोहू को खांसी को दूर करे है तुवर है हलका है ॥ सोजा नाम ॥ सर्जो। दकरो स्वेदघ्न। लता वृक्ष। कुंदहक ॥ गुण ॥ रक्त को स्वच्छा करे है कफ को पित्त को पसीने को मल को कृमि को हरे है ॥ सिसोंदा नाम ॥ सिसौंद। पीतपुष्प। क्षागी रवि नाशन ॥ वात रक्त को लोहू को कफ को वायु से जो अतीसार होय तिसको दूर करे है ॥ वरणा नाम ॥ वरुणा। वारणा। सेतु शाक।

वृक्ष। कुमारक॥ गुण॥ पित्त को पैदा करे है मेदी है कफ को सोजाक को गोले को लोहू को वायु को कुष्ट को दूर करे है अग्नि को दीप्ति करे है ॥झींगन नाम॥ झिंगणी। झिम्मरी। झिंझी। सुनिर्यासा। मोदकी॥ गुण॥ फोड़े को हृद्रोग को वायु के अतीसार को जीते है कड़वा है॥ सालई नाम॥ सल्लकी। वल्लकी। मोवा। गजभक्ष्या। महारुहा। गन्धबीरी। कुन्दकी। सुश्रवा। वनकीरीका॥ गुण॥ फोड़े को पित्त को लोहू को कफ को पित्त के अतीसार को दूर करता है॥ इंगोट नाम॥ इंगुदभल्लकी। वृक्षकराक। तापसमुद्र। गुण। कुष्ट को भूतों को ग्रह को फोड़े को विष को कृमि को दूर करे है पित्त को कफ को शूल को दूर करे है उसका फल कफ को वायु को हरे॥ कटहा नाम॥ कट्भर। चारुशुंठी। कटभी। न्दरा शौंडिक। गुण। प्रमेह को लोहू को नासूर को कफ को वाये को जीते है और उसका निर्यास भारी है पुष्ट है बल को पैदा करे है वायु को हरे है॥ फरवाह नाम- मुष्कक। मोक्षक। घराटा। शिखरा। क्षुद्रपाटलि॥ गुण॥ कफ को वायु को दूर करे है क़ाबिज़ है गोले को विष को कृमि को दूर करे है गरम है मूत्राशय के रोगों को खुजली को दूर करता है उसका फल कफ को पित्त को दूर करता है॥ फर्बत जिन नाम पारिभद्र। निंबक्ष। रक्तपुष्प। प्रभद्रक। कराटकी। पारिजात। मन्दार। कटकिंशुक॥ गुण॥ कृमि

को कफ को चरबी को सूजन को और वायु को दूर करता है ॥ सिम्बलनाम ॥ शाल्मली । तूलनी । मोचा । कुक्कुटी । रक्तपुष्पिका । कोटकाघा । स्थूलफला । पिच्छला । चिरंजीवनी ॥ गुणा ॥ ठंढी है पुष्ट है कुव्वत करे है लोहू को पित्त को जीते है रसायन है चिकनी है उसका फूल काविज है पित्त को दूर करे है उसका निर्यास बहुत पुष्ट है शोक को पित्त का वायु को दूर करे है ॥ दान्सूरणी नाम ॥ सप्तपर्णी । गुच्छपुष्प । छत्री शाल्मलि । पात्रिक ॥ गुण ॥ फोड़े को कफ को वायु को दूर करे है ॥ हरिद्रु नाम ॥ हारिद्रक । पीत वर्ण । श्रीमान । गौर द्रुम । पर ॥ गुणा ॥ कफ को दूर करे है और फोड़े को शुद्ध करे है भर लावे है ॥ करंजु नाम ॥ करंज । नक्तमाल । नक्ताह्व । घृत वर्णक । पूतिवर्ण । चिरबिल्वक ॥ गुणा ॥ कड़ुवा है तेज है गर्म्म है भगके रोगों को दूर करे है कुष्ट को उदावर्त्त को गोले को बवासीर को फोड़े को कृमि को कफ को दूर करे है इस का फल: कफ को वायु को प्रमेह को बवासीर को कृमि को कुष्ट को जीते है उसके पात कफ को बवासीर को कृमि को सूजन को दूर करे है ॥ करंजी नाम ॥ करञ्जिका । काकतिक्ता । वायसी अंगारवल्लरी ॥ गुणा ॥ गर्म है वायु को बवासीर को कृमि को कुष्ट को प्रमेह को हरे है ॥ तिरगिच्छी नाम ॥ तिरगिच्छी । गजकट । कं

ज । चीरिणी ॥ दूर्पा ॥ गुण ॥ चरबी । बवासीर
पित्त की सूजन को हरे है ॥ जडी नाम ॥ शमी ।
तुंगा । शक्तु फल । पवित्रा । केश हन्तु फला । लक्ष्मी=
शिवा । अधिशमी । शंकरा दूया ॥ गुण ॥ ठंढी=
है हलकी है मीठी है कुष्ट को बवासीर को कफ को
जीते है इस का फल पित्त को पैदा करे है रुखा=
है बुद्धि को बढावे है बाल को दूर करे है ॥ शिरीषि
णी नाम ॥ शिरीषिका । टिंढिणिका । दुर्बला=
अम्बु शिरीषिका ॥ गुण ॥ कफ को कुष्ट को बवा
सीर को सन्निपात को विष को हरे है ॥ रीठा ना=
म ॥ अरिष्टक । कुम्भ वीर्य । गर्भ पात । केनिल ।
रक्ता बीज । रक्त बीज । पीत फेन । अर्थ साधन ॥
गुण ॥ तीनों दोषों को दूर करे है गर्म है गर्भ=
को और ग्रह को दूर करे है ॥ सीसो नाम ॥ शि
सिपा । कपिला । कृष्णा । सारा । मण्डल पत्रिका ।
कुशिंशिपा । भस्म पिंगला । विशोधनी ॥ गुण
प्रमेह को कुष्ट को श्वित्र को छर्दि को मूत्राशय के
रोगों को फोड़े को दाह को जीभ चलाने को दूर
करती है और गर्भ को गिरावती है ॥ अगस्त=
नाम ॥ अगस्त्य । वगसेन । माशिया । मुनि
द्रुम ॥ गुण ॥ पित्त को कफ को चौथे दिन के=
ज्वर को दूर करता है और ठंढा है और इसका
फूल पीनस को कफ को दूर करे है ॥ ८
इति श्री मदन पाल विरचिते निघंटे भाषायां व
नस्पति वर्गः पंचमः ॥५॥ द्राक्षा नाम ॥ द्राक्षा

मधुफला। स्वाद्वी। हारहूरी। फलोत्तमा। मृद्वीका। मधुयोनि। रसीली। गोस्तनी। गोडा॥ गुण॥ पक्की दाख ठंढी है आंखों को गुण करे है कुव्वत करे है भारी है ज्वर को दमें को वायु को पित्त को लोहू को सोजाक को रक्तपित्त को सम्मो हु को दाह को सूजन को मदात्यय को दूर करती है कच्ची दाख में इस से थोड़े गुण हैं भारी है लोहू को पित्त को जीते है वह जो बेदाना होय है छोटी दाख तिसके गुण भी गोस्तनी के बराबर हैं और पर्व्वत में जो दाख होय है सो हलकी है कुछ खट्टी है कफ को पित्त को पैदा करती है॥ आंबनाम॥ आम्र। मकोत्सवं। चूत। सहाकार। अतिसारभ। माकन्द। पिकबन्धु। रसाल। कामवल्लभ॥ गुण॥ कब्ज़ करे है कफ को पित्त को फोड़े को दूर करे है उस का फल वायु को हरे है बहुत गर्म है रूखा है त्रिदोष लोहू को दूर करे है और पक्का आम मीठा है पुष्ट है चिकना है दिल को कुव्वत करता है और बल करे है भारी है वायु को दूर करे है भोजन की रुचि उपजावे है रंग को अच्छा करे है ठंढा है पित्त को नहीं करे है उस का रस चिकना है रोचन है बल करे है और रंग को करे है॥ जामननाम॥ महाजम्बू। राजजम्बू। महास्कन्धा। बृहत्फला। क्षुद्रजम्बू। क्षीरपत्रा। मेघाभा। काकवल्लभा। नादेई। नन्फला। जम्बु जांबु॥ गुण॥ काबिज़ है रूखी है कफ को पित्त को फोड़े

को लोहू को दूर करे है राजजम्बू मीठा है काबिज़ है भारी है रोचन है छोटी जामन भी वैसी है दाह को दूर करे है॥ **नारियल नाम** ॥ नारिकेर। तुंग वृक्ष। महा फल। तृण राज। स्वच्छफल लांगली। दृढबीजक॥ **गुण** ॥ ठंढा है मूत्राशय को शुद्ध करे है लोहू को दाह को दूर करे उस का पानी ठंढा है दिल को कुव्वत करे है दीपन है वीर्यको पैदा करे है हलका है उस के वृक्ष के सिर की मींगी वीर्य को पैदा करे है वायु पित्त को जीते है॥ **पिंड खजूर नाम** ॥ बृहत् खर्जूरिका। धरणी। सुफला। द्वीप सम्भवा। पिंडि खर्जूरिका। खर्जू। दुःप्रधर्षा। सूकरादका। भूमि। खर्जूरिका। कोका। ककैये। क्कटी॥ **गुण** ॥ ठंढी है मीठी है चिकनी है ज़खम को लोहू को जीते है कुव्वत करे है वायुको पित्त को मद को मूर्छा को मदात्यय को दूर करे है और खजूर जो है उसमें गुण इसमें थोड़े होंय है उसकी मींगी ठंढी है कुष्ट को पित्त को लोहू को दाह को जीते है॥ **अथ सुलेमानी नाम** ॥ सिलेमानी। मृदुल। निर्बीजी फला॥ **गुण** ॥ हारको भ्रान्ति को दूर करे है॥ **केला नाम** ॥ कदली। गन्थली। मोचा। रम्भा। वीरा। पत छदा॥ **गुण** ॥ भग के रोगों को पथरी को रक्त पित्त को दूर करे है ठंढा है बल को पैदा करे है बालों को बढ़ावे है पित्त को कफ को लोहू को दूर करे है उ

सका फल मीठा है काबिज़ है कफ को पैदा करै है भारी है तर है पित्त को लोहू को प्यास को दाह को जखम को क्षय को वायु को जीते है ॥ अनार नाम ॥ रक्तकुसुमा । दाड़मी । दन्त बीजा शुकप्रिया ॥ गुण ॥ दीपन है दिल को कुव्वत करै है रोचन है पित्त को बहुत नहीं करै है कसैला है खट्टा है काबिज़ है मीठा है सो त्रिदोष को दूर करता है खट्टा होय तो वायु को और बलास को पैदा करै है और सूखा अनारदाना वायु पित्त को पैदा करै है ॥ बेर नाम ॥ बदरी फल । कर्कंटा । घोंटा गोकंटी । युग्मकंटका । और एक बेर है उस का नाम स्निग्धछदा ॥ गुण ॥ केरा फल्ला । सौवीरिका । हस्तिकोल । लच्छी । कर्कन्धु । वाघुका ॥ गुण ॥ ठंढा है तेज है रूखा है पित्त को कफ को दूर करै है और कोलबेर फेनलेव है कर्कन्धु जो छोटा बेर है उस को करकन्धु कन्धुक कहै हैं सो पक्का और कच्चा मीठा है बेर हलका है काबिज़ है खाने में रुचि उपजावै है गर्म है वायु कफ पित्त को जीते है और कोल भारी है वीर्य को पैदा करै है पुष्ट है पित्त को दाह को लोहू को क्षय को प्यास को दूर करै है कर्कन्धु मीठा है चिकना है भारी है पित्त को वायु को दूर करै है सूखा है भेदी है अग्नि को धरै है सारबेर हलकी है प्यास को लोहू को जीते है वायु को पित्त को हरै है और उसकी मींगी पुष्टाई करै है इति गुणं ॥ खिरनीना

म ॥ क्षीरी । क्षिन्निया । राजाह्वा । राजादन । फलाशिन । और उसही का भेद एक और है उसको रजादन कहै हैं निचुल । सुचिलिन्दक कहे हैं ॥ गुण ॥ ठंढी है चिकनी है भारी है बल को पैदा करै है प्यास मूर्छा मद भ्रान्ति क्षय त्रिदोष लोहू को जीते है ॥ चिरौंजी नाम ॥ चिरं । धनुपट खाला प्रियाल । मुनि वल्लभ गु० पित्त कफ लोहू को दूर करै है उसका फल मीठा है भारी है चिकना है वायु को पित्त को दाह को प्यास को जखम को दूर करै है और उसकी मींगी मीठी है पुष्ट है वीर्य को पैदा करै है वायु को पित्त को जीते है ॥ फालसा नाम ॥ परूषक । मृदुफल । परूष । गोषरा ॥ गुण ॥ कसैला है खट्टा है कच्चा तो पित्त को पैदा करै है हलका है पक्का पचने के समय मीठा है काबिज़ है कुव्वत करै है प्यास को पित्त को दाह को लोहू को क्षय को वायु को हरै है ॥ तेंदू नाम ॥ तिन्दुका स्यन्दन । स्फूर्ज । कालसर । रावण कालपीलुक । विषतिन्दुक ॥ गुण ॥ फोड़ को वायु को दूर करता है उसका सार पित्त के रोगों को जीते है कच्चा तो काबिज़ है वायु को पैदा करै है ठंढा है हलका है पक्का पित्त को प्रमेह को लोहू को दूर करै है भारी है और विष तन्दुक जो है सो इसी की तुल्य है विशेष करके काबिज़ और ठंढा है ॥ कांकई नाम ॥ किंकिणि । ग्रन्थिल । व्याघ्र पाद । दव तरबरं ॥ गुण ॥ तुवर है तेज है पित्त को कफ को दूर

करे है ठंढा है उसका फल कच्चा तो वायु को पैदा करे है पक्का मीठा है त्रिदोष को जीते है ।। आड़ूनाम ।। आरुक । वीरसेन । इसके ४ भेद हैं आरुक । जारुक है वायु को प्रमेह को ववासीर को कफ को दूर करता है ।। महुवा नाम ।। मधूक । मधुक । तीक्ष्ण सार । गुड़पुष्पक । कोल फल । मधुष्ठील ।। मधुकोष्ठ । महाद्रुम । और दूसरा भेद है उसको । ह्रस्व फल । मधुक । दीर्घ पत्रक कहे हैं ।। गुण ।। कफ को वायु को दूर करे है कसैला है फोड़े को भरलावे है उसका फूल मीठा है बल करे है ठंढा है भारी है पुष्ट है और फल ठंढा है भारी है मीठा है वीर्य को पैदा करे है वायु को पित्त को जीते है दिल को गुण नहीं करे है प्यास को लोहू को दाह को दम को जखम को दाई को जीते है ।। कटहल नाम ।। पनस । कंटकि फल । स्वासयो । गर्भकाटक ।। गुण ।। पक्का ठंढा है चिकना है पित्त वायु को दूर करे है कच्चा भी रसाहो है और काविज है बादी है भारी है ।। बढ़हल नाम ।। लकुच । क्षुद्रपनस । निकुच गन्थिमत्फल ।। गुण ।। भारी है काबिज़ है मीठा है खट्टा है लोहू को पित्त को पैदा करे है कफ को पैदा करे है वीर्य को वायु को अग्नि को दूर करे है गरम है ।। तालनाम ।। ताल । ध्वज । दुरारोह । तृणाराज । महाद्रुम ।। गुण ।। ठंढा है वायु को पित्त को फोड़े को जीते है नशा करे है वीर्य को पैदा करे है उसका फल ठंढा है बल को करे है चिकना है मीठा है भारी है काबिज है वायु को लोहू को जखम को

दाह को छर्दि को हरे है और वीर्य मूत्र बहुत लावे है वायु पित्त आदि रोगों को हरता है और ठंढा है ॥ खरबूजा नाम ॥ खर्बूज। फलराज। अम्रताह्व दशाङ्गुल॥ गुण ॥ मूत्र को बहुत लावे है बलकरे है कोठे को शुद्ध करे है भारी है तर है पुष्ट है ठंढा है पित्त को वायु को दूर करे है मीठा है ॥ सेब नाम ॥ मुष्टिप्रमाण। बदर। सेवा सिंचितिका फल ॥ गुण ॥ वायु पित्त को दूर करे है भारी है पुष्ट है कफ को पैदा करे है बल को पैदा करे है पचने के समय मीठा है ठंढा है ॥ आबी सेब नाम ॥ अम्लफल। चापसह सिंचित का फल ॥ गुण इस में भी उसी सेब की समान गुण हैं परन्तु ठंढा विशेष करिके है ॥ बादाम नाम ॥ बादाम। सुफल। बातवैरी। नेत्रोपम ॥ गुण ॥ गर्म है तर है वायु को दूर करे है बल को और वीर्य को बढ़ाता है ॥ अम्रतफल नाम ॥ अम्रताह्व। रुचिफल। लघु बिल्व। फलाकृति ॥ गुण ॥ भारी है वायु को दूर करे है मीठा है खट्टा है खाने की रुचि उपजावे है वीर्य को पैदा करता है ॥ चिलगोजा पिस्ता नाम ॥ निकोचक। दारुफल। संकोचजन गोच्छक। पिस्ता। मुकूं। लक। दन्ती फल। समाछान ॥ गुण ॥ निकोचक भारी है तर है पुष्ट है मीठा है कुव्वत करे है लोहू को संवारे है वायु को दूर करे है कफ को पित्त को दूर करे है पिस्ते के गुण भी यही हैं विशेष करिके भारी है ॥ पलान नाम ॥ प-

लान। कच्चा वायु को दूर करे है खट्टा है रुचन है भारी है और पक्का मीठा है ठंढा है बल करे है वायु को पित्त को दूर करे है ॥ आलू नाम ॥ अल्लूक। मल्ल। भल्लूक। भल्लू। रक्तफल ॥ गुण ॥ ठंढा है मीठा है खट्टा है वायु को पित्त को दूर करे है आलूबुखारा ॥ अञ्जीर नाम ॥ अञ्जीर। मञ्जुल। काकोदुम्बरिका फल ॥ गुण ॥ ठंढा है मीठा है भारी है पित्त को लोहू को वायु को दूर करता है ॥ अखरोट नाम ॥ अक्षोटक। वृन्तफल। कन्दराल। पृथक्छद ॥ गुण ॥ मीठा है कुव्वत करे है गरम है वायु को हरै है इतने गुण हैं ॥ पालेवत नाम ॥ पालेवत। सितपुष्प। तिन्दुकाभफल। दूसरा माणवक नाम ॥ और महा पालेवत भी कहते हैं ॥ गुण ॥ गरम है ठंढा है मीठा है भारी है अग्नि को वायु को दूर करे है माणवक का गुण भी ऐसा ही है दिल को कुव्वत करे है प्यास को हरै है ॥ तूत नाम ॥ तूल तूद। ब्रह्मकाष्ठ। ब्रह्मदारु ॥ गुण ॥ भारी है ठंढा है पित्त को वायु को दूर करे है ॥ गंगेरुवा नोदन नाम ॥ गंगेरुक। नोदनक। कर्कटक। कर्कट। मृगलेण्डिक। ऊन्दुजा धान्य मर्दंग सदृश ॥ गुण ॥ गंगेरु रोचक है पका हुवा भारी है वायु को पित्त को लोहू को जीते है और नोदन काविज़ है मीठा है वायु पित्त को हरै है हलका है ॥ तुम्बर नाम ॥ भूत से आदि लेकर तीनों खट्टे हैं गरम हैं कच्चे पित्त को पैदा करे हैं ॥ और समुद्र में जो तुम्बर पैदा होय है तिसके भी गुण मिला कैसे हैं तुम्ब

र कड़वा है कफ को जीते है गरम है फोड़े को प्रमेह को पैदा करै है ॥ बिजौरा नाम ॥ जेपुर। मातुलुंग। केसरी फल। पुरक ॥ गुण ॥ भोजन की रुचि उपजावै है उस्का रस खट्टा है दीपन है हलका है लोहू को पित्त को पैदा करै है कण्ठ जीव को शोधै है छिलका तेज है भारी है कृमि को वायु को दूर करै है और उस्का गूदा कुब्वत करै है ठंढा है भारी है पित्त वायु को जीते है उस्का केसर हलका है काबिज़ है शूल गोले को उदर रोग को दूर करता है बीज उस्का गर्म है भारी है कृमि को दूर करता है उस्का फूल ठंढा है काबिज है लोहू को पित्त को जीते है हलका है शूल को अजीर्णो को विबन्ध मन्दाग्नि को कफ को वायु को अरुचि को स्वास को खांसी को इस के रस से ये सब दूर होजाती है ॥ मधु काकड़ी नाम ॥ मधुकर्कटिका स्वादु। लुंगी। घराटालिका। घटा ॥ गुण ॥ ठंढी है रक्त पित्त को हरै है भारी है उसकी जड़ विसूचिका कान की सूजन को दूर करै है ॥ नारंगी नाम ॥ नारंगक। नागरंक। गौरक्ष। योग सारख ॥ गुण ॥ खट्टी है बहुत गर्म है भोजन की रुचि उपजावै है वायु को दूर करै है मीठी है खट्टी नारंगी दिल को बहुत सफा करै है वायु को हरै है ॥३ जम्बीरी नाम ॥ जम्बीरक। दन्तशठ। जम्भीर। जम्भल ॥ गुण ॥ गर्म है शूल को जीते है भारी है कफ को वायु को जीते है मुंह के रोगों को हृदय के रोगों को दूर करै है अग्नि को दीप्त करै है कृमि को दूर करै है ॥ अमलबेतस नाम ॥ अ

म्लवेतस । शुक्र । वेतस । प्रान्त भेदक ॥ गुण ॥ खट्टा गर्म है भेदन है हलका है दीपन है हृद्रोग को शूल को गोले को दूर करे है पित्त लोहू कफ को दूर करता है ॥ साराम्लनाम ॥ साराम्लक । सार फल रसार फटाप ॥ गुण ॥ खट्टा है वायु को दूर करता है भारी है २ पित्त को कफ को पैदा करता है ॥ निम्बूनाम ॥ निम्बूक । निंबुकराज ॥ गुण खट्टा है वायु को दूर करे है पाचन है हलका है और राज नीबू मीठा है भारी है वायु पित्त को जीते है कृमि के समूह को नाश करे है तेज है आँव को उदर के फड़कने को वायु पित्त कफ शूल को दूर करता है गई धातु को फिर पैदा करे है रुचि उपजावे है तीनों दोषों को नये ज्वर को विषम ज्वर को मलक्षय को दूर करे है गुदा के वन्द होने मैं बहुत गुण करे है विसूचिका को इतने सब रोगों को दूर करता है ॥ कमरख नाम ॥ कर्म रंग । राम फल भव्य । पिच्छल बीजक ॥ गुण ॥ ठंढी है ग्राही है मीठी है खट्टी है कफ को वायु को पित्त को दूर करता है ॥ आमली नाम ॥ अम्लिका । चुक्रिका । चिंचा तिंतडी । शुक्रचीराडका ॥ गुण ॥ भारी है खट्टी है वायु को दूर करती है कफ पित्त लोहू को जीते है और पक्की भी उसी की तुल्य है रुचि को उपजावे है अग्नि को बढ़ावे है मूत्राशय को शुद्ध करे है सूखी इमली दिल को कुव्वत करे है मांदगी को भ्रान्ति को प्यास को दूर करे है हलकी है ॥ तिंतड़ीनाम ॥ तिन्तडीक । वृक्षाम्ल । अम्लशाक । अम्ल पादप ॥ गुण ॥ वायु को दूर करे है क

ची गर्म्मे है बहुत भारी है पक्की हलकी है काविज़ है
फोड़े को भर लावे है कफ वायु को जीते है ॥ करौं=
दा नाम ॥ करमर्दी । सुखेड़ी । कृष्ण फला ॥ गु=
ण भारी है गर्म है खट्टी है लोहू को पित्त को क
फ को पैदा करै है पक्का हुआ मीठा है रुचि करै है
हलका है पित्त वायु को जीते है सूखा करौंदा कच्चे
के समान है ॥ कैथ पत्री नाम ॥ कपित्थक । दधि
फल । दधित्था । सुरभिछद ॥ गुण ॥ कच्चा कैथा
काविज है हलका है त्रिदोष को दूर करता है पक्का
भारी है प्यास हुचकी को दूर करै है वायु को पि=
त्त को जीते है और मीठा है और पुष्ट है और का
बिज है ॥ कैथ मंत्री नाम ॥ कपित्थ पत्री । फणि
जा । कुलिजा । नव पत्रिका ॥ गुण ॥ तेज है गर्म
है कफ को प्रमेह को विष को दूर करै है ॥ आंब=
ड़ा नाम ॥ आम्रातक । आम्रवट । फलीपूं । उ=
फलं । कपि ॥ गुण ॥ कच्चा को वायु को दूर करै
है भारी है गर्म है रुचि उपजावे है और पक्का मी
ठा है ठंढा है पुष्ट है वायु पित्त को जखम को लो
हू को जीते है ॥ राजाम्र नाम ॥ राजाम्र । टंक
मा । मीनाका भाडू । राज पुत्रक ॥ गुण ॥ मी
ठा है ठंढा है काविज़ है कफ पित्त लोहू को दूर कर
ता है ॥ चतुराम्ल पञ्चाम्ल नाम ॥ वृक्षाम्ल ।=
दाडिम । चिञ्चा । कपित्थ । चैयतु । गम्लके हैं । =
अम्ल वेतस । वृक्षाम्ल । दाडिम बदरे बीज पूरंय
पञ्चाम्ल कहावै ॥ काषाम्र नाम ॥ कशाम्रक ।
घनस्कन्ध । जन्तु वृक्ष । सुकोशक ॥ गुण ॥ कुष्ट=

को सूजन को बवासीर को पित्त को फोड़े को कफ़ को दूर करे है उस का फल काबिज है वायु को दूर करे है खट्टी है भारी है पित्तल मींगी पित्त वायु को हरे है बल को अग्नि को दीप्त करे है मीठी है ॥ सुपारी नाम ॥ क्रमुक । क्रमिक । पूंग । पूगी फल ॥ गुण ॥ भारी है ठंढी है रूखी है कसैली है कफ पित्त को करे है मूर्छा लावे है दीपनी है रुचि करे है मुँह को सँवारे है पीली होय तो अभिष्यंदी है अग्नि को दृष्टि को हरे है पान तो वायु को हरे है सुपारी कफ को दूर करे है कत्था पित्त को हरे है चूना कफ को हरे है ॥ तांबूल नाम ॥ ताम्बूल । वल्ली । ताम्बूली । नागनी । नाग वल्लरी ॥ गुण ॥ रूक्ष है तेज है गर्म है कसैली है रोषण है काम और लोहू पित्त को हलका है वसी करण है कफ को मुख की दुर्गन्धि को हरे है बल को वायु को मांदगी को दूर करता है लवली नाम ॥ घनस्निग्ध । महत्पांशु । प्रपुन्नाट ॥ समछुद । सुगन्ध मूला । लवली । पाण्डु कोमल । वल्कल । ववत्म्या फल । श्याम । जो नग्ना फलस ॥ गुण ॥ गर्म है बवासीर वायु पित्त को हरे है हलकी है ॥ ॐ इति श्री मदन पाल विरचिते निघण्टे भाषायां फल वर्गो वर्णनंषष्ठतमः ॥६॥

पात । फल । फूल । नाल । कन्द । सस्वेद । यह छः तरह की तरकारी हैं पहली से सिवाय दूसरी भारी हैं और सबसों सरसों के साग से ओ गुण व=

हत हैं ॥ पेठानाम ॥ कूष मांडकी । पुष्प फला । गोमका । महा फला । कर्कारु । अपरा । लब्धा । अरू । राज कर्कटी ॥ गुण ॥ पुष्ट है ठंढा है भारी है पित्त कफ लोहू को जीते है कच्चा पेठा पित्त को हरता है ठंढा है अधे पका कफ करे है पक्का कम ठंढा है मीठा है खारी है दीपन है हलका है मूत्राशय को शोधे है वीर्य के रोग को त्रिदोष को हरे है तीनों दोषों को हरे है नीला पेठा मीठा है ठंढा है वायु की पथरी को दूर करता है उसका गूदा पित्त को हरे है पुष्ट है मीठा है मूत्राशय को शोधे है ॥

लघुपेठा नाम ॥ कर्कारु ॥ गुण ॥ रक्तपित्त को हरे है पक्का और पित्त अग्नि को हरे है कफ वायु को दूर करता है ॥ तरबूज नाम ॥ कालिंग । कृष्ण बीज । कालिन्द । फल वर्तुल ॥ गुण ॥ काविज है कफ को वीर्य को हरे है भारी है पक्का है गर्म है पित्तल है और कफ वायु की बीमारियों को खोवे है ॥ मीठी तूंबी के नाम ॥ तुम्बी मिष्टा । महा तुम्बी । राजला । बुरला । वुसी ॥ गुण ॥ पुष्टाई करता है कफ पित्त को हरे है भारी है ॥ कटु तुम्बी नाम ॥ कटु तुम्बी । पिण्ड फला । राज पुत्री । दुग्धिनी ॥ गुण ॥ ठंठी है पित्त को खांसी को विष को इन को हरे है ॥ ककड़ी नाम ॥ कर्कटी । लोमसी । व्याल पत्री । बृहत्फला ॥ गुण ॥ ठंठी है रूखी है काबिज है मीठी है भारी है =

है रूच्य है पित्त को हरे पक्की गर्म है और मन्दाग्नि को हरे प्रचण्डाग्निकरे ॥ खीरानाम ॥ त्रपुस। कंठ कल्तता। सुधा वास। परंकट। छर्दायनी। मूत्र फला। नित्का हस्तिनी ॥ गुण ॥ हरा कच्चा पित्त को हरे पीला कफ छर्द को करे मूत्र बहुत करे है ठंढा है रूक्ष है पित्त पथरी सोजाक को दूर करे है पक्का गर्म है खट्टा है पित्तल है कफ वायु को जीते है ॥ त्रिपटनाम ॥ त्रिपटं। धेनु दुग्ध। गोरक्ष। कर्कटी ॥ गुण ॥ मीठी है रूक्ष है भारी है पित्त कफ को दूर करे है ठंढी है काबिज़ है पक्की गर्म है पित्तल है ॥ बालुकनाम ॥ बालुक। कारडक ॥ गुण ॥ ठंढी है मीठी है भारी है रक्त पित्त को हरे है भेदी है हलकी है गर्म्म है पक्की अग्नि को करे है ॥ सेवनाम ॥ शीर्गा वृक्ष। चित्र फल। विचित्र। पीत पराक ॥ गुण ॥ हलका है मीठा है भेदी है गर्म है ॥ खतुरईनाम ॥ काश्यातकी। कृतछद्र। जालनी। कृत बेधन। मृदंग फालिनी ॥ कोडाज धामली। कर्कपादा ॥ गुण ॥ हल्की तेज है रूक्ष है आमाशय को सोधे है सूजन को पांडु रोग को उदर रोग को तिल्ली को कुष्ट बवासीर को कफ पित्त को जीते है उसका फल भेदी है ठंढा है हलका है प्रमेह त्रिदोष को हरे है ॥ घीया तोरीनाम ॥ राजा। कोष्टातकी। मिष्टा। महाजाली। सपीतक ॥ गुण ॥ ठंढी है तप को दूर करे है कफ बायु की बीमारी को खोवे है ॥ बड़ी तोरी नाम ॥ महा

कोशातकी ।हस्तिघोषा ।महत्फला ॥ गुण ॥ चिकनी है सर है पित्त बायु को हरे है ॥ बैंगन नाम ॥ वृन्ताकी ।वार्त्तिकी ।वृन्ता ।भांटाकी ।भंटिका ॥ गुण ॥ मीठा है तेज है गर्म है पचने के समय कडुवा है पित्त को हरे है कफ बायु को हरे है हृद्य है दीपन है वीर्य को पैदा करे है हलका है ताप को खाँसी को अरुचि को पक्का पित्त को करे है भारी है॥ स्वेत बैंगन नाम ॥ स्वेत वार्त्ताक।कुक्कुटाँड़ ।फलोपम ॥ गुण ॥ पहले से थोड़ गुण है और विशेष करिके ववासीर वाले को हित है॥ कन्दूरी नाम ॥ बिम्बीर ।रक्तफला ।गोलातुंडी दन्तछदोपम ॥ गुण ॥ छर्द लावे है रक्तपित्त कमल बायु को दूर करे है उस्का फल ठंढा है मीठा है भारी है पित्त लोहू दाह को हरे है स्तंभन है लेखन है वायु को और अफरे को करे है ॥ करेला नाम ॥ कारवेल्ल ।कठिल्ल दुग्धकांड ।सुकांडक ।कारवल्ली ।वारिवल्ली ।बृहद्वल्या ।॥ गुण ॥ ठंढा है भेदी है हलका है तेज है वायु को नहीं करे है पित्त लोहू खाँसी को दूर करता है और पाण्डु रोग को कफ को प्रमेह को कृमि को इतने रोगों को जीते है ॥ ककोड़ी नाम ॥ ककोटिकी ।पीतपुष्पा ।हा जालनी ॥ गुण ॥ वैसा ही है कुष्ट रोग को अरुचि को हरे है ॥ बांझ ककोड़ी नाम ॥ वन्ध्या ककोटकी ।देवी ।नागरी विष कराटका ॥ गुण ॥ तेज है बि

प को विसर्प को खांसी को जीते है डोड़ी नाम ॥ डोड़िका । विष मुष्टि । स्वाङ्डिष मुष्टी । सुमुष्टिका ॥ गुण ॥ कफ पित्त को बवासीर को कृमि को विषको गोला को हरे है॥ डीडम नाम ॥ डीडम । रोमस रोमस फली । निन्दिस । मुनि निर्मित ॥ गुण वातल है खुष्क है मूत्र बहुत लावे है पथरी को फोड़े है॥ सवारा सेंवी नाम ॥ कोल सिंवी । कृष्ण फला खवा तस्कूर । पादिका ॥ गुण ॥ बायु को हरे है । भारी है गर्म है कफ पित्त को जीते है सिंव नाम॥ शिंबि । कुशिकृत सास्त्र । शिबी पुस्तक । शिम्बिका ॥ गुण ॥ ठंढी है हलकी है बल करे है कफ को बायु को पित्त को हरे है ॥ बथुवा नाम ॥ वास्तुक । क्षारपत्र । शाकबीज । प्रसादक ॥ गुण ॥ पाचन है रूच्य है हलका है वीर्य को बल को बढ़ावे है तिल्ली को लोहू को पित्त को बवासीर को कृमि को त्रिदोष को हरे॥ जीवंती नाम ॥ जीवन्तिका । शाकराज । रक्त नाल । प्रनालक ॥ गुण ॥ बल को करे है क्षार है पचने के समय मीठी है त्रिदोष को हरे सारे साग आंखों को बुरे हैं और दर्द को बुरे हैं एकपचेला बथुवा ककमा चौपन नवाछद और जीवन्ती लाल बथुवा को कहै है ॥ चिल्ली नाम ॥ चिल्ली । वृहद्दला । रक्ता । चिल्लिका । गौड वास्तुक ॥ गुण ॥ हलकी है ठंढी है रूच्य है मेध्या है अग्निदीपनी है बल करे है खुष्क है तिल्ली को त्रिदोष को लोहू को जीते है ॥ काला साग नाम ॥ का

ला शाक। कालिका। चल्लुका। चम्पुकोपम ॥ गुण ॥ सर है रूक्ष है वादी है सूजन को हरै है ॥ चौराई नाम ॥ तन्दुलीय। मेघ नाद। कांडे। तंडुलेरक। विषघ्न। कन्धर। मारिष ॥ गुण ॥ हलकी है ठंढी है खुषक है पित्त को कफ को लोहू को जीते है मल मूत्र को पैदा करै है रूक्ष है दीपन है रक्त पित्त को हरै है ॥ फोग नाम ॥ पोग। मरुद्भव। स्टङ्गी। सूक्ष्म पुष्प। प्रसादन ॥ गुण ॥ काविज है ठंढी है रक्त पित्त को और कफ को दूर करता है ॥ पटोल नाम ॥ पटोला। पांडुकनाली। कुलक कर्कश छद। राजी फल। पांडु फल। राजा मान। अमृता फल। तिलोतमा। बीज गर्भा। पारा राज। पटोलिका ॥ गुण ॥ पाचन है हृद्य है हलकी है अग्नि दीपन है तर है गर्म है खांसी को बवासीर को त्रिदोष को ज्वर को कृमि को हरै है उसके बातपित्त को हरै हैं ठढा है और बेल कफ को हरै है जड़ रेचन है फल त्रिदोष को जीते है ॥ चिचेंड़ा नाम ॥ बचुलाई। बषमकूल। श्वत राजी। बृहत्फला ॥ गुण ॥ पटोल के से गुण है और विशेष करके दुवले को नफा करै है काविज है मद को दमे को रक्त पित्त को बिष को जीते है ॥ पालक नाम ॥ पालक्य। बास्तुका कार। छुरिका। विरलाक्ष ॥ गुण ॥ ठंढी है कफ को करै है और भारी है ॥ पोई नाम ॥ पोतकी। प्रोढिका। मत्स्यकाला। तुंगिका ॥ गुण ॥ ठंढी है तर है कफ को क

रे है वायु पित्त को जीते है चेपदार है वीर्य को पैदा करता है रक्तपित्त को हरै है ॥ लोनियानाम॥ लोणिका । वृहत् । घोटाकुटीर । गुराड़रः गुराड़रक । फंजी । फंजीरक ॥ गुण ॥ खुश्क है भारी है ठंढी है सर है काबिज है कड़वी है दीपन है पचने के समय मीठी है ॥ फंजीनाम गुण ॥ फंजी गर्म्म है वातल है दमा खाँसी कफ को हरै है ॥ सुसा ससरीनाम ॥ सनिखम्भा । स्वस्तिक । बदर । तिल पर्णीक ॥ गुण ॥ ठंढी काबिज मूर्छा त्रिदोष को जीते है ॥ रूंदियानाम ॥ सूक्ष्मपत्र । तीक्ष्णकः । प्राठ पुष्प । सुबोधक ॥ गुण ॥ कफ को वायु को हरै है तीक्ष्ण है पित्त को हरै है उसका फल बादी है रक्त पित्त को दमें को कफको हरै है खोर ठंढक है खुश्क है बादी है काबिज़ है कफको दूर करता है इतने गुण हैं ॥ नासियानाम ॥ धना गमी इक्ष्वल्ली । वास्तिज ॥ गुण ॥ तीनों दोषों को हरै है उसका फूल मीठा है सर है उसका फल बादी है ॥ सफेदनाड़ीनाम ॥ सिती वार । कुरटी । नाड़ी । नालिका ॥ गुण ॥ पुष्ट है सूजे को हरै है वायु पित्त को करै है नाड़ी हलकी है ठंढी है पित्त को हरै है कफ वायु को हरै है ॥ सरसों कड़सागनाम ॥ सार्षप । सर्ष पोद्भूत । कासुंमज ॥ गुण ॥ सरसों का साग विष्टा को मूत्र को वन्ध करै है भारी है गर्म है वायु को करै है कड़का साग मीठा है खु

रूक्ष है कफको हरै है पित्त को करै है हलका है इतने गुण दोनों सागों मे हैं ॥ चणों का साग नाम ॥ चाणक शाका ॥ गुण ॥ कफ को वायु को जीते है ॥ मटर का साग नाम ॥ केहुल । कलायशाक ॥ गुण ॥ भेदी है हलका है पित्त को कफ को दूर करै है ॥ चांगेरी नाम ॥ चांगेरी । अम्लिका । चुक्रा चुक्राम्लीका । चतुष्पदा ॥ गुण ॥ दीपन है हलकी है कफको वायु को जीते है पित्तल है संग्रहणी को ववासीर को कुष्ठ को अती सार को जीतती है ॥ कसौदी गाजर साग नाम ॥ कासमर्द । कर्कश । मंजन । गाजर ॥ गुण ॥ हलका है गले को अच्छा है खांसी को विषको लोहू को हरै है गाजर का साग कड़वा है तेज है गर्म है दीपन है हलका है काविज़ है रक्तपित्त को ववासीर संग्रहणी कफ वायु को जीते है ॥ मूली नाम ॥ मूलक । हस्तिदंतक । बालमूल । कपोतिका ॥ गुण ॥ रूक्ष है गर्म है पाचन है हलका है तीनों दोषों को हरै है स्वास को गले को नेत्र रोग को पीनस को हरै है बड़ी भी ऐसी ही है भारी है गरम है तीनों दोष को पैदा करै है रूखी हुई चिकनी है तीनों दोषों को हरै है सूखी मूली विष को सूजन को हरै है हलकी है त्रिदोष को हरै है उसका फूल कफ पित्त को हरै फल कफ वायु को जीते है ॥ करीर नाम ॥ करीरक । गूढ़पत्र । क्रकच । ग्रन्थिल ॥ गुण ॥ कड़वा है भेदी है तेज है गरम है कफ को वायु को जीते फोड़े को सूजन को विष को ववासीर

को हरे है उसके फूल कफ पित्त को हरे हैं फल काविज है कसेला है गरम है मीठा है कफ पित्त को दूर करता है ॥ सोंहजना नाम ॥ शिग्रु सोभाञ्जन । कृष्ण गन्ध । वहुल छद । लाल मधु । शिग्रु कहावे है और सुपद हरित छद कहावे है उसके बीज सफेद हैं सो तेज गरम हैं नेत्रों को हित है काविज़ है अग्नि को वढावे है कफ वायु को जीते है गरम है वुद्धि को तिल्ली को फोड़ को दूर करे है लोहू को पित्त को मीठा है सहजने के गुण भी वैसे ही हैं विशेष करके दीपन है उसका फूल भारी है काविज है बादी है कफ को पित्त को जीते है और फूल कसेला है गरम है काविज है मधुर है कफ को पित्त को दूर करे है इतने गुण सोंहजने में हैं ॥ लहसन नाम ॥ लशुनं । उग्र गन्धा । जवनेष्ट । रसोनक । गञ्जन । महाकुन्द । जञ्जरी । दीर्घ पत्रक ॥ गुण ॥ पुष्ट है तर है गरम है पाचन है टूटे को जोड़े है भेदी है भारी है पित्त लोहू वुद्धि को पैदा करे है रसायन है कफ को दमे को खांसी को गोले को ज्वर को अरुचि सूजन को प्रमेह को ववासीर को कुष्ट को शूल को वायु को कृमि को दूर करे है और पात उसके मीठे खारी है नाल मीठे चपदार हैं इतने गुण लहसन में हैं ॥ पियाज नाम ॥ पलाण्डु । धवलाख्य । दुर्गन्धा । सुखदूषक । और दूसरी प्याज लताक दुद्रुम ॥ गुण ॥ लहसन के गुण हैं कफ को हरे है पित्त को वहुत नहीं वढावे है वहुत गरम है पचने में मीठा है ॥ गाजर नाम ॥ गृञ्जन पि

तल है काबिज है तेज है गर्म है रोग को हरै है ॥ जिमीकन्दनाम ॥ सूरण । कन्दलकन्द । गुदा मयहर । वज्रकन्द सुरेन्द्र । चित्रकन्दक ॥ गुण ॥ दीपन है खुश्क ववासीर को हरै है हलका है और दूसरा वज्रकन्द कफ को हरै पित्त को लोहू को हरै ॥ अस्थिसिंही नाम ॥ अस्थि शृंगलिका । वज्रग्रंथि । मानाऽस्थि संहिति ॥ गुण ॥ पुष्ट है कफ करै है मीठी है ठंढी है टूटे को जोड़ै है बल करै है पित्त को लोहू को वायु को इतने रोगों को फायदा देती है ॥ वाराही कन्द नाम ॥ वाराही । मागधा । ऊटष्टि । तत्कन्द । सौकर । किटि ॥ गुण ॥ पित्तल है रूक्ष स्वच्छा है मीठा है तेज है रसायन है आयुर्बल वीर्य को अग्नि को बढ़ावै मूर्छा को कफ को कुष्ट को वायु को दूर करता है ॥ मूसली नाम ॥ मूसली । तालपत्री । बालिनी । तालमूलिका ॥ गुण ॥ पुष्ट है गरम है ववासीर को वायु को दूर करती है उस्का कन्द वीर्य को बढ़ावै है बल करै है पित्त वायु को जीतै है ॥ कदुकनाम ॥ कदुक । पीलिनी । पत्रकन्द । स्वलापिनी ॥ गुण ॥ बातल है काबिज है दीपन है कफ वायु को हरता है ॥ भूछत्र नाम ॥ भूछत्र । पृथ्वीकन्द । सीलीध्र । वलक ॥ गुण ॥ ठंढा है बल करै है भारी है भेदी है त्रिदोष को हरता है ॥ स्थूलकन्द मानकन्द नाम ॥ स्थूलकन्द । मानकन्द । माणक । महकन्द ॥ गुण ॥ भारी है कफ वायु को

है पित्त को सूजन को जीते है मान कन्द ठंढा है मीठा है पित्त को लोहू को हरे है भारी है ॥ कसेरू सिंघाड़ा नाम ॥ कसेरुक । स्वल्पकन्द । बृहद्राज । कसेरुक । सिंघाड़ शृङ्गाट । जलकन्द । त्रिकोण । त्रिकुट । दात्रिक ॥ गुण ॥ कसेरू ठंढा है मीठा है पित्त को लोहू को दाह को जीते है काबिज़ है वीर्य को वायु को कफ को पैदा करे है ॥ पिण्डालू माध्यालू शंखालू काष्ठालू हस्तालू नाम ॥ पिण्डालुक । वृष्य गन्धा । मध्यालू । रामसं । शंख संकाशी । काष्ठालू । स्वल्पकाष्ठक । हस्तालुक । महत्काष्ठ । रक्तालू । आलू । रक्तकन्दक ॥ गुण ॥ आलू सब ठंढे हैं काबिज़ हैं मीठे हैं सर हैं मूत्र को मल को उपजावे है खुश्क हैं रक्तपित्त को दूर करे हैं कफ वायु को करे है बल को पुष्ट है स्तनमें दूध को बढ़ावे है पिंडालू अभिष्यंदी है तेज है गरम है दोषों को पैदा करे है भारी है मध्यालू पित्त को करता है किल्लूट नाम ॥ केल्लूट । स्वल्पविटप । किटुक । स्वादकन्दक ॥ गुण ॥ ठंढा है काबिज़ है पित्त को हरे है कफ वायु को जीते है ॥ इन सबके गुण ॥ बहुत पुराने और सख बुरी धरती के उपजे उनमें बहुत ठंढे सांप आदिक के दूखे हुये साग खाने मना है छूट मूलीके ॥

इति श्री मदन पाल विरचित निघण्ट भाषायां शा

क वर्गः सप्तमः ॥ ७ ॥ पानी नाम ॥ पानीय। जीवन। नीर। कीलाल। अमृत। जल। आप। तोय। अम्भ उदक। पाथ। अम्बु। सलिल। पय ॥ गुण ॥ ठंढा है हृद्य है पित्त को विषको भ्रम को दूर करे है दाहको अजीरण को मांदगी को छर्द को नशे को मूर्छा को मदात्यय को जीते और इतनी जगह पानी भला नहीं है खासीमें प्रमेहमें अरुचिमें दमें में पाण्डुरोगमें वायु के रोगमें पसली के दर्द मे घी तेल पियेपीछे गले के रोगमें नये ज्वरमें संग्रहणीमें जुकाममें अफरेमें हुचकीमें गोलके रोगमें वृद्धमें इतने रोगों के ऊपर पानी औगुन करे है ॥ अब जुदे २ पानी के गुण कहे हैं ॥ दिव्य तरवार की धारसे चार विधिका है फिर जिस के दो प्रकार हैं एक तो आधर गंगा है और एक आकाशका तिन दोनों में गङ्गा धार को श्रेष्ठ है आश्विन के महीने में जो वर्षे है सो समुद्र का जल भी गङ्गा हीं की तुल्य है सो आसोज के जल को लेके सुवर्ण वा मिट्टी के भांडे में धरे और चांवल रन्धे हुए उसमें डाल रक्खे जो वैसहीं रहे और गलें नहीं तो जानिये गङ्गा का जल है सो वह पानी सारे रोगों को हरता है और समुद्र का पानी खारी लोन मिला हुआ वीर्य को दृष्टि को नाशक है और दिव्य नदी से जो पानी निकसा होय सो जीवन है हलका है रसायन है प्यास मूर्छा तन्द्रा दाह को कृमि को दूर करता है चन्द्रमा से जो निकसे जल सो रसायन है बल

दाई है दम तन्द्रा त्रिदोष को हरै है दमें को हरै है ह
पै उप जावे है श्रम को हरै बुद्धि को बढ़ावै है ॥ दि
व्य जल गुण ॥ वैसा ही भूमि पै पड़ा हुआ जल
है कूप का जल कफ को हरै है खारी है पित्तल है दी
पन है हलका है नदी का जल दीपन है हलका है
रूखा है वादी है लेखन है सर का जल मीठा वलद
ई है प्यास को हरै है कैसला है हलका है ताला व
का जल वादी है मीठा है कैसेला है पचने में कड़ुआ
है वायु को कफ को हरै है झरने का जल लेखन है
हृद्य को हरै है दीपन है हलका है उदभि जल हल
का है पित्त का हरने वाला है अविदाही है बहुत दी
पन है चौआ जल अग्नि को बढ़ावै है रूखा है
मीठा है कफ करने वाला नहीं है पचने में भारी
है दोष पैदा करै है ओस का वादी है ठंढा है खुश्क
है पित्त को कफको करै है धरती पै जो धार पड़े
सो पानी दिव्य कहावै है सो सब दोषों को दूर कर
ता है गड़े का जल ठंढा है खुश्क है कफ़ को वायु
को हरता है बरफ का जल बहुत भारी है पित्त को
हरनेवाला है वायु को बढ़ावै चन्द्रकान्त जल
खुश्क है हलका है पित्त को विष को लोहू को
दूर करै है और जिस जल पै दिन को तो धूप रहै
रात को चांदनी रहै उस को हंसोदक कहे हैं सो
चिकना है त्रिदोष को हरै अभिष्यन्दी नहीं है
आकाश के जल की तुल्य बल करै है बुद्धि को बढ़ा

वे है ठंढा है हलका है अमृत की तुल्य है वर्फ का जो पानी है सो उद्भिज भी श्रेष्ठ है शरद ऋतु में स्वच्छ पानी लेना सब को भला है हेम ऋतु में सर का तालाब का पानी गुण करे है वसन्त ऋतु में और ग्रीष्म में कुंए का बावड़ी का झरने का जल पीना गुण करे है वर्षा ऋतु में चुआ हुआ पानी गुण करे है जिस नदी का पानी मन्द बहे सो भारी है गङ्गा जमुना सरयू ऊंच की बहुत गुण करे है पित्त को हरे है वायु को कफ को हरे है मलयाचल से जो नदियां निकसी हैं उनका जल हलका है जल्दी बहे है कृतमाला ताम्रपर्णी आदि लेके इनका पानी निर्मल है उद्भव पानी से पीलया अपची रोग पैदा होय है सूजन पांव शिर गले के रोगों गांठ कृमि ये रोग होय हैं पर्वत से जो निकसी नदियां तिनमें वेनी और गोदावरी मुख्य हैं सो व कुष्ठ को वायु को कफ को हरे हैं विन्ध्याचल से जो निकसी हैं रेवा कू आदि देके पांडु रोग कुष्ठ पैदा करे है पारिजात से जो निकसी हैं सो दो २ तरह की हैं चर्म्मन्वती आदि तालाब सें निकसी हैं सो पथ्य हैं त्रिदोष को जीते है बल करे है सादरी से जो निकसी हैं सो कुष्ठ गले के रोग को कफ को पैदा करे है और मरुजी नदियां बल करे हैं हलकी हैं अग्नि को बढ़ावे हैं पश्चिम से जो नदियां आई हैं गोमती नर्बदा आदि हैं पथ्य हैं वायु को लोहू को पित्त को हरे है बल दे है खुजली को क

३३ ३३ ३३ ३३ ३३ ३३

फ को हरे है दक्षिण दिशा के समुद्र को जो गई हैं सो बल करे है पित्त को हरे हैं कफ बाय को पैदा करे है पूर्व बाहनी नदियां मन्द चलने वाली हैं बल पौरुष बढ़ावे हैं धरती के पानी प्रात समय लेने भले हैं पानी तो निर्मल और ठंढा है सो गुण दाई है भोजन से पहले पानी पीवना दुबला करे है अग्नि मन्द करे है और बीच में पीवने से अग्नि दीपन करे है अन्त में पीवने से मोटा करे है कफ को है सारे प्रानियों का जीवना पानी ही से है ताते पानी कहीं मने नहीं है कहीं गरम कहीं ठंढा कहीं औटाया कहीं औषध के साथ कहीं मने नहीं है कच्चे अजीर्ण में औटाया पानी पक्के अजीरण में नितरा पानी देना योग्य है अनूप पानी दोषों को पैदा करे है अभिष्यन्दी है बुरा है और जांगल पानी सारे दोषों को हरे है अग्नि को दीपन करे साधारण ठंढा मीठा प्यास का हरने वाला खुशी देने वाला हलका है बर्षा का लिया हुआ पानी पीवे तो बाहर भीतर के रोग पैदा होय और जिस पानी में तिनके कूड़ा मिला हो बुरी दुर्गन्धें वस्तें मिली हों और सूर्य चांद की किरणें उसपै न पड़ी हों सो सब दोषों को कुपित करे है वह पानी पीजिये नहीं बिगड़े पानी को आग पर औटावे तो निर्दोष हो जाये है कपूर पुन्नाग पाटल इन से बसाये से निर्दोष हो जाय है और जो पानी औटाया होय वा झाग उसमें

नहीं होय और निर्मल होय सो सबदोषों को दूर करै है दीपन है पाचन है हलका है गर्म्म है अग्नि को पैदा करै है मूत्राशय को सोधै है पसली के दर्द को जुखाम को अफरे को हुचकी को अग्नि कफ को हरै है जो चौथाई जला होय तो वायु को हरै है अधजला होय तो पित्त को जीतै है और तीन हिस्से जलगया होय तो कफ को हरै है कबज़ करै है हलका है अग्नि को बढ़ावै है वायु को दूर करै है अजीर्णों को तुरन्त पचावै है चौथाई रहा हुआ पानी ग्रीष्म और शरद ऋतु में रात्रि को पीवना भला है हेमन्त और वर्षा और शिशिर ऋतु में आधा रहा पीवना योग्य है ठंढा पानी सदा पथ्य है हलका है त्रिदोष को दूर करै है दिन का औटाया रात को भारी है कच्चा पानी एक प्रहर में तिस से आधी देर में औटाया ठंढा किया हुआ होय है एक मुहूर्त में गरम जल होय है अरोचक में जुखाम में प्रसेक में सूजन में क्षयीमें मन्दाग्नि को उदर रोग में कुष्ट में नेत्र रोग में फोड़े में मीठे प्रमेह को पानी थोड़ा पीजिये नारियल का पानी चिकना मीठा है ठंढा है हृद्य है दीपन है वस्ति साधन है पुष्ट है पित्त को प्यास को दूर करने वाला है भारी है और ऐसाही पुराना पानी है काविज है हलका है और पित्तल है ॥ इति पानीय वर्गः ॥ अथ दूधनाम ॥ दुग्ध। प्रस्नवण। सौम्य। क्षीर। संजीवन॥ पयः॥ गुण॥ बल करै है ठंढा है

मीठा है वायु को पित्त को हरता है चिकना है रसायन है बुद्धि को बढ़ावे है जीवन है धातों को बढ़ावे है रक्तविकार को दमे को क्षयी को बवासीर को भ्रम को दूर करे है भारी है बालक बूढ़े को दुबले को स्त्री को असन्न को गुण करे है प्राण धारियों को मुफ़ीद है ॥ गाय का दूध ॥ गाय का दूध मीठा है ठंढा है भारी है चिकना है रसायन है पुष्ट है स्तन में दुग्ध बढ़ावे है रक्त अच्छा करे है वायु पित्त को हरे है सफेद गाय का दूध कफ़ करे है भारी है बाल वत्सा विवत्सा गाय का दूध त्रिदोष को हरे है बल खाने वाली का कफ़ हरे है और भारी है ॥ बकरी का दूध॰ ॥ गाय के दूध की तुल्य है दीपन है हलका है क्षयी को बवासीर को अतीसार को प्रदर को लोहू को भ्रम को ज्वर को नाश करे है जो बकरी छोटी होय और कड़वा और तेज चारा चरती होय और थोड़ा पानी पीती हो उस का गुण यह है कि सारी बीमारियाँ उस के दूध से जाती रहे हैं ॥ भेड़ का दूध॰ मीठा है दुबला है चिकना है वायु को कफ़ को हरे है ॥ भारी है जो खांसी वायु से हो तरी से वायु में अच्छा है ॥ भैंस का दूध॰ ॥ मीठा है पुष्ट है बल करे है चिकना है भारी है नींद को वीर्य को करता है ठंढा है बहुत अभिष्यन्दी है अग्नि को हरे ॥ स्त्री का दूध॰ हलका है ठंढा है दीपन है वायु को पित्त को जीते है नेत्र दर्द को दूर करता है नास के लेने से ॥ ऊँटनी का दूध॰ ॥ खुश्क है बहुत गर्म है सलोना है हलका

है वायु को कफ को अफरे को कृमि को सूजन को उदर रोग को बवासीर को इतने रोगों को फायदा करता है ॥ **हथनी का दूध०** ॥ मीठा है बलकै है नेत्रों को नफा करै है ठंढा है भारी है गर्म है रूखा है सलोना है हलका है दीपन है कृमि कुष्ट को कफ को अफरे को सूजन को उदर रोग को दूर करता है ॥ घोड़ी का दूध० ॥ गरम है खुश्क है बल करै है सूजन को वायु को नफा करै है एक खुर जानवरों का सब का दूध सलौंना है खट्टा है हलका है धार का गरम होय सो दीपन है बल करता है हलका है ठंढा है त्रिदोष को हरै है और धारा सीत भी वैसा ही है अमृत की तुल्य है त्रिदोष को जीतै धारा गरम गाय का अच्छा धारा शीत भैंस का अच्छा औटाय के ठंढा किया हुआ बकरी का अच्छा औटाया हुवा पित्त को जीतै है औटाय के गर्म करके पीवै तो कफ को वायु को हरता है बहुत औटाया हो तो भारी है चिकना है पुष्ट है बल को बढ़ावै है आम बात को पैदा करै है अभिष्यन्दी है बहुत भारी है और स्त्री का कच्चा दूध वैसा ही है और पक्का त्रिदोष को करता है प्रभात का दूध पीना कबज़ करै है भारी है पुष्ट है रात्रि के दूध पीने मैं सिवाय गुण है व्यायाम कर जाम दोषों को व्यायाम को मांदगी को दूर करै है बल करै है नेत्रों को गुण करै है वायु को पित्त को दूर करै है बहुत धूप से जो तचा होय अथवा

म किया होय अथवा आगसे ताया है होय तो दूध पीना मना है और जिस दूधका रङ्ग बिगड़ गया हो या दुर्गन्ध होगई होय खट्टा हो या लोन पड़ से फट गया होय सो भी पीवना मना है कुष्ट आदि रोगोंको बढ़ावे है और दूधके ऊपर औटाये से मलाई जो हो जाती है उसको सन्तानिका कहे हैं सो भारी है ठंढी है पुष्ट है पित्त को लोहू को वायु को दूर करे है सात राते का रहा दूध लोन का मिला दूध नष्ट हो जाय है सो भी बुरा है तुरन्त की ब्याही गायका दूध पीयूषघन कहावे है और पके को जलाया होय तिस को दधि कूर्चिका कहे हैं और बिना पकाये जो जमावे तिसको किलाट कहे हैं सो ओज को बढ़ावे है नींद को करे है भारी है कफ को करे है पुष्ट है दिल को कुव्वत करे है वायु को अग्नि को करता है खुश्क है काबिज है इतने गुण हैं ॥ इति दुग्धवर्गः ॥ × × × ×

अथ दही के भेद गुण ॥ दही के तीन भेद हैं मीठा खट्टा बहुत खट्टा ॥ गुण ॥ दही गरम है दीपन है चिकना है कसैला है पचने में खट्टा है ग्राही है पित्त को लोहू को सूजन को चरबी को कफ को पैदा करे है सोजाक को जुखाम को सीताङ्ग को विषम ज्वरको अतीसार को अरुचि को दुर्बल को गुण करे है बल बढ़ावे है मन्द तीनों दोषों को पैदा करे है और मीठा वायु को पित्त को जीते है खट्टा पित्त को लोहू को कफ को पैदा करे है रक्तपित्त को पैदा करे है खट्टा मीठा के गुण तुल्य है ॥ गायका दही ॥ उत्तम है ब=

ल करे है पचने के समय मीठा भोजन पे रुचि करावे है दीपन है तर है पुष्टाई करे है बायु को दूर करता है ॥ बकरी का दही ॥ उत्तम है काबिज है हलका है त्रिदोष को दूर करे है दम को खांसी को बवासीर को चई को अच्छा है और दीपन है ॥ भेड़ का दही ॥ अभिष्यन्दी है पचने के समय मीठा है ॥ भैंस का दही ॥ बाय पित्त को जीते है पुष्ट है पचने में मीठा है भारी है लोहू को बिगाड़े है ॥ स्त्री का दही ॥ बल करे है पचने में मीठा है आंखों को अच्छा है अग्नि को बढ़ावे है ॥ हथनी का दही ॥ कसैला है बायु को जीते है ॥ ऊंटनी का दही ॥ पचने में कड़वा है भेदी है खारी है खट्टा है उदर रोग को कुष्ट को बवासीर को शूल को कब्ज को बायु को कृमि को हरे है घोड़ी को आदि लेके एक खुरे जानवरों का दही रूखा है अभिष्यन्दी है दोषों को हरे है दीपन है मीठा है नेत्रों को गुण करे है बायु कफ मूत्र को पैदा करे है सारे दहियों में गाय का दही बहुत श्रेष्ठ है और दही तर है बायु को हरे है कफ को पैदा करे है भारी है बल और पुष्ट करे है कफ को पैदा करे है पित्त को बहुत नहीं पैदा करता और गाय दूध का जमा हुवा भोजन पे रुचि उपजावे है तर है गुणदाई है पित्त को कफ को हरे है सब धातों को और बल को बढ़ावे है और छुवा दही काबिज़ है पित्त को हरे है हलका है दीपन है रुचि करे है सङ्ग्रहणी को दूर करता है खांड़ के साथ दही श्रेष्ठ है प्यास को पित्त को लोहू को दाह को जीते है खांड के सा

घ बादु को जीते है बल करे है पुष्ट है भारी है बसन्त शरद ग्रीष्म ऋतु में दही मना है और हेमन्त शिशिर वर्षा ऋतु में गुण करता है और सोजाक में अरुचि में दुबला पन में शीताङ्ग में बिषम ज्वर में अतीसार में जुखाम में इन में दिन में दही खाना अच्छा है रात्र के समय दही पानी घीव मिला हुवा अच्छा है ॥

इति दधि वर्गः ॥ अथ छांछ गुण ॥ और इसको बिलोय के और रस समेत दही में आधे पानी मिले तिस को छांछ तत कहते हैं छांछ काबिज है कसैला है खट्टी है मीठी है दीपन है हलकी है गर्म बल करे है खुष्क है वायु को दूर करे है सूजन को विष को छर्दि को प्रसेक को बिषम ज्वर को इतने रोगों को जीते है पाण्डु रोग को चर्बी को संग्रहणी को बवासीर को मूत्र ग्रह को भगन्दर को इतने रोगों को हरती है प्रमेह को अती सार शूल को ताप तिल्ली को कफ को कृमि को श्वित्र को कोढ को तृषा को उदर रोग को अरुचि को इतने रोगों को हरती है निदाघ में शरद में दुबला पन में भ्रम में मूर्छा में पित्त में लोहू के दोष में शोक में इन में छांछ बहुत बुरी है जाड़े में संग्रहणी को बवासीर को कफ वायु के रोगों को सोत के बन्ध होने में मन्दाग्नि में छांछ अमृत की तुल्य है छांछ मन मीठी कफ को हरे है वायु पित्त को हरे है खट्टी वायु को हरे है लोहू को पित्त को कोप करे है वायु के

वास्ते खट्टी छांछ सेंधा नोंन मिली हुई और पित्त के वास्ते मीठी खांड़ के साथ पीवे और रोग में त्रिकुटा और जवाखार मिलावे तो गुण करे है और खोसमेत छांछ पथ्य है और थोड़ा घीव जिस में रहा हो बहुत पुष्ट है भारी है कफ को दूर करता है और जैसे जिसके दही में गुण है वैसे २ उसकी छांछ में गुण है ॥ इति तक्र वर्ग्गः अथ नवनीत वर्ग्गः और दही के मथने में जो माखन निकसे है तिसको नवनीत कहे हैं नवनीत हलका है कादिज है मीठा है ठंढा है वुद्धि को बढ़ावे है कसैला है खट्टा है पुष्ट है पित्त वायु को हरे है अग्नि को बढ़ावे है नेत्रों को गुण करे है क्षयीको ववासीर को फोड़े को खांसी को दूर करे है तिस माखन को निकासे हुए बहुत देर हुई हो सो भारी है चरबी को कफ को पैदा करे है सूजन को दूर करे है बल करे है पुष्ट करे है और बालकों को अमृत की समान है दूध से उठाया हुवा बहुत चिकना है आंखों को गुण करे है रक्तपित्त को जीते है पुष्टाई करे बल करे ग्राही है मीठा है ठंढा है इतने गुण नवनीत में हैं ॥ इति नवनीत वर्ग्गः ॥ अथ घृतवर्ग्गः ॥ घृत । आज्य हवि । सर्पि । आधीर अमृत ॥ गुण ॥ घीव रसायन है मीठा है नेत्रों को गुण करे है भारी है दीपन है ठंढा है जहर को दरिद्र को वायु को पित्त को दूर करता है थोड़ा अभिष्यन्दी है कान्ति को ओज को तेज को रंग को बढ़ावे है बुद्धि को पैदा करे है उदावर्त्त ज्वर को उन्माद को शूल को अफरे को फोड़े को दूर करता है चिकना है कफको

पैदा करे है रुची को बिसर्प को लोहू को दूर करता है दूध से जो घीव हुआ होय सो काबिज़ है ठण्ढा है आंखों के रोगों को दूर करता है पित्त को दाह को लोहू को मद को मूर्छा को भ्रम को बायु को हरता है और पुराना पचने के समय कडुवा है तीनों दोषों को हरता है कान के शिर के नेत्र के दर्द को खोता है कुष्ठ को मृगी को सूजन को भग के रोगों को ज्वर को दमे को बबासीर को गुल्म को पीनस को दूर करता है दीपन है बायु को नस्य को कृमि को अच्छा करे है घीव के मराड के भी घीव की तुल्य गुण करे है तेज है हलका है सर है जो घीव दश बरष के ऊपर का होय उसे कौंच कहते हैं तेज है गर्म है हलका है तिस से महा घृत गुण में श्रेष्ठ है और जैसा जिस के दूध का गुण है वैसाही उसके घृत का गुण है सब में गाय का घृत श्रेष्ठ है भेड़ का नेष्ट है ॥ इति घृत वर्गः ॥

अथ तैल वर्गः ॥ तैल गर्म है भारी है बल को रंग को करे है पुष्ट है बिकासी है बिशद है मीठा है पचने के समय सूक्ष्म है कसैला है तेज है कफ बायु को दूर करता है मू::बती है रक्तपित्त को कान के भग के शिर के दर्द को और नेत्र के रोग को दूर करता है और मथा हुआ टूट को जोड़ता है और सर्पादिक के विष को हरे है और जखम को अग्नि के दोषों को पथ्य है पीवने से मलने से भी घीव तो पका हुवा एक वर्ष में उपरान्त हीन बीर्य होजाय है और तैल पकाया हुआ अथवा बिन पका हुआ बहुत पुराना

अति गुण दाई है ॥ इति तिल तैल गुण: ॥ अथ
एरण्ड तैल गुण: ॥ अथ एरण्ड तैल गुण ॥ ए
रण्ड का तैल मीठा है गरम है दीपन है शोधन है:
वायु को उदर रोग को अफरे को गोले को अष्टी:
ला कमर के पकड़े जाने को वायु को लोहू को सूज
न शूल के वद को फ़ायदा करता है पुष्ट है रुचि उप-
जावे है बुद्धि को कान्ति को बल को पैदा करता है क
सैला है अग को वीर्य को शुद्ध करता है और सूक्ष्म
है एरण्ड तैल में इतने गुण हैं ॥ इति एरण्ड तैल:
गुण: ॥ पृथ्वी का पीलू का हस्ती मूत्र का जमाल:
गोटे की जड़ का मूलक का शिगन का और नीम का
अलसी का करंजवे का आक का हस्त कर्णा का इंगु
दी शंखिनी कपिल्लक का चिल्लक का मालकांग
नी का कुसुम्भ का सरसों का इतनों का तैल सब चै
ल है पचने के समय कड़ुवा है तेज है सर है हलका है
कुष्ट कफ़ प्रमेह मूर्छा मद कृमि को हरे है ॥ अथ नि
म्बादीनां तैल गुण ॥ अथ अलसी तैल गुण ॥
अलसी का तैल अग्नि को पैदा करे है चिकना है ग
र्म है कफ पित्त को हरे है पचने के समय कड़ुवा है आं
खों को गुण करता है वायु को हरता है और भारी है
इति अलसी तैल ॥ अथ सरसों तैल गुण ॥ सर
सों का तैल कृमि को दूर करता है कुष्ट को खुजली को दूर
करता है हलका है पित्त को लोहू के दोषों को दूर कर
ता है और विष को हरता है कान के शिर के रोगों को

दूर करता है ॥ अथ कुसुम्ब ॥ अथ मालकाङ्गनी तैल गु· मालकांगनी का तैल पित्त को पैदा करता है बुद्धि को स्मृति को बढ़ावै है कुसुम्भ का तैल कड़ुवा है नेत्रों को बुरा है बल करता है वायु को दूर करता है तेज है बिदाही है गरम है तीनों दोषों को दूर करता है ॥ अथ नारियल तैल गु· नारियल का तैल पित्त वायु को हरता है बालों को बढ़ावै है भारी है और कफ को करता है ठंढा है ॥ इति नारियल तैल ॥ सिंसपाल तैल गु· सिंसपाल का तैल भारी है सरल है वायु के रोगों को जीते है कसैला है कड़ुवा है तेज है कुष्ट फोड़े को दूर करता है वात रक्त को बिष को कफ खुजली को कुष्ट बायु को हरै है ॥ अथ भिलावा तैल गु· भिलावे का तैल कसैला है गर्म है मीठा है तेज है चर्बी को कुष्ट को त्रिदोष को लोहू को प्रमेह को कृमि को हरै है अथ पालास मधूक पाटला तैलः गु· पलास और पटोल का तैल कसैला है मीठा है दाह को और पित्त को कफ के रोगों को हरै है इस तैल में इतने गुण हैं ॥ अथ कूष्माण्डादि तैलः गु· पठा। त्रिपुस। बीर। तुम्बिका लिंब निम्बकः। छताप याल। जीवन्ती ॥ इनका तैल भारी है पचने में मीठा है ठंढा है मूत्र को बढ़ावै है अभिष्यन्दी है कफ बायु को पैदा करै है बायु पित्त को हरै है ॥ अथ एकैषिक तैलः गु· एकैषिक तैल ठंढा है पित्त को दूर करता

है कफ वायु को पैदा करता है ॥ अथ यव तिल्ल तैलः गु॰ यव तिल्ल तैल तेज है रसायन है दीपन है लेखन है बुद्धि को बढ़ावे है पथ्य है तीनों दोषों को दू करता है ॥ आंब तैलः ॥ आंब की गुठली का तेल सर है तेज है मीठा है रूखा है बिषाद है सुगंधित है आंब के तेल में इतने गुण हैं यह स्थावर तेल बायु के दूर करने वाले हैं इन सब तेलों में तिलौं का तेल श्रेष्ठ है और गांव के जानवरों की चरबी का तेल भारी है मीठा है गर्म्मी है बायु का नाश करता है और जङ्गल के एक खुरे जानवरों की चरबी का तेल कसैला है हलका है ठंढा है रक्त पित्त को दूर करता है घीव तेल और चरबी और मज्जा बायु को दूर करने वाली है पहले से दूसरा अधिक है ॥ इति तेल बर्ग्गः ॥ समाप्तः ॥

अथ मद्य बर्ग्गः ॥ मद्य हाला । सुरा सुराडा । मदिरा । बारुणी । गन्धोत्तमा । बल्या । देव स्रष्टा ॥ गुण पित्त को पैदा करे है सर है रोचन है दीपन है विदाही है मूत्र को विष्ठा को पैदा करे है तेज है कफ बायु को खावे है विधि से भोजन के साथ पीवे तो अमृत की समान है तर है पीवे तो रोगों को पैदा करती है बहुत पीवे तो विष की समान है और अंगूर की मदिरा विदाही नहीं है रक्त पित्त की बीमारी में गुण करे है बलपुष्ट को करती है लोहू की बवासीर को दूर करती है और महुवे की मदिरा में उस्से थोड़े गुण हैं खजू की मदिरा बादी है और वैसी ही साली की पोसी

हुई को दारू है रुचि करे है कफ को हरती है हलकी है पुनर्नवा और शाली की दारू भारी है स्वादु दोष होवे है पुष्ट है चरबी को कफ को पैदा करती है काबिज है सूजन को गोला को बवासीर को संग्रहणी को सोजाक को हरती है और सुरा की तरह वारुणी भी हलकी है पीनस को अफरे को शूल को हरती है इस में मण्ड की सुरा अच्छी और उस में कादम्बरी और जंगल उस में नीची है और जंगली की भांति मदोपला है और जंगली का सार पक्कीस कहावे है सो मन को प्रसन्न करती है अफरा गोला बवासीर को छर्दि को अरोचक को वायु को हरे है दीपन है अफरे को हृदय के दर्द को शूल को दूर करती है और कादम्बरी भारी है पुष्ट है दीपनी है भारी है वारी है जगल कफ को दूर करती है काबिज है सूजन को बवासीर को संग्रहणी को इन को दूर करता है और मेदक मीठा है बल करे है बन्धेज करता है ठंढा है भारी है पक्कस जो बिना छाल की काबिज है वायु को बढ़ावे है किस वकवाय को दूर करता है दिल को औगुण करे है भारी है और शेष आदि सुरा पाण्डु रोग को सूजन को बवासीर पित्त लोहू को कफ कुष्ट को जीते है। कुछ एक वायु को करे है दीपनी रुचनी है हलकी है और जौवों को पीस के करी हुई दारू यव सुरा कहावे है और कान्तोली और कोहली और मैरेय धानों की आसव और सुरा दोनों एक भाजन में रक्खे उस को संधान कहते हैं और धावे के फूल को

र गुड़ और धानी का पानी इसकी बनी हुई भारी है और सब सुरा हलकी है काबिज़ है त्रिदोष को करती है और कोहली उसी की तुल्य है पुष्ट है अग्निको मन्द करे है और मैरेय पुष्ट है बलदाई है भारी है सर है और सब से बनी जो मदिरा होय उस को मधूलक कहे हैं भारी है मीठी है चिकनी है वीर्य और कफको पैदा करता है और सकेरा की दीपन है मीठी है पाचन है रोचन है हलकी है स्त्री बिलास करने वाली है बायु शोक बस्ति बिकार को दूर करती है और मध्वासव हलकी है खुश्क है कुष्ठ को प्रमेह को विष को दूर करता है गुड़ की अग्नि को बढ़ाती है रङ्ग को बल को बढ़ावे है कड़वी है और तिक्रवा पुष्ट है मीठी है मूत्र को बिष्टा को बायु को खोले है और इस के रस को पकाके करे तो उस को सीधु कहते हैं और कच्चे रस की बनी हुई शीत कहावे है सीधु श्रेष्ठ है आवाज़ को सफ़ा करे है अग्नि को बाल को रङ्ग को बढ़ावे है बायु पित्त को करती है दिल को कुव्वत करे है चिकनी रोचन है कब्ज़ को चर्बी को सूजन को बवासीर को शोक को उदर रोग को कफ को जीते है और शीत रसमेंस्से थोड़े गुण हैं लेखन है और जाम न कारस और गुड़ की काबिज़ है अभिष्यन्दी है कसैली है बादी है अरिष्ट है और आसव और साधि के गुण और कर्मों को जान के बरते हैं और न ई दारू अभिष्यन्दी है त्रिदोष को पैदा करने वाली है सरहै

दिल को ओ गुण करता है पुष्ट है दाही है दुर्गन्धी है निर्मल है भारी है गर्म है कृमि को कफ को वायु को हर है दिल को रफा करता है गुण भारी है हलकी है सातों को सुद्ध करता है सतों गुण वाले दारू पीके गावें हैं और रजो गुणी पुरुषों को साहस बढ़ावे है और तामसी खोटे कर्म करें बहुत सोवें ॥ इति मद्य भेदः ॥ अथ तृत्त वर्गः ॥ सुफ़ेद कफ को दूर करती है तेज़ है गर्म है हलकी है रोचन है पाचन है पाण्डु रोग को कृमि को दूर करती है खुश्क है भेदन है रक्तपित्त को कर है गुड़ की लाल और सुपेद दारू पहिली से दूसरी बहुत भारी है अभिष्यन्दी है और सौवीर और मारभील त्रिदोष को जीते है काँजी की पाचन है रोचन है हलकी है और सौवीर कच्ची वा पक्की जवों के तुषों की और गेहूँ की सुरा खट्टी सौवीर कडुवी के तुषों के पानी की दीपन है दिल को कुव्वत करे है पांडु रोग को कृमि को दूर करती है सौवीरक संग्रहणी को बवासीर को दूर करती है भेदन है दीपन है हलकी है सरस में यह को हरता है स्पर्श से दाह को हरे है पीवने से बायु को दूर करती है ॥ इति मद्य भेदः ॥

अथ मूत्र वर्गः ॥ मूत्र गाय का, हाथी का, भैंस का, घोड़ी का, बकरी का, भेड़ का, गधे का, ऊंट का, आदमी का, पसाब पाचन हैं दीपन हैं हलके हैं सलोने हैं खट्टे हैं तेज हैं खुश्क हैं धातों को शुद्ध करता है पित्त को पैदा

करते हैं कड़ुवे हैं दिल को कुव्वत करते हैं भेदी हैं बायु को दूर करते हैं बवासीर को गोले को शोकोदर को कफ को कृमि को कुष्ठ को पांडुरोग को अफरे को विष को शूल को अरुचि को दूर करते हैं गोमूत्र सोर मूत्र थोगो में अच्छा है हाथी का मूत्र विष को बवासीर को कुष्ठ को गोले को कृमि को जीते है भैंस का मूत्र सूजन को गुल्म को बवासीर को पाण्डु रोग को प्रमेह को खोता है घोड़ का भेदी है कफ दाह को कृमि को जीते है बकरी का गोले को विष को सूजन को दमें को कमल बायु को पाण्डु रोग को हरता है भेड़ का सूजन को गोले को बवासीर को प्रमेह को विष्टा के विबन्ध को दूर करे है गधे का काबिज़ है प्रमेह कुष्ठ उन्माद कृमि को हरता है ऊँट का सूजन को कृमि शूल उदर रोग को दूर करे है आदमी का मूत्र जरह करे है सेवन करे है नित्य तो रसायन है गाय बकरी भैंस का मूत्र स्त्रियों को रसायन है और गधा ऊँट भैंस घोड़ का मूत्र मर्दों को हितु है॥ इति मूत्र वर्गः॥ इति श्री मदन पाल विरचिते निघण्टे द्रव्य वर्णनो नामाष्टम वर्गः ॥८॥ ✱

अथ ईख नाम॥ इक्षु। महारस। बणानिः स्तनं। गुड़ पत्रक। तृण राज। मधु तृण। गण्डीर। मृदु पत्रक। ह्रस्व मूल। लोहितेक्षु। पौंड्रक। पंड्रक। रसाल। सुकुमार। कृषाक्षु। भारक॥ गुण॥ मीठा है भारी है ठंढा है पुष्ट है चिकना है बल दाई है बायु पित्त को खोता है मूत्र को कृमि को कफ को पैदा करता है जड़ उ

स की बहुत मीठी है और बीच का थोड़ा मीठा है और गांठ सलोनी है और लाल गांड़ा भारी है। मीठा है पुष्ट है कफ पैदा करता है सर है काला भी वैसा ही है बायु को करे है ठंढा है और कोशकार भारी है ठंढा है रक्तपित्त दाह को दूर करे है लूची पत्र : नीला पौंड़ा नेपाल दीर्घ पत्रक बाढ़ी है कफ पित्त को हरता है और इन का पीड़ा हुआ जो रस है सो पित्त को और लोहू को खोता है ॥ इति ईख ॥ अथ गुड़ गुण ॥ गुदा के रोग को कमल बायु को शोक को प्रमेह गोला पांडु रोग हलीमक बायु पित्त लोहू राज यक्ष्मा इतने रोगों को गुड़ खोता है भोजन की रुचि पैदा करता है और खांसी शोक में और गुदा के निकसने को खोता है गुड़ औटाय के बनाई होय उस को जवास शर्करा कहते हैं और फूलों की पुष्पासिता कहावे है और गुड़ के रस की जो होय उस को मत्स्यंडी कहे हैं काबिज है बल करे है भारी है पित्त को बायु को खोता है और सितोपला सर है भारी है बायु को पित्त को हरे है ठंढी है ॥ निचार्त्तनाम ॥ खंड सष्प रुचि करै है पुष्ट है बल कर्त्ता है ॥ खंडि नामानि ॥ माधवी । शर्करा ॥ गु० ॥ स्तुम्भक है कफ को हरै है भारी है ॥ मधुशर्करा नाम ॥ यवासा शर्करा ॥ गु० ॥ ठंढी है कफ पित्त को जीते है पुष्पसिता दिल को कुव्वत दे है रक्तपित्त को हरै है भारी है ॥ पुष्पवासित शर्करा नाम ॥ राब भारी है अभिष्यन्दी है दोषल है मूत्र को शोधै है ॥ राबनाम ॥ मधूक । फाणित ॥ गुण ॥ राब मूत्राघाय को औ गुल्म करे है बायु पित्त को पैदा करे

है और मधूकरी ह्रिदय को गुण करै है गुड़ी खारी है गुड़ मीठा बायु को पित्त को अग्नि को करै है सर है बल करै है कृमि को कफ को करता है मूत्र को लोहू को शुद्ध करता है पुराना गुड़ पुष्ट है हलका है पथ्य है अग्नि को करै है पुष्टाई करता है ॥ इति गुड़ वर्गः॥ ईख की जितनी वस्तु हैं तिनमें जितनी निर्म्मल हैं उतनी हीं गुण दायक हैं प्यास को दाह को मूर्छा को पित्त को लोहू को बिष को मोह को हरै हैं ठंढी है भारी है। मीठी है कुब्बती है चिकनी है बायु को हरै है सर है॥ इति इक्षु वर्गः॥ युवा पाठान्तरम्॥ शर्करा मं नाड़ी। अथ मत्स्यण्डिका। शर्करा। सुरभि सिता। अहिछत्रा। सिकता। सुधा शुभ्रा। सितो पला॥ गुण॥ मीठी है दिल को कुब्बत करती है बहुत भारी नहीं है बहुत हलकी भी नहीं है बायु को पित्त को हरती है ठंढी है तर है शर्करा ठंढी है पचने में मीठी है सर है दाह को प्यास को छर्द मूर्छा कृमि हरती है बायु को कफ को पैदा करती है पुष्ट है तृषा को अतीसार को जीते है नेत्रों को गुण करती है राब भारी है अभिष्यन्दी है पुष्ट है कफ को वीर्य को पैदा करती है बल करती है भारी है तर है बायु को दूर करती है मूत्र को शोधै है पित्त को बहुत नहीं करती है चरबी को और कफ को कृमि को करै है भारी है गुड़ पित्त को दूर करता है मीठा है बायु को हरता है लोहू को दूर करै है और पुराना गुड़ बहुत गुण दाई है पथ्य है खारी है मीठा है बुद्धि बढ़ावै है सोजाक को दूर करता है लोहू पित्त को शु-

स की बहुत मीठी है और बीच का थोड़ा मीठा है और गांठ सलोनी है और लाल गांड़ा भारी है ठंढा है पुष्ट है कफ पैदा करता है सर है काला भी वैसा ही है वायु को करै है ठंढा है और कोशकार भारी है ठंढा है रक्तपित्त दाह को दूर करै है सूची पत्र: नीला पौंड़ा नेपाल दीर्घ पत्रक बादी है कफ पित्त को हरता है और इन का पीड़ा हुआ जो रस है सो पित्त को और लोहू को खोता है ॥ इति ईख ॥ अथ गुड़ गुण ॥ गुदा के रोग को कमल वायु को शोक को प्रमेह गोला पाण्डु रोग हलीमक वायु पित्त लोहू राज यक्ष्मा इतने रोगों को गुड़ खोता है भोजन की रुचि पैदा करता है और खांसी शोक में और गुदा के निकसने को खोता है गुड़ औटाय के बनाई होय उस को जवास शर्करा कहते हैं और फूलों की पुष्पासिता कहावै है और गुड़ के रस की जो होय उस को मत्स्यंडी कहै हैं काबिज है बल करै है भारी है पित्त को वायु को खोता है और सितोपला सर है भारी है वायु को पित्त को हरै है ठंढी है ॥ निच्चात्त नाम ॥ खंड सब रुचि करै है पुष्ट है बल कर्त्ता है ॥ खंडि नामानि ॥ माधवी ॥ शर्करा ॥ गु० ॥ खुश्क है कफ को हरै है भारी है ॥ मधुशर्करा नाम ॥ यवासा शर्करा ॥ गु० ॥ ठंढी है कफ पित्त को जीते है पुष्पसिता दिल को कुव्वत दे है रक्तपित्त को हरै है भारी है ॥ पुष्पवासित शर्करा नाम ॥ राब भारी है अभिष्यन्दी है दोषल है मूत्र को शोधे है ॥ राब नाम ॥ मधूक ॥ फाणित ॥ गुण ॥ राब मूत्राशय को और गुण करै है वायु पित्त को पैदा करै

है और मधूकरी ह्रिदय को गुण करै है गुड़ी खारी है गुड़ मीठा बायु को पित्त को अग्नि को करै है सर है बल करै है कृमि को कफ को करता है मूत्र को लोहू को शुद्ध करता है पुराना गुड़ पुष्ट है हलका है पथ्य है अग्नि को करै है पुष्टाई करता है ॥ इति गुड़ वर्ग: ॥ ईख की जितनी बस्तु हैं तिनमें जितनी निर्म्मल हैं उतनी हीं गुण दायक हैं प्यास को दाह को मूर्छा को पित्त को लोहू को बिष को मोह को हरै हैं ठंढी है भारी है। मीठी है कुव्वती है चिकनी है बायु को हरै है सर है ॥ इति इक्षु वर्ग: ॥ खुवा पाठान्तरम् ॥ शर्करा मां नाड़ी । अथ मत्स्यण्डिका । शर्करा । सुरभि सिता । अहिछत्रा । सिकता । सुधा शुभ्रा । सितो पला ॥ गुण ॥ मीठी है दिल को कुव्वत करती है बहुत भारी नहीं है बहुत हलकी भी नहीं है बायु को पित्त को हरती है ठंढी है तर है शर्करा ठंढी है पचने में मीठी है सर है दाह को प्यास को छर्द मूर्छा कृमि हरती है बायु को कफ को पैदा करती है पुष्ट है तृषा को अतीसार को जीतै है नेत्रों को गुण करती है राब भारी है अभिष्यन्दी है पुष्ट है कफ को वीर्य को पैदा करती है बल करती है भारी है तर है बायु को दूर करती है मूत्र को शोधै है पित्त को बहुत नहीं करती है चरबी को और कफ को कृमि को करै है भारी है गुड़ पित्त को दूर करता है मीठा है बायु को हरता है लोहू को दूर करै है और पुराना गुड़ बहुत गुण दाई है पथ्य है खारी है मीठा है बुद्धि बढ़ावे है सोजाक को दूर करता है लोहू पित्त को शु=

डु करता है बायु को हरता है कफ चरबी को हरता है पुष्ट है बल करता है उदावर्त्त को हरे है मत्स्यण्डी शर्करा षण्ड बिधली ठंढी है तर है बहुत भारी है उत्तरोत्तर रक्तपित्त को दूर करता है प्यास को भ्रम को नाश करता है जितना जितना मिठास जिसमें अधिक होय तितनी तितनी चिकनी और भारी होती है ॥ शर्करा गुड़ षण्ड का कस गुण नाम कत्थ्यते शर्करख्या मधु भवा । माधवी । मधु शर्करा । नालीकशर्करा । पौत्थका । मदनोद्भवा ॥ अलग २ गुण कहे हैं ॥ मधु शर्करा । छर्द अतीसार को दूर करती है शर्करा मीठी है दिल को कुव्वत करती है कसैली है तेज है कफ को दूर करती है दाह सब तरह की हरती है छर्द को मूर्छा को प्यास को हरती है खुश्क है मीठी है राब बायु पित्त को करती है कफ हरती है पचने में भी मीठी है कसैली है और मूत्राशय को अ गुण करती है ॥ अथ मधुभेद ॥ गोट फूलों के रस को भी शह ताहिक कहते हैं तिस के इतने भेद हैं माक्षिक । पैत्तिक । क्षौद्र भ्रमर । माक्षिक तेल की तरह का होय है और पैत्तिक घी की तरह का और क्षौद्र भूरे रंग का भ्रामर फयक की तरह का होय है ॥ गुण ॥ शहत ठंढा है हलका है रूखा है काबिज़ है लेखन है नेत्रों को गुण करे है दीपन है फोड़े को साफ़ करता है भर लावे है रंग को अच्छा करता है बुद्धि को बढ़ावे है पुष्ट है रोचन है कुष्ट को बवासीर को खांसी को पित्त को लोहू कफ प्र=

मेह हीम मद प्यास छर्दि हुचकी अतीसार दिलकी पकड़ को दाह को क्षय को दूर करती है वातल है ॥ मधु के अलग अलग नाम गुण ॥ मधुनेत्रों के रोग को हरता है पैत्तिक हलका है खुश्क है गर्म है पित्त दाह लोहू वायु को पैदा करे है क्षौद्र माक्षिककी तुल्य है विशेष करके प्रमेह को दूर करै भ्रामर रक्तपित्त को दूर करता है मूत्र को थोड़ा करता है भारी है नया सहत अभिष्यन्दी है तर है कफ को हरे है पुराना काबिज है खुश्क है चरबी को दूर करता है लेखन है और बिष युक्त फूलों के रस का जो सहत सो बिष की समान है अग्नि से पकाया जो रस है सहत सो यो नरा को हरता है गरमी के समय में और गर्म देश में गर्म औषधों से मिलावे छर्दि में गर्म करके न देना चाहिये ॥ मधु के गुण ॥ मदन। मधुजष्टिकथ मधु। लष्ठ मधु। छितमदन मीठा है तरह भूतको दूर करता है फोड़े को भर लावे है टूट को जोड़े है वायु को। कुष्ठ। बिसर्प। लोहू को दूर करता है ॥ इति श्री मदन पाल बिरचिते मदन बिनोदे निघंटे मधुवर्गः नवमः ॥ ९ ॥

अथ शाली नाम ॥ शाली रक्तशाली। ब्रीहिय। षष्ठिक। और मूंग को आदि लेके दुदाले और रैव कंष को आदि ले तृण धान्यक और क्षुद्र धान्यक और सुधान्यक और छुक धान्य जव को आदि लेके हैं रक्तशाली। लोहितशाली। गरुड़शाक।

नालीक सुगन्धक महा शाली कलम । कला मस्तरक्त शाली । दीर्घ शूका । पुंड महिष मस्तक । पूर्णाचन्द्र । महा शाली । पुण्डरीक । प्रमोटक । पुष्पाटक । शीतभीरु । शकुन्हता । पाण्डु गौर । सारिवाख्या । रोध्रपुष्प । सुगन्धिक । हायन । दीर्घ नाल । महा दूषक । दूष ॥ शाली गुण ॥ शाली मीठे हैं तर हैं बल करे हैं विष्टा थोरी करे हैं पित्त को दूर करते हैं थोरी कब्ज करते हैं कफ पैदा करे हैं मूत्र पैदा करे हैं हलके हैं ठंढे हैं ॥ और रक्त शाली तिनमें श्रेष्ठ है बल करे हैं रंग अच्छा करे है त्रिदोष को जीते है आंखों को गुण करे है मूत्र बहुत लावे हैं वीर्य बढ़ावे है प्यास को ज्वर को खोवे है विष को फोड़े को खोवे है और महा शाली बहुत बलदाई है रक्त शाली की तुल्य है और षष्टक हैं मीठे ठंढे हैं हलके हैं पुरीष को बन्द करे है बायु पित्त को खोवे हैं और गुण शाली कैसे हैं और षष्टिक कांगुक पान प्रमोटक मुकुन्दक महा षष्टिक केदार पुष्पाकरवक इन को आदि दके इन सब में षष्टिक श्रेष्ठ है और ये सब तलके हैं चिकने हैं त्रिदोष को जीते हैं पचनेमें मीठे हैं काबिज़ हैं बल करे हैं रक्त शाली की तुल्य गुण हैं और कृष्ण ब्रीही तरिक कुकुयण्डक पाटल शाला मुख शाली धान्य नन्दी जन्तुमुख ब्रीहय मीठे हैं ठंढे हैं षष्टिका की समान गुण हैं और इनमें कृष्ण ब्रीहि श्रेष्ठ है और जली भूमि में जो चावल

पैदा होंय सो हलका है खुश्क हैं कफ को दूर करता है और स्थल में जो उपजे सो मीठा है पित्त कफ को खोवे वायु अग्नि को बढ़ावे केदार वायु पित्त को खोवे भारी है कफ को वीर्य को बढ़ावे है रोप्य और अति रोप्य हलके हैं मूत्र लावे हैं और छिन्न रूढ़ ठंढे हैं खुश्क हैं पित्त को खोवे हलके हैं ॥ इति शाली भेद ॥ अथ गेहूं नाम ॥ गोधूम । सुमना तद् । मधूली । पिपीतक । नन्दीमुख । स्वल्प गोधूम । लोक प्रा । वीस्यक ॥ गुण ॥ मीठा है ठंढा है वायु पित्त को खोवे भारी है कफ वीर्य को पैदा करता है बलकारी है चिकना है टूटे को जोड़े है और मोटे से छोटे में थोड़े गुण हैं ॥ जौ के नाम ॥ यव । शुची । तीक्ष्णशूक । निश्शूक । अतियवः ॥ गुण ॥ यव कसैला है मीठा है ठंढा है पित्त कफ लोहू को जीते है और फोड़ों में पथ्य है तिलों की तरह रूखा है बुद्धि को अग्नि को बढ़ावे है लेखन है विष्ठा को बन्ध करे चरबी प्यास को दूर करता है बहुत वायु मल पैदा करे है रंग को अच्छा करे है चेपदार है अतियव में इस से थोड़े गुण हैं ॥ इति यव० ॥ अथ सैब नाम ॥ सैंब । मूंग । चणा । उर्दसा । तीन मटर । मसूर । चक्र मांगल्य । मोठ । त्रिपुट आदि ले के दो दाल वाले जो अन्न हैं मीठे हैं रूखे हैं कसैले हैं पचने में कड़वे है बातल हैं कफ पित्त को दूर करते हैं

मल मूत्र को बन्ध करते हैं मूंग और मसूर बिना सारे अफरा करते हैं सब बिष्टंभी हे प्रमेह दृष्टि को दूखर हे वायु पित्त को पैदा करे हे निर्म्मल हे भारी हे दिल को कुब्बत करे खुश्क हे पचने में कडुवी हे काली सुफेद कई भात की दो हे ॥ अथ मूंग नाम ॥ मूंग। वलाट। मांगल्य। हरी सारव हे पीली श्वेत वसुक। और माधव वन मुद्ग। तूंबर। मह। और पाराडक ॥ गुण ॥ मूंग खुश्क हे हलकी हे काबिज हे कफ पित्त को हरे हे ठंढी हे मीठी हे थोरी बायु पैदा करे हे नेत्रो कों गुण करे वन मूंग भी इसी की तुल्य हे। हरी मूंग श्रेष्ठ हे और इस का साग तेज हे उत्तम हे ॥ अथ उर्द नाम ॥ माष। बीर्यकर। धारी चंचल। राजमाषक ॥ गुण ॥ उर्द भारी हे मीठा हे पचने में चिकना हे पुष्ट हे वायु को दूर करता हे गरम हे बल वीर्य को पैदा करे हे कुब्बत करे हे मल मूत्र को जुदा करे हे स्त्रियों के स्तन में दूध को बढ़ावे हे चरबी पित्त कफ को पैदा करे हे बवासीर लकवे को शूल को इतने रोगों को खोवे हे ॥ अथ राज उड़द ॥ राज उड़द मीठा हे खुश्क हे कसैला हे हलका हे काबिज़ हे बादी हे स्तनों में दुग्ध बढ़ावे हे बिष्टा को बहुत पैदा करे हे रुचि पैदा करता हे ॥ मोठ नाम ॥ मकुष्टक। मकुष्ठ। निष्याववल्लक ॥ गुण ॥ बादी हे खुश्क हे कफ पित्त को हरता हे हलका हे छर्द को दूर करे हे पचने में मीठा हे कृमि पैदा करे ज्वर हरे ॥ निष्याव गुण ॥ निष्याव

बायु को पित्त को लोहू को दूर करे स्तन में दुग्ध बढ़ावे बिदाही है गर्म है भारी है सूजन को कफ को उत्पन्न करे बीर्य का नाश करता है ॥ अथ मटर नाम ॥ वर्तुल । सतीन । रेण स्वल्प । वर्तुल ॥ गुण ठंढी है काबिज़ है कफ को पित्त को हरे है हलकी है पचने में मीठी है खुश्क है हरेणा भी उसी की समान है ॥ कस्ला वन षोड़ ॥ कलाय । षरिडक त्रिपुट । क्षुद्रषरिडक ॥ गुण ॥ कलाय कफ पित्त को हरता है काबिज़ है ठंढा है बहुत बादी है त्रिपुट में भी ऐसे ही गुण हैं और उसका साग कफ पित्त हरे है॥ अथ चणा नाम ॥ चणक । हरि मन्थ । बजि मन्थ । अश्वजीवन ॥ गुण ॥ ठंढा है खुश्क है पित्त लोहू कफ को हरे है हलका है कसैला बादी है पुंसत्व को दूर करता है ॥ अथ मसूर नाम ॥ मसूरिका । मसूर । मङ्गला पाराडरा ॥ गुण ॥ मीठी है पचने में काबिज ठंढी है हलकी है कफ पित्त को जीते है रंग को अच्छा करे है साग हलका है तेज है ॥ अथ कुलत्थ नाम ॥ कुलत्थ । वजिक । लाली बनज ॥ चक्र ॥ गुण ॥ कुलथी कड़ुवी है पचने के समय कफ पित्त लोहू को करे हलकी है बिदाही है गरम है दमे को खाँसी को कफ को वायु को खोवे है अफरे को पथरी को खोवे पीनस को दूर करे पसीने को बन्द करे है गोला चरबी कृमि को खोवे है बन कुलथी ठंढी है नेत्र रोग को हरे है ॥ अथ तिल नाम ॥ तिल । पूर्त । तैल फल । तिलपिं

ड। जन्नी लोचन। जात। आढकी। तुबर॥ गुण॥ काबिज़ है भारी है मीठा है चिकना है कफ पित्त को पेदा करे है बल करे है बालों को बढ़ावे है स्पर्श में ठंढा है फोड़े को अच्छा है मूत्र को घटावे है बायु को हरता है अग्नि को बढ़ावे है तिन में काले तिल श्रेष्ठ हैं बीर्य को बढ़ावे है और सुपेद मध्यम हैं और तरह के हीन हैं और तुबरी काबिज है ठंढी है हलकी है कफ बिष लोहू को जीते॥ अलसी नाम॥ अतसी। मसृणा। नील पुष्पी। पेलुउमा। क्षुमा॥ गुण॥ बीर्य को दृष्टि को हरती है चिकनी है गर्म्म है बायु को दूर करती है भारी है॥ अथ कुसुम नाम॥ कुसुम्भ। पावक। पीत अवत्त। बस्त्र रंजन। और उसके बीज किरट। लट्टा। कुट्टा पद्य वर॥ गुण॥ बादी है सोजाक को रक्त पित्त को कफ को हरता है और किरट अलसी के समान है बिशेष करके बिष को हरे॥ अथ सरसों राई नाम॥ कुसुम्भ के बीज। सर्षप। स्नेह। भूलघु। तुन्तुभ। सिद्धार्थ। श्वेत सर्षप। राजिका। आसुरी। राजी। तीक्ष्णा। कृष्णा सर्षप॥ गुण॥ सरसों कफ को बायु को खोवे है तेज है गरम है रक्त पित्त को करती है कुछ रूखी है अग्नि को बढ़ावे है खुजली कुष्ट को कृमि को दूर करे राजिका इसही की समान है बिशेष करके तेज है॥ इति सरसों राई॥ अथ भांगा नाम॥ भांगा। मातुलानी। उन्मुज। महाफला। मातुला बीज॥ गुण॥ ठंढी है भारी है काबिज

है उस के फूल पैरे को हरते हैं॥ अथ बारह कंगुभेद॥ किंगुराया। माकनी। बार। बरक। उद्दाल। नर्त्तक। करहिका। नोदूपर्णी। कोद्रव। मधूलिका। नन्दी मुखी। बिशुर्यवा। प्रियंगू। कोर दूषिक। गवेधुका। नल। नाला। कुमुद बरदा॥ त्वरा धान्य॥ गुण॥ हलका है पचनेमें मीठा है लेखन है खुश्क है गरम है बात पित्त को बिगाड़े है पीत तन्दुलिका। कंगु प्रियंगु। कुब्वेरी। सित कंगु। मुसटी। रक्त कंगु। श्लेधिका। चीनाक। काक कंगु। श्यामक। त्वरा बीजक॥ इति॥ सावक नाम॥ कोदों। कोद्रव। कोर दूषक। उद्दाल। बन कोद्रव। प्रियंगु॥ गुण। पित्त को जीते है पुष्ट है टूटा जोड़े भारी है इति कोदों॥ श्यामाक गुण॥ श्यामाक शोषण है ठंढा खुश्क है पित्त को कफ को दूर करता है कोद्रव ठंढा है काबिज है बिष पित्त कफ को जीते है यवनाल। दव धान्य। जुहुलि। जनक। नल॥ गुण॥ यवनाल मीठा ठंढा है बात पित्त कफ को जीते है जोड़नी। बजरी। इजेरी। बात पित्त प्रकोपनी गवेधुका। कर्षिणी। गो जिह्वा। कर्षिका। गवेधुका॥ गु॰॥ कड़वी है मीठी है दुबला कर। गिरड़िया। इति श्री मदन पाल बिरचिते मदन बिनोद निघण्टे धान्य वर्गः दशमः॥१०॥

आहार नाम॥ आहार। भोजन। दाग्धिनघ। संबेमन॥ गुण॥ आहार बल को करै है सिताब। और ओज को स्वर को उत्साह को बुद्धि को स्मृति को पैदा करता है भक्त भात मंड स्तुति रसान्न कूर दादि बिराद

न॥ गुण॥ भात अग्नि को करता है पथ्य है तर्पण है मूत्र बहुत लावे है हलका है धोया हुवा गरम है विशद है गुणदाई है बिना धोया ठंढा है भारी है पुष्ट है कफ पैदा करै है भूने चावलों का भात रुचि को करै है सुगन्ध है कफ को जीते है हलका है मांस मिला भात और दाल मिला हुवा चिकने साकों का मिला पुष्ट है भारी है कफ को करै है और रस में मिला हुआ पुष्ट है बल करै है वायु के ज्वर को दूर करै घोल भात काबिज है संग्रहणी बवासीर भ्रम को दूर करता है पाचन है ठंढा है ॥ इति भात ॥ ६ गुण पानी में जो औटाया होय उस को यवागू कहते हैं और चार गुणे पानी में औटावे उस को बिलेपी कहे हैं और सिक्थ में मिले हुए चौदह गुणे में मिले हुए को मण्ड कहे हैं। पयादि लक्षण ॥ यवागू॥ कागू काबिज है प्यास को ज्वर को दूर करता है बस्ति को शुद्ध करता है और बिलेपी दीपन है बल करै है हृद्य है काबिज है हलकी है फोड़े को आंख के रोग को पथ्य है प्यास को ज्वर को दूर करता है अथ पेया गुण ॥ पेया कोप को रोग को जीभ चलाने को ज्वर को प्यास को खोवै है अतीसार को जीते है रुचि को बढावै है अग्नि को करता है हलका दोष को मल को मुलायम करै ॥ अथ मंड गुण ॥ मण्ड काबिज़ है हलका है ठंढा है दीपन है बुद्धि को सम करता है पित्त को कफ को ज्वर को भ्रम को दूर करता है ॥ अथ बाद्यमंड लाजा मण्ड गुण ॥ भूने जवों को औटावे सो बाद्यमं

ड कहावे है और धान की खीलें ओदावेसो लाजा मराड कहावे है वाद्य मराड हलका है काबिज़ है मल अफरे को त्रिदोष को जीते है और पटोल पीपले इसमें मिलाय के खावे तो नये ज्वरमें पथ्य है लाजा मराड हलका है काबिज है हृद्य पावन दाघ्न है ॥ अष्टगुणमराड ॥ आधा मूंग चावल मिलावे और कुछ एक पकावे और हींग सेंधा नोन मिलावे और त्रिकुटा मिलावे उसको अष्ट गुण मराड कहते हैं ज्वर त्रिदोष को हरता है लोहू को भूंख को बढ़ावे है प्राण को देवे है वन्हि को शोधे है ॥ अथ मूहयूष ॥ दो दल अन्न का यूष बनावे १८ गुणे पानी में तिन में मूंग का यूष उत्तम है दीपन है ठंढा है हलका है फोड़े को कृमि को दाह को कफ को पित्त को ज्वर को लोहू को हरे ॥ अथ दाड़िमामलकयूष ॥ मूंग और आम का यूष पित्त को कफ को जीते है भेदन है प्यास को दाह को हरै ठंढा है मूर्छा को भ्रम को हरै है ॥ अथ दाड़िमामलकयूष ॥ अनार दाना आमले का यूष पित्त बायु को हरता है हलका है ॥ अथ कुलथी यूष ॥ कुलथी का यूष गोले को बवासीर को कफ को वायु को पथरी को तूनी प्रतूनी चरबी को प्रमेह को हरे अग्नि को करै है ॥ शुण्ठीमलकयूष ॥ सोंठ की जड़ का यूष गले के पकड़ने को कफ को ज्वर को दमें को जुखाम को खांसी को चरबी को अरुचि को कृमि को हरै है ॥ अथ चणकयूष ॥ चणे का यूष ठंढा है कसैला है रक्तपित्त को जुखाम के खांसी को पित्त को हरता है ॥ अथ मकूयूष ॥ मोठ का यूष काबिज़ है कफ को पि

त्न को ज्वर को खोवे है हल्का है तृप्त करता है पथ्य है हृद्य है पीनस खांसी को दूर करता है॥ कृत अकृतयूष॥ यूषमें लवण और घीव और कड़वी वस्तु मिलें उस को कृत यूष कहै हैं जो बिना इन के पकावे सो अकृतयूष कहावे है और यूष नाम उस्का है जो वस्तु को पतला औटावे॥ अथ सर्व्वयूष॥ यूषमें गोर धनियां आमले आदि मिलें होंय तो पहिलेसदू सरा भारी है और सर और वातघ्न और रुचिकारी है॥ अथ दाल गुण॥ सैंब आदि दुदले अन्नों को दल के सूपसे फटक के तुस दूर किये होंय तिस्को दाल कहते हैं काबिज़ है खुश्क है और बिना छिलकों की दाल भुनी हुई उससे हलकी है॥ अथ खिचड़ी॥ उर्द और तिल और चावल मिलाय के करें तो उस्को खिचड़ी कहते हैं और खिचड़ी को कृशरा कहते हैं यह खिचड़ी काबिज है वीर्य को करे है बलकरे है भारी पित्त को कफ को पैदा करती है पुष्ट है मल को उपजावे है वायु को जीते है [illegible] खीरनाम गुण॥ क्षीरेई। परमान्न। पायस। क्षीर तन्दुल॥ क्षीर बल करती है धातु पुष्ट करती है भारी काबिज है रक्तपित्त को दूर करती है अग्नि को वायु को दूर करे है॥ अथ खांडव गुण॥ गुड़ आदिक मे आम के फल मिलावे और चिकनाई और सोंठ मिलावे उस को खांडव कहते हैं खांड सोंठ खटाई फालसे की और नीबू का रस मिलावे मीठा और खट्टा रस मिलावे उस को खां

उव कहते हैं दीपन है पुष्ट है रुचि करता है तेज है हृद्य है और श्रम को दूर करता है   अथ खंडाम्रषंडामल ॥ आमल । आम आदिलेके पुष्ट हैं बल करते हैं तर्पण हैं रोचन हैं चिकने हैं मीठे हैं भारी हैं बहुत गुण दाई हैं   अथ सिखरन नाम गुण ॥ खांड़ दही, सहत, घीव, मिरच, इलायची, मिलाय के मथी होय और कपूर से खुशबो करी होय उस को रसाला सिखरण मार्जिवा मर्जिता कहते हैं वीर्य को बल को बढ़ावे है वायु पित्त को जीते है चिकनी है भारी है भोजन की रुचि उपजावे जुखाम को खोवे है ॥ अथ पन्ना नाम गुण ॥ दाख इलायची फालसा इनका शर्बत खांड़ में मिलावे और मिरच अदरक कपूर चतुर्जातक मिलावे सो शर्बत दो तरह का खट्टा और बिन खट्टा दाख छुहारा और मधुक फालसा के रस यह पंच सार पान कहावें हैं चन्दन का चूरा खुशबोई के वास्ते मिलावे इसके पीवने से मूत्र बहुत आवे है दिल को कुव्वत करे प्यास को मांदगी को दूर करे है जेसी वस्तु होय वैसे ही गुण हैं पञ्चसार पित्त को खांसी को दाह को श्रम को खोवे और माध्वी दाह लोहू प्यास पित्त को दूर करता है फालसों आदि का शर्बत हृद्य है विष्टम्भी है नपुंसक को इमली का शर्बत प्यास को कृमि को दाह को श्रम को जीते है ॥ अथ साहक नाम गुण ॥ बिना घीव दही को मथे और षांड मिलावे और त्रिकुटा अनार दाना मिलावे उस्को

सतक कहते हैं रुचि उपजावै है पित्त बायु को खोवे है भारी है दीपन है तर्पण है बल करै श्रम को जीभ चलाने को प्यास को हरै है ॥ अथ पूड़ा गुण ॥ टीकरें के ऊपर भुने अङ्गारों पर पकावे उसको मंडूक कहे हैं भारी है पुष्ट है बहुत फैले पतले होय सो मंडक कहावे हैं सो कुछ मोटे हों पूपलिका कहावे हैं और अङ्गारों में सेके सो अंगारा कर्करी कहावे हैं मण्डूक बहुत गर्म हैं पथ्य हैं रूखे हैं भारी हैं और अंगार मण्डक काबिज हैं हलके हैं त्रिदोष को हरे हैं पोलिका कफ करे हैं पित्तल है बल करे हैं बायु को दूर करे है भारी है अंगारकर्करी बल करे है पुष्ट है बीर्य को पैदा करे हलकी है दीपनी है हृद्रोग को पीनस को दमैं को बायु को जीते है ॥ अथ मिष्टान्न भोजन गुण ॥ पीसे चावलों के जो भोजन बने हैं सो बहुत बल नहीं करे हैं बिदाही हैं पर नहीं भारी हैं गर्म हैं कफपित्त को करे हैं ॥ इति शाली भक्ष गुण ॥ गेहूं के आटे का भोजन बल करता है पित्त को बायु को हरे है दले अन्नों के भोजन बादी है कसैले रूखे हैं ॥ इति गोधूम भक्ष ॥ अथ माष भक्ष ॥ उड़द के भोजन बल कारी हैं पित्त को कफ को पैदा करे है ॥ अथ गुड़युक्त पक्व ॥ गुड़ के भोजन भारी हैं भात बायु को हरे है गरम पित्त बायु को हरे है ॥ तैल पक्व भोजन ॥ तेल में पकाए हुये बायु को हरें ॥ अथ दुग्ध पक्व भोजन ॥ गेहूं का और चावलों का आटा दुग्ध में सान के बनावे तो बायु को

पित्त को हरे है हृद्य है बीर्य को बल को पैदा करता=
है॥ अथ घिवर भक्षगुण॥ दूध में आटा गेहूं का
मथ और फैलाय के घीव में पकावे और खांड मि=
लावे इसको घृतपूर कहै हैं कपूर और मिरच मिला
वे और खोपरा खांड ऊपर डाले घृत पूरक कहावे
है सो भारी है पुष्ट है प्राण को देवे है बल करे जखम
हरे पुष्ट है॥ अथ गूंझा सन्धान॥ मैदा को घी में भू
नै और मिरच इलायची लौंग कपूर का चूरा मिला
वे खांड मिलावे फिर और मैदा औसन के उस की पि
कियों में भर के घीव में तले फिर उसको खांड की चा
सनी में उनको सन्धा कहै हैं मैदा को सहत में उस
न के घृत में पकावे और नये घड़े में धरे फिर मिरच
और इलायची समेत चूरा मिलावे कपूर मिलावे=
तो अमृत की तुल्य है॥ अथ खाजा भक्षगुण॥
मैदा को घीव और पानी में औसन के पकावे औ
र खांड की चासनी में पकावे और पानी में मैदा को
पतली घोले और बिजौरे के छिलके अद्रक भरे औ
र पूये की तरह पकावे घीव में खांड में पागे॥ अथ
पूपक॥ मैदा को गुड़ के पानी में मिलाय के घोले=
और घीव में फैलाय के पकावे॥ अथ दधि पूपक
चांवल के आटे को दही में उसन के घीव में पकावे
खांड की चासनी में लपेटे॥ अथ विष्यन्दन॥ स
न्धाव। मधुशीर्ष। पूपक मधूपूपक॥ भारी है और
पुष्ट है हृद्य है पित्त को बायु को हरे है दही और दूध

पकाय के अर्द्ध भाग रक्खे फिर लाल चाँवल और तिल मिलावै फिर पियाल पनस के बीज मिलाय के पकावै दूध घीव खांड़ मिलावै इस का नाम बिष्यन्दन है देवतों को दुर्ल्लभ है पुष्ट है पित्त बायु को हरै भारी है ॥ अथ लपसी ॥ मैदा को तत्ते घृत में भूनें और खांड़ डाले और पानी और मेवा उस में मिलावै इस को लपसी कहते हैं पुष्ट है बल करै है बायु पित्त को दूर करता है ॥ भारी है ॥ अथ लड्डू भक्ष गुण ॥ फेनिका । पुटकी । घुम्भा ॥ बीर्य को पित्त को हरै है मोदक और लड्डू अनेक तरह के हैं और दही दूध नष्ट दुग्ध मैदा और उड़द की पीठी के खाने और जिमीकन्द अदरक और पेठा शालक और मांस मच्छी इन को आदि लेके बहुत बिधि से खाने सूप शास्त्र में से जानि लीजिये मोदक पुष्ट है बल करै है पित्त बायु को हरती है ॥ अथ खोल बड़ा ॥ उड़द मूंग की पीठी को बड़ी और जैसा जिस अन्न का गुण हो वैसाही उसकी बड़ी बड़े का गुण है उड़द के हृद्य हैं पुष्ट बायु हरता भारी काबिज़ है और घोल बड़े बिदाही हैं बायु को हरै हैं ॥ अथ कांजी बड़ा ॥ कांजी के बड़े दिष्ट को दूर करै दोषल हैं भारी हैं ॥ तुषा बुबुटक ॥ तुष के पानी के बड़े रुचि करते हैं पित्तल हैं कफ बायु को जीते हैं ॥ अथ इडरी ॥ खारी बीर्य को बढ़ावै है खुष्क काबिज है ॥ अथ सुहाली ॥ सुहाली भारी हैं पुष्ट है रुचि उपजावै है दोषों को हरै है ॥ अथ जले

